


# आज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वां वर्ष




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

लालबहादुर शास्त्रीको जयंती पर नमन


वाराणसी, शुक्रवार २ अक्तूबर, २०२६ सौर १६, आश्विन कृष्ण ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


# २०१७ से पहले प्रदेशमें चलती थी माफियाओंकी समानांतर सरकार-योगी

## मुख्यमंत्रीने ८७ इंटरसेप्टर वाहनको किया रवाना, बहादुर पुलिसकर्मियोंका किया सम्मान

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकार की कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश के हर जिले में दुर्दांत माफिया का बोलबाला था। समानांतर सरकारें चलती थीं। माफिया के सामने नाक रगड़ी जाती थी, घुटने टेके जाते थे और पुलिस मजबूर थी। राजनीतिक नेतृत्व की रीढ़ ही टेढ़ी हो तो वह कानून-व्यवस्था को सीधा कैसे कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 87 इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाई, वीर पुलिसकर्मियों को



पदक प्रदान किए और पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह की पुस्तक 'संघर्ष' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद सरकार ने पुलिस सुधारों को आगे बढ़ाया। प्रकाश सिंह ने जिस पुलिस रिफॉर्म की वकालत की थी, उसे उत्तर प्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू किया। प्रदेश में अब सात पुलिस कमिश्नरेट काम कर रहे हैं। आज यूपी पुलिस के सामने विचार, वीरता और तकनीक, तीनों का समन्वय दिखाई दे रहा है। 'संघर्ष' के माध्यम से पुलिस सेवा के अनुभव और चुनौतियां सामने आई हैं तो जांबाजों की वीरता का सम्मान हुआ है और सड़क सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन पुलिस बल को समर्पित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंद कमरे में बैठकर किसी के प्रति कोई भी टिप्पणी करना आसान है। कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो और उसे अपने पद का कितना भी गुरूर हो, सुरक्षा हटा दी जाए तो अराजकता के माहौल में उसे भीगी बिल्ली बनने में देर नहीं लगेगी। स्वस्थ चिंतन तभी संभव है, जब समाज में सुरक्षा का वातावरण हो। सुरक्षित माहौल में ही समृद्धि की परिकल्पना (शेष पृष्ठ ९ पर)

# ईसीके खिलाफ आज से देशभरमें विरोध-प्रदर्शन

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने 2 से 8 अक्टूबर 2026 तक देशभर में सेव डेमोक्रेसी वीक यानी लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाने का ऐलान किया है. ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) और डीसीसी/सीसीसी अध्यक्षों को इस राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए निर्देश जारी किए हैं. जानकारी के मुताबिक, इस अभियान के तहत जिला स्तर पर %वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च निकाला जाएगा.यह कार्यक्रम इंडिया ब्लॉक की बैठक के फैसलों के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका मकसद निर्वाचन आयोग के खिलाफ गठबंधन के आंदोलन को आगे बढ़ाना है. कांग्रेस ने पत्र के जरिए सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने, उन पर मुकदमा चलाने और उन्हें अरेस्ट करने की अपनी मांग दोहराई है.



### कांग्रेसने शुरू किया लोकतंत्र बचाओ अभियान

हालांकि इसे ढ्डह्रष्ठ्ठ ब्लॉक की संयुक्त पहल बताया गया है, लेकिन कांग्रेस इकाइयों को विरोध प्रदर्शनों को आयोजित करने और उन्हें अंजाम देने में नेतृत्व करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही अलग-अलग राज्यों और ज़िलों में राजनीतिक स्थितियों के अनुसार गठबंधन सहयोगियों के साथ समन्वय करने को कहा गया है। कार्यक्रम के पहले दिन इंडिया ब्लॉक की पार्टियों की संयुक्त जिला स्तरीय बैठकें और संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस होंगी, वरिष्ठ राज्य नेताओं को भाग लेने का निर्देश दिया (शेष पृष्ठ ९ पर)

# राहुलने मृत बच्चोंके परिजनोंसे की मुलाकात, भाजपा सरकारपर लगाया लापरवाहीका आरोप

## कांग्रेस नेताने बैगा आदिवासियोंसे की मुलाकात, ३० बच्चोंकी बीमारीसे मौतपर जताया दुःख

बालाघाट (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में सियासत गर्म है। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बालाघाट के बिरसा ब्लॉक के जगला गांव पहुंचे और वहां बैगा आदिवासियों से मुलाकात की। यहां वे एक घंटे रुके। इस दौरान वे उन बच्चों के परिवारों से भी मिले, जिनकी बीमारी के चलते मौत हुई थी। राहुल से मिलने के लिए आसपास के गांवों के डेढ़ हजार लोग पहुंचे थे। परिवार से मिलने के बाद राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उन्होंने कहा कि बहुत सारे बच्चों की मौत हुई है। कुपोषण और बीमारी के कारण मौत हुई है। इसका समय पर इलाज न मिलना सरकार का फेलियर है। सरकार ने कोई सपोर्ट नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि आधे से ज्यादा लोगों को मुआवजा तक नहीं दिया गया। (शेष पृष्ठ ९ पर)



# शिक्षामित्रों की स्पेशल टीईटी २०२६ में शामिल करने की मांग वाली याचिका खारिज

प्रयागराज (आससे.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट से शिक्षामित्रों को राहत नहीं मिली। शिक्षामित्रों को स्पेशल टीईटी 2026 में शामिल करने की मांग को लेकर दाखिला याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान की एकल पीठ ने सुनाया है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्जश्वञ्ज) में आवेदन का अवसर दिए जाने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले में आदेश सुरक्षित (शेष पृष्ठ ९ पर)

# यूपीएससीमें समयबद्ध परीक्षा जरूरी, जनसेवाको प्राथमिकता दें युवा-मोदी

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की कार्यसंस्कृति जनहित, सक्रियता और सुशासन पर आधारित है। उन्होंने संघ लोक सेवा



आयोग (यूपीएससी) की शताब्दी समारोह में कहा कि देश तेजी से सुधारों की राह पर आगे बढ़ रहा है और परीक्षा कराने वाली संस्थाओं को भी समय की जरूरत के अनुरूप सुधार करना चाहिए।भारत मंडपम में आयोजित समारोह में मोदी ने कहा कि परीक्षा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य से जुड़ी प्रक्रिया है। कुछ महीने की देरी भी युवाओं के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है, इसलिए परीक्षा प्रणाली में समय की निश्चितता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा में ऐसे युवाओं को आना चाहिए, जिनकी

### यूपीएससीके सौ वर्ष पूरे होनेपर किया संबोधित

रुचि पद में नहीं, बल्कि जनसेवा में हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 का भारत आज से काफी अलग होगा। अगले 20-25 वर्ष देश और उसकी संस्थाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोग विकसित भारत के निर्माण के लिए सक्षम प्रशासन तैयार करने में अहम (शेष पृष्ठ ९ पर)

# व्यावसायिक गैस सिलिंडर ७१ रुपये हुआ महंगा

नयी दिल्ली (आससे.)। अक्टूबर की शुरुआत में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से जारी नई दर के अनुसार 19



किलो का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अब 3115 रुपये में मिलेगा। इसकी कीमत में 71 रुपये की वृद्धि की गई है। नई दर एक अक्टूबर 2026 से प्रभावी हो गई है।वहीं, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर 1040 रुपये में ही मिलेगा। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिली है।

# रायगढ़ : दिवेआगर बीच पर पिकनिक मनाने आये आठ छात्र डूबे

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के दिवेआगर बीच पर गुरुवार को पिकनिक मनाने आए 8 छात्रों की डूबने से मौत हो गई। सभी छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, छात्र पिकनिक के लिए पुणे से आए थे। ये सभी समंदर के पानी में उतरे, गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूब गए। पुलिस ने सभी 8 छात्रों के शव बरामद किए हैं। सभी 8 शवों को पानी से निकालने के बाद पास के अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे के आलंदी इलाके से 48 लोगों का एक ग्रुप दिवेआगर घूमने आए थे। पुलिस ने बताया कि 11वीं और 12वीं के छात्र विनर्स एकेडमी के थे। वे मुंबई से लगभग 170द्मद्व दूर रायगढ़ के दिवेआगर बीच आए थे। ग्रुप में 25 लड़के, 17 लड़कियां और 6 टीचर शामिल थे। उन्होंने कहा कि आठ छात्र समुद्र में चले गए और पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा न लगा पाने के कारण बह गए। सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया।

# कानूनकी नजरमें सब बराबर, पूर्व जिला जज को भी नहीं मिलेगी प्राथमिकता- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित पूर्व जिला जज की सेवा से कथित अवैध बर्खास्तगी से जुड़ी याचिका पर प्राथमिकता से सुनवाई का निर्देश देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं और केवल पूर्व न्यायिक अधिकारी होने के आधार पर किसी याचिकाकर्ता को अन्य (शेष पृष्ठ ९ पर)

# शाहजहांपुर : मंदिर परिसरमें दो साधुओंकी हत्यासे हड़कंप

लखनऊ (आससे.)। यूपी के शाहजहांपुर में जिले खुदा गंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह अचानक उस समय हड़कंप मच गया जब मंदिर परिसर में दो साधुओं की हत्या कर दी। उनका जला हुआ कंकाल मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी उस समय हुई जब मंदिर परिसर में बनी झोपड़ी से धुआं निकल रहा था।यह माजरा देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही एडिशनल एसपी सहित कई पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे।पुलिस मामले की छानबीन कर एक संदिग्ध शख्स को हिरासत में लेकर (शेष पृष्ठ ९ पर)






# परचून दुकानदारके खातेमें एक अरबसे अधिक का लेनदेनको लेकर ईडी की २० घंटे की जांच

बरेली (एजेंसी)। बरेली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के चिटौली गांव में परचून दुकानदार पोशाकीलाल मौर्य के घर पर करीब 20 घंटे तक जांच की। बृहस्पतिवार सुबह टीम वापस दिल्ली चली गई। टीम ने पोशाकीलाल को तो फिलहाल छोड़ दिया है, उनका मोबाइल फोन साथ ले गई है। उनके खाते में एक अरब से अधिक लेनदेन का इनपुट मिलने पर ये कार्रवाई करने की बात सामने आ रही है। ईडी की टीम बुधवार सुबह चिटौली गांव पहुंची थी। पोशाकीलाल मौर्य एक मामूली किसान हैं और घर में परचून की दुकान चलाते हैं। छापेमारी के दौरान पोशाकीलाल (शेष पृष्ठ ९ पर)

# यूपीमें पीडियाट्रिक ट्रॉमा इंटीग्रेशन से हर साल बचेंगी १८०० जानें

लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार ने बच्चों को गंभीर दुर्घटनाओं और चोटों के बाद समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पीडियाट्रिक ट्रॉमा केयर को मौजूदा इमरजेंसी स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ने का रोडमैप तैयार कर लिया है। इसका उद्देश्य प्रदेश के करीब 06 करोड़ बच्चों के लिए हाई-लेवल कम लागत वाली एकीकृत ट्रॉमा केयर व्यवस्था विकसित करना है। इसके तहत अस्पतालों, (शेष पृष्ठ ९ पर)

# ब्रह्मोससे भारतकी रक्षा ताकतको मिली नयी उड़ान

## ६०० मिलियन डॉलर पार होगा निर्यात

नयी दिल्ली (आससे.)। भारत की रक्षा ताकत अब सिर्फ अपनी जरूरतें पूरी करने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि दुनिया के कई देशों तक पहुंच रही है। इसी कड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल भारत की उभरती रक्षा निर्यात कहानी का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ब्रह्मोस का निर्यात 600 मिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला है। भारत ने दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों को इस रणनीतिक मिसाइल प्रणाली की बिक्री के लिए करार या समझौते किए हैं।रक्षा सचिव ने बताया कि फिलीपींस को करीब 330 मिलियन डॉलर की ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की जा चुकी है। इसके अलावा इंडोनेशिया और वियतनाम के लिए भी निर्यात की दिशा में समझौते या करार हुए हैं। उनके मुताबिक वियतनाम के लिए शुरुआती निर्यात करीब 100 मिलियन डॉलर और इंडोनेशिया के लिए करीब 200 मिलियन डॉलर (शेष पृष्ठ ९ पर)







Terms & Conditions Apply. *On MRP's of selected products only, excluding Edible Oil,Loose Staples, Fresh Milk, Baby Food, Patanjali Products, General Merchandise, Electronics, Apparel Footwear. Offer valid till stocks last. All offers are subject to change without notice. The Pctures/Photographs of the products are shown are the representation only. MRP of all products are inclusive of all taxes. Discount percentage rounded off to the nearest percentage of the offer price. All offers are valid till 7th Oct 2026. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.



स्वच्छता सेवा में शामिल चेयरमैन। छाया:आज

## स्वास्थ्य सखियों ने मानदेय बढ़ाने की उठायी मांग

गाजीपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और जनजागरूकता का कार्य करने वाली स्वास्थ्य सखियों ने मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में स्वास्थ्य सखियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। स्वास्थ्य सखियों ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर जिम्मेदारी के साथ लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाने तथा विभागीय कार्यों में सहयोग करने का कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद वर्तमान में उन्हें मात्र दो हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। बढ़ती महंगाई और कार्यभार को देखते हुए यह मानदेय पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि वर्तमान दो हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य सखियों का जीवन बीमा कराने, दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता देने तथा भविष्य में पेंशन जैसी सुविधा उपलब्ध कराने पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कार्य के अनुसार अतिरिक्त मानदेय तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। स्वास्थ्य सखियों ने जिलाधिकारी से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित उच्चाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजने का अनुरोध किया है।



धरना पर बैठी स्वास्थ्य सखी। छाया:आज

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

नगसर, गाजीपुर। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को एक युवक को 16 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से गांजे के आठ बंडल, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद गांजे की कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सोनकर पुलिस टीम के साथ ग्राम असांव स्थित ब्रह्म बाबा मंदिर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक गांजा लेकर वहां पहुंचने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से आठ बंडलों में रखा कुल 16 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मृत्युंजय राय पुत्र सच्चिदानंद राय, निवासी ग्राम सिउरा बहादुरगंज, थाना कासिमाबाद, गाजीपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया गांजे की बडी खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया गया,औग बाइक भी बरामद हुई,बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है।

## साईं मंदिर घाट पर चला वृहद स्वच्छता अभियान

### २५०० से अधिक लोगों ने किया श्रमदान

गाजीपुर। स्वच्छता ही सेवा संकल्प के तहत गुरुवार को नगर पालिका परिषद गाजीपुर की ओर से नगर के साईं मंदिर घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान घाट और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय और जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल तथा अधिशासी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार राय ने अभियान का नेतृत्व किया।अभियान में विभिन्न वार्डों के सभासद, सभासद प्रतिनिधि, मनोनीत सभासद, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी-कर्मचारी समेत करीब 2500 से 3000 लोगों ने सहभागिता की और श्रमदान किया। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने से घाट पर स्वच्छता अभियान जनभागीदारी का रूप ले गया। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नपं में विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सर्वोदय पब्लिक विद्यालय की छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अविनाश कुमार जायसवाल ने विद्यालय की छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर कूड़ा डालने तथा नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की अपील की। जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार- स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू थामकर व्यापक स्तर पर श्रमदान किया और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान के तहत ब्लॉक मुख्यालय परिसर, कार्यालय कक्षों, गलियारों और खुले स्थलों की गहन साफ-सफाई की गई। झाड़ियों की छंटाई कर एकत्र किए गए कूड़े-कचरे का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल सरकारी परिसरों को स्वच्छ बनाना ही नहीं, बल्कि जन-जन में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाना भी है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत उमेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ कृषि दीपक सिंह, एडीओ आरडी दिग्विजय नाथ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनबढ़ युवकों ने छात्र को पीटा

उतराव, गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के बगेंद गांव में मनबढ़ युवकों द्वारा कोचिंग जा रहे छात्र के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे छात्र के सर में गंभीर चोटे आ गई। इस संबंध में पीड़ित की मां के द्वारा करीमुद्दीनपुर थाने पहुंचे हमलावरों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया गया। तहरीर में पीड़ित की मां सीमा देवी द्वारा आरोप लगाया गया है कि गांव निवासी मोहित बिंद,राजा बिंद व अंकित बिंद द्वारा कोचिंग जा रहे मेरे छात्र के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे उसके सर में गहरा घाव बन गया। करीमुद्दीनपुर पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुटी है।

## पुलिस मुठभेड़ में गैर-राज्यीय भैंस चोर का सरगना घायल, चार गिरफ्तार

दिलदारनगर गाजीपुर। दिलदारनगर व जमानियां कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की रात रक्साहां गांव के बाहर कांशीराम आवास के पास मुठभेड़ में एक अंतरराज्यीय भैंस चोर गिरोह के सरगना को रामकुमार निवासी ग्राम बेलहरी थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुआ बिहार के दाहिने पैर में गोली लग गयी।जबकि चार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।इनके पास से एक तमंचा,खोखा जिंदा कारतूस .315 बोर व एक स्कार्पियो व पिकअप गाड़ी,चोरी की भैंस व 62 हजार नकद बरामद किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक जमानियां योगेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ फुल्ली मोड़ पर गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रक्साहां कांशीराम आवास में कुछ संदिग्ध भैंस चोर मौजूद हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। बदमाशों ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रामकुमार निवासी ग्राम बेलहरी थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुआ बिहार के दाहिने पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे और उसके चार अन्य साथियों को दबोच लिया।पुलिस टीम द्वारा सभी अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संतान की दीर्घायु के लिए कल माताएं रखेंगी निर्जला व्रत

गाजीपुर/ जखनियां। संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए रखा जाने वाला निर्जला जीवित्पुत्रिका जिउतिया व्रत का अनुष्ठान दो अक्टूबर को होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान में सप्तमी को स्नान-भोजन के बाद अष्टमी में माताएं 24 घंटे का निर्जला उपवास रखती हैं। ज्योतिर्विद आचार्य पंडित आदित्य पराशर ने बताया कि इस वर्ष आश्विन कृष्ण अष्टमी 3 अक्टूबर 2026 दिन शनिवार को सुबह 09:53 बजे से शुरू होकर 4 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को प्रातः 7:27 बजे तक रहेगी। पूजन में सतपुतिया की सब्जी का विशेष महत्व होता है। इस व्रत की पौराणिक कथा गंधर्वराज जीमूतवाहन से जुड़ी है, जिन्होंने नागवंश की रक्षा के लिए स्वयं को गरुड़देव को समर्पित कर दिया था।

## पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

करीमुद्दीनपुर/गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत करीमुद्दीनपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, थाना करीमुद्दीनपुर में दर्ज मु0अ0सं0 218/2024, धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस एवं 5ड/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त राहुल कुमार उर्फ लालू 19 वर्ष पुत्र स्व. रविन्द्र राम, निवासी ग्राम पहराजपुर, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को 01 अक्टूबर 2026 को सुबह 04:50 बजे करीमुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र के बगल में स्थित बागीचे के पास से गिरफ्तार किया।

## ३८ अवैध हथियारों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गाजीपुर। अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कैथवलिया पुलिया के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार तीन कथित अंतरराज्यीय हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से .32 बोर व .9 एमएम की पिस्टल, .315 बोर के तमंचे समेत कुल 38 अवैध हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन और नकदी बरामद होने की बात पुलिस ने कही है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ हथियार तस्कर भारी मात्रा में अवैध असलहा लेकर कैथवलिया पुलिया के पास पहुंचे हैं और डिलीवरी की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल के पास तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रतन विश्वकर्मा, रवि कुमार और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पिट्ठू बैगों से बड़ी संख्या में पिस्टल और देशी तमंचे बरामद किए। इसके अलावा जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और नकदी भी मिली।

## किशोरी को भगाने का लगाया आरोप

मरदह, गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने के प्रकरण में महिला ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री उम्र 16 वर्षीय 24 सितम्बर की रात्रि में घर से निकली और वापस नहीं आई।परिजनों द्वारा इधर-उधर खोजबीन करने पर पता चला कि उनकी पुत्री को गांव के ही एक लड़के ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि लड़की को भगाने में दो लोग और सहयोग किए और वाहन व ट्रेन आदि से भगवाने में पीड़ित मां ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की तो तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।इस संबंध प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर चला स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण

गाजीपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर सनबीम स्कूल, गाजीपुर में स्वच्छ भारत अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक नवीन कुमार सिंह एवं प्रवीण कुमार सिंह ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया। दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन केपी सिंह, वाइस चेयरमैन शोभा सिंह, निदेशक नवीन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, स्मिता सिंह, प्रधानाचार्या अर्चना कुमारी, उप प्रधानाचार्या तहसीन सहित सभी कोऑर्डिनेटर, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- नगर पालिका परिषद सभागार में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए एक वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।






## चार लोगों पर मारपीट का आरोप

कासिमाबाद, गाजीपुर। खेताबपुर गांव निवासी संगीता चौहान ने थाने में तहरीर देकर अवध बिहारी व हरिकेश समेत चार लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडे से मारपीट करने, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार 30 सितंबर को करीब 11 बजे संगीता देवी और उनकी सास भगवती देवी घर की बाउंड्री के अंदर बंदर भगाने गई थीं। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद अवध बिहारी और हरिकेश ने दोनों के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की। वहीं अशोक चौहान और अश्वनी चौहान पर मारपीट के लिए ललकारने तथा बीच-बचाव करने वालों को रोकने का आरोप लगाया गया है। संगीता के मुताबिक मारपीट में उन्हें और उनकी सास को कई जगह चोटें आईं। आरोप है कि जाते समय आरोपितों ने थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की पुष्टि के लिए मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने की मांग की है।इस संबंध में कासिमाबाद कोतवाल राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

मरदह, गाजीपुर। थाना पुलिस ने 4 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 अदद नाजायज देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। कस्बा मरदह से महाहर धाम जाने वाली सड़क पर गोधनी पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध शराब लेकर मौजूद है और कहीं जाने की फिराक में है।पुलिस टीम गोधनी पुलिया पहुंची। पुलिस को देखकर पुलिया पर बैठा व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा,जिसे घेरकर मौके पर ही पकड़ लिया गया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अरविन्द कुमार निवासी ग्राम बरही, थाना मरदह बताया।उसके पास से बरामद सफेद बोरी से 20 अदद ब्लू लाइन देशी शराब मसाला तीव्रता 36त्न बी.वी., शुद्ध मात्रा 200 मिली प्रति पैकेट बरामद हुई।

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के भड़सर में देर शाम ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार फेरी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, हरदोई जिले के भीठामहासिंह निवासी सल्लू पुत्र मुनीम बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर में किराए के कमरे में रहकर फेरी लगाकर सिंदूर और रंग बेचने का काम करते हैं। बुधवार की देर शाम वह बरही की तरफ से साइकिल से अपने कमरे पर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे घर जाते समय सामने से वाराणसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायल की पत्नी जमीला की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घर के सामने खड़ी तीन पहिया सगड़ी चोरों ने उड़ाया

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन पुलिस चौकी इलाके के पटखौलिया गांव में बुधवार की देर रात एक मजदूर के घर के सामने खड़ी तीन पहिया सगड़ी ठेला चोर आराम से चुरा ले गया। यह पूरी वारदात पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित मजदूर शिलोचन बिंद के अनुसार, वह रोज की तरह बुधवार रात मजदूरी कर घर लौटे और अपनी करीब 15 हजार रुपये कीमत की तीन पहिया सगड़ी घर के बाहर खड़ी कर सोने चले गए। गुरुवार सुबह जब वह जागे तो वाहन मौके से गायब मिला। काफी खोजबीन के बाद जब पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो चोरी की हकीकत सामने आ गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रात के सन्नाटे में एक अज्ञात चोर बिना किसी खौफ के आता है। उसके चेहरे पर न तो कोई नकाब है और न ही पकड़े जाने का डर। वह आराम से सगड़ी पर सवार होकर उसे चलाते हुए रफूचक्कर हो जाता है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है और न ही कोई तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय ललित कला पुरस्कार से सम्मानित हुए गाजीपुर के चित्रकार पंकज

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के हरिबल्लमपुर गांव निवासी चित्रकार पंकज शर्मा को 65वें राष्ट्रीय ललित कला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी रेखांकन कृति 'हेलोड ट्रैवलर-2ठ्ठस्र' के लिए राष्ट्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली की ओर से यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के साथ पंकज शर्मा ने गाजीपुर के कला जगत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। अमर देव शर्मा और रंभा देवी के ज्येष्ठ पुत्र पंकज शर्मा करीब 15 वर्षों से स्वतंत्र कलाकार के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से चित्रकला में स्नातकोत्तर तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज से पेंटिंग में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। इसके बाद भारत भवन, भोपाल और दिल्ली में स्वतंत्र कलाकार के रूप में कला साधना की।शिक्षा के दौरान उन्होंने प्रख्यात चित्रकार डॉ. राज कुमार सिंह के साथ मिलकर गाजीपुर में 'सम्भावना कला मंच' की नींव रखी।

## पिकअप के धक्के से बाइक सवार घायल

ताजपुर डेहमा, गाजीपुर। असावर गांव निवासी बब्बन राजभर 55 वर्ष सुबह अपनी बाईक से कामूपुर गये थे, अपने साथी के साथ बाजार करने गये थे, वापस घर आते समय सलहरी गांव के सामने से तेज गति से आ रही पिकप के धक्का से सड़क पर गिर कर बेहोश हो गये और छटपटाने लगे। पिकप के टक्कर से मोटरसाइकिल के अगले हिस्सा चकनाचूर हो गया। पिछे से आ रहे साथी ने देखा तो दौड़कर उठाया और स्थानीय डॉक्टर के पास ले गये। इसकी जानकारी घर वाले के मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए बाराचवर अस्पताल ले गये जहां उनका उपचार चल रहा है।

# गंगा-सरयू के जलस्तर में वृद्धि, दियरांचल के दर्जनों गांव प्रभावित

**लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर, घरों में घुसने लगा बाढ़ का पानी**





बैरिया (बलिया)। गंगा और सरयू नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से सुरेमनपुर दियरांचल, रामपुर कोड़रहा और लालगंज क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति गंभीर होने लगी है। गंगा उस पार नौरंगा, चक्की नौरंगा, भुआल छपरा, उदयी छपरा के डेरा और भगवानपुर के डेरा समेत करीब आधा दर्जन गांव दोबारा बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नौरंगा को बिहार से जोड़ने वाला मार्ग भी जलमग्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों नदियों के जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो अगले 24 घंटे में स्थिति और विकट हो सकती है। सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर टाड़ी, वशिष्ठनगर, गोपालनगर, धूपनाथ के डेरा, बैज के डेरा, शिवाल मठिया, बकुलहा, फतेह राय का टोला, चांददियर और पलटूनगर में बाढ़ का पानी फिर फैलने लगा है। गोपालनगर टाड़ी और गोपालनगर में कई घरों में पानी घुस गया है। इससे ग्रामीण अपना सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दिनों आई बाढ़ ने खरीफ की फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया था। अब दोबारा बाढ़ आने से रबी की फसल की बुआई भी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इससे किसानों के सामने दोहरी मार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उधर गंगा के बढ़ते जलस्तर से रामपुर कोड़रहा, पूर्वी भवन टोला, भवन टोला, सेमरिया, गड़ेरिया, जगदीशपुर, भूसौला, बलवंत छपरा, मुरली छपरा, गुदरी सिंह का टोला और उदयी छपरा समेत दर्जनों गांव फिर बाढ़ से घिरने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के साथ जनजीवन एक बार फिर प्रभावित होने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर होने के बावजूद अभी तक तहसील प्रशासन की ओर से किसी अधिकारी या कर्मचारी ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति का जायजा नहीं लिया है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावित इलाकों का सर्वे कराकर राहत और बचाव की तैयारी शुरू की जानी चाहिए। गोपालनगर टाड़ी के परमेश्वर यादव, माधव यादव, मुखराम यादव, गणेश यादव, अर्जुन यादव समेत कई ग्रामीणों के घरों में पानी घुसा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी उनका हाल जानने मौके पर नहीं पहुंचा है। तहसीलदार बैरिया कृपाशंकर ने बताया कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। गोपालनगर में चार नावें लगाई गई हैं। जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जाएगा। लेखपालों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जा रहा है।

# पंखे से लटक कर वृद्ध ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

दुबहड़, (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के घोड़हरा गांव में उसे समय हड़कंप मच गया जब करीब 60 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर के अंदर पंखे के रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार घोड़हरा गांव निवासी वीरेंद्र खरवार पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ खरवार 60 वर्ष अपने घर में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी और दो बेटे दिल्ली में रहते हैं। जबकि उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। परिवार के अन्य सदस्य गांव में नियमित रूप से उनके साथ नहीं रहते थे। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह काफी देर तक वीरेंद्र खरवार घर से बाहर नहीं निकले। इस पर उनके छोटे भाई मुन्ना प्रसाद को कुछ आशंका हुई। उन्होंने घर पहुंच कर दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर बन्द था। अन्य लोगों के साथ छत के ओर से रोशनदान के रास्ते अंदर झांक कर देखा तो वीरेंद्र खरवार पंखे से रस्सी के सहारे लटके हुए दिखाई दिए। घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मृतक के बारे में बताया जाता है कि वह अक्सर नशे की हालत में रहते थे। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि संभवत नशे की हालत में उन्होंने यह कदम उठाया हो।

# सड़क हादसे में घायल की मदद करने वाले राहवीर को मिलेगा २५ हजार का ईनाम

बलिया। विकासखंड हनुमानगंज के सभागार में गुरुवार को परिवहन विभाग की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता एआरटीओ अरुण कुमार राय ने की। अधिकारियों ने हिट एंड रन मुआवजा योजना, कैशलेस चिकित्सा योजना और राहवीर योजना की जानकारी दी। बताया गया कि हिट एंड रन मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा योजना-2022 एक अप्रैल 2022 से प्रभावी है। इसके तहत ऐसे सड़क हादसों में पीड़ितों को मुआवजा दिया जाता है, जिनमें दुर्घटना करने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो जाता है। हिट एंड रन की घटना में मृत्यु होने पर दो लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर निर्धारित मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए तत्काल मदद करने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये का पुरस्कार और प्रशंसा पत्र देने का प्रावधान है। कार्यक्रम में कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि पंजीकृत अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का दुर्घटना के दिन से अगले सात दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का इलाज सरकार की ओर से कराया जा सकता है।

## सरयू के बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने लिया जायजा

बेल्थरारोड (बलिया)। सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी शरद चौधरी ने अधिकारियों की टीम के साथ तुर्तीपार, टंगुनिया, गुलौरा और हाहानाला समेत विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ और कटान की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर के अधीक्षक डॉ. राकेश सिंह, खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रताप, आपूर्ति निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि सरयू का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन फिलहाल आबादी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। तटवर्ती क्षेत्रों में नावों की व्यवस्था की गई है। साथ ही संभावित प्रभावित क्षेत्रों में आशा कार्यकत्रियों और स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं समेत अन्य जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने हाहानाला, तुर्तीपार और हल्दीरामपुर रेगुलेटर के फाटकों का भी जायजा लिया।

## रेलवे का अतिक्रमण पर चला जेसीबी

रसड़ा (बलिया)। छितौनी रेलवे क्रासिंग से पश्चिम एवं पूर्व में भगत सिंह इंटर कालेज तक रेलवे की टीम ने रेलवे की जमीन से अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया। सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य पश्चिमी सफीउल्लाह अंसारी आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक रसड़ा महिपाल सिंह ने जेसीबी मशीन से भगत सिंह स्कूल तक दो दर्जन से अधिक झोपड़ी एवं गुमटी को जो 1125 वर्ग मीटर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। रेलवे की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कराए गए कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

# आवास दिलाने के नाम पर महिला से सोने के टप ले उड़े दो बदमाश

भीमपुरा (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के डफनपुरा गांव में आवास दिलाने के नाम पर एक महिला को कथित तौर पर झांसे में लेकर उसके कान से सोने के टप लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर भीमपुरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, महाजन मौर्य पुत्र स्वर्गीय नरेश मौर्य, निवासी ग्राम डफनपुरा, पोस्ट पतौई, थाना भीमपुरा ने बताया कि 11 सितंबर को वह अपने लड़के की जमानत कराने के लिए बलिया गया हुआ था। इसी दौरान घर पर उसकी पत्नी कौशल्या देवी मौजूद थीं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, करीब सुबह 10:30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने आवास दिलाने की बात कहकर महिला से बातचीत शुरू की। बातचीत के दौरान उन्होंने महिला को अपनी बातों में उलझा लिया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दोनों व्यक्तियों ने महिला को बहला-फुसलाकर उसके कान का सोने का एक जोड़ी टप ले लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो आसपास तथा संभावित स्थानों पर काफी तलाश की गई, लेकिन दोनों अज्ञात व्यक्तियों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाना भीमपुरा पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी और आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## पूर्व मंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

बेल्थरारोड (बलिया)। पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी के निधन पर गुरुवार को जिला पंचायत डाक बंगला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि रामगोविंद चौधरी जनप्रिय नेता थे। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व और राजनीतिक अनुभव से समाजवादी आंदोलन को मजबूती देने का कार्य किया। सभा में उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की चर्चा करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। शमशाद बांसपारी, आनंद यादव, अमरजीत, ओमप्रकाश, जनार्दन, राजन कन्नौजिया, सुनील कुमार टिंकू, पतिराम यादव, अनिल जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**१२ से ३१ अक्तूबर तक चलेगा दस्तक अभियान, संचारी रोगों की रोकथाम पर रहेगा जोर**



बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अभय नारायण राय एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार यादव ने जिला अस्पताल के परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शपथ कार्यक्रम और जन जागरूकता रैली निकाली ग़यी। इस रैली को जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की अस्वच्छता हर बीमारियों का जड़ है। साफ- सफाई और स्वच्छता को जीवन में उतारकर हम हर बीमारी को दूर कर सकते हैं। मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ. अभय नारायण राय ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गए निर्देश साफ-सफाई और स्वच्छता के बारे मे जानकारी समाज के अंतिम ब्यक्ति तक इस संदेश को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि के लक्षण युक्त मरीजों को चिन्हित करने पर जोर रहेगा। वेक्टर बॉर्न के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि 12 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्त्ता और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करेंगी।

## कई गांवों के रास्ते जलमग्न, सैकड़ों एकड़ फसल डूबी

बेल्थरारोड (बलिया)। घाघरा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा गहराता जा रहा है। नदी का पानी तेजी से निचले इलाकों और रिहायशी बस्तियों की ओर बढ़ने लगा है। हालात को देखते हुए तटवर्ती गांवों के लोगों में दहशत का माहौल है और कई परिवार रात में जागकर नदी के जलस्तर पर नजर रख रहे हैं। तुर्तीपार गांव की कई बस्तियों तक घाघरा का पानी पहुंच गया है। गांव में जाने वाले त्यागी बाबा आश्रम के सामने मार्ग पर भी पानी चढ़ गया है। चैनपुर गुलौरा स्थित कब्रिस्तान में कई फीट तक पानी भर गया है, जबकि टीएस बंधा तक भी बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। टंगुनिया के हाहानाला क्षेत्र में राजभर बस्ती के आसपास भी पानी फैलने लगा है। चैनपुर गुलौरा, मुबारकपुर, खैराखास, तुर्तीपार, मुजौना, साहियां, बेल्थरा बाजार और हल्दीरामपुर समेत कई गांवों की निचली बस्तियां बाढ़ के पानी की चपेट में आने लगी हैं। जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ रही है। बाढ़ के पानी से क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। सैकड़ों एकड़ में बोई गई सब्जी, अरहर और मक्का की फसल पानी में डूबने से बर्बाद होने की कगार पर है।



## एक नजर इधर भी

### सड़क हादसे के मामले में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र में २५ सितंबर की रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से होटल कर्मचारी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया था इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वाहन एवं चालक की तलाश शुरू कर दी है। पिंडरा के भरथीपुर निवासी संदीप कैंटोनमेंट स्थित होटल टेंपल्स टाउन में कर्मचारी है। तहरीर के मुताबिक, रात करीब ११ बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह साथी विक्की एवं अन्य कर्मचारियों के साथ पैदल जा रहा था। होटल ताज के आगे अमन मेडिकल के सामने पीछे से आई सफेद वैगन आर ने संदीप को टक्कर मार दी उसमें उसका साथी विक्की भी कार की चपेट में आकर नाले में गिर गया और घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। राहगीरों ने संदीप को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, संदीप के मौसेरे भाई राम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने वाहन संख्या यूपी ६७ एजे ७०११ के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

### सारनाथ में नाबालिग को भगाने वाला प्रयागराज से गिरफ्तार

सारनाथ पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित आरोपी को गुरुवार की सुबह प्रयागराज में छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार चौधरी बिहार के गया का मूल निवासी है। जानकारी के अनुसार २५ जुलाई को पीड़िता के पिता धीरेंद्र कुमार झा ने सारनाथ थाने में अपनी नाबालिग बेटी के बिना बताये घर से लापता होने की लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने तत्काल बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना सब-इंस्पेक्टर शिवनारायण को सौंपी थी। गया से प्रयागराज तक पुलिस की दबिश दी गयी थी मुकदमे में गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था। वारंट होने के बाद भी पुलिस टीम आरोपी की तलाश में उसके गृह जनपद गया (बिहार) पहुंची। वहां पता चला कि आरोपी प्रयागराज में छुप कर रह रहा है। इसके बाद पुलिस टीम सर्विलांस और मुखबिर की सटीक सूचना पर सारनाथ पुलिस टीम ने प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर चौराहे पर घेराबंदी कर आरोपी को गुरुवार की सुबह धर दबोचा। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, उप-निरीक्षक शिवनारायण सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार और हेड कांस्टेबल पंकज सिंह शामिल रहे। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कारवाई में जुटी है।

### दुष्कर्म के आरोप में डीरेका रेलकर्मी दोषमुक्त

युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित डीरेका के रेलकर्मी को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। अपर जिला जज (सप्तम) विकास श्रीवास्तव की अदालत ने ठठरा, मिर्जामुराद निवासी आरोपित रेलकर्मी जितेंद्र कुमार राही को आरोप सिद्ध न होने पर संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव 'गुड्डू' एवं नरेश यादव एडवोकेट ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को २३ सितंबर २०२० को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि ठठरा, मिर्जामुराद निवासी जितेंद्र कुमार राही मेरे भाई का दोस्त है और मेरे गांव में अक्सर क्रिकेट खेलने के लिए आता था। और वर्तमान में वह रेलवे में ग्रुप डी में नौकरी करता है। जब मेरी उम्र १७ वर्ष थी, उसी दौरान जितेंद्र उससे शादी करने का झांसा दिया और पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न एवं दुष्कर्म किया। उसके बाद से वह अक्सर जल्द से जल्द शादी करने का झांसा देकर ऐसा कृत्य करता रहा। इसके बाद वह २० अगस्त २०२० को रात करीब ९ बजे जितेंद्र राही पीड़िता के घर आया और पुनः उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान पीड़िता स्लैब जब उससे शादी करने के लिए कहा तो उसने कहा घबराओ मत हो जायेगा। इस पर जब प्रार्थीनी ने कहा कि ७-८ वर्षों से वह उसके साथ बराबर मेरे साथ संभोग कर रहे हो और शादी की बात पर टालमटोल कर रहे हो इस पर जितेंद्र भद्दी-भद्दी गलियां देने लगा और शादी करने से इंकार कर दिया। साथ ही धमकी दिया कि यदि जबरदस्ती करोगी तो तुम्हारी हत्या कर दूंगा। इस मामले में पुलिस ने १३ अक्तूबर २०२० को मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत में विचारण के दौरान पीड़िता समेत पांच गवाहों को परीक्षित कराया गया। अदालत ने गवाहों के बयान एवं साक्ष्यों के अवलोकन के बाद आरोप सिद्ध न होने पर आरोपित को दोषमुक्त कर दिया।

### टीएसपीसी मुखिया बृजेश गंझू की मुठभेड़ में मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

पिछले २० सितंबर की रात मुठभेड़ में टीएसपीसी के मुखिया बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता की हुई मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गयी है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर जांच अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) कर रहे हैं। अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) ने बताया कि घटना से संबंधित किसी व्यक्ति के पास कोई जानकारी, दस्तावेज या अन्य साक्ष्य है, तो वह २४ अक्तूबर २०२६ तक उनके न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। साक्ष्य लिखित या मौखिक, दोनों रूपों में दर्ज कराया जा सकेगा। जांच में घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों को शामिल किया जायेगा।

### हल्का दरोगा के ऊपर व्यापारियों ने लगाया अभद्रता का आरोप

पिंडरा। फूलपुर कस्बा के व्यापारियों ने गुरुवार को हल्का दरोगा के ऊपर व्यापारी के साथ अभद्रता का आरोप लगाते हुए फूलपुर इंस्पेक्टर से शिकायत की। जिसपर इंस्पेक्टर ने निष्पक्ष जांच कराने के साथ दरोगा से स्पष्टीकरण लेने का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया। बताया जाता है कि फूलपुर बाजार निवासी व्यापारी बनारसी सेठ ने अपनी दुकान संजय सेठ को किराये पर दे रखी है, जहां संजय सेठ द्वारा जूता-चप्पल का कारोबार किया जा रहा था। इसी दौरान बनारसी सेठ के भाई जो मध्यप्रदेश में रहता है उसके द्वारा दुकान पर कब्जा करने की सूचना हल्का दरोगा को दी। जिसपर हल्का दरोगा गोविंद यादव ने व्यापारी और उसके परिवार के सदस्यों से कथित तौर पर अभद्रता की और दुकान का शटर बंद कर उसकी चाबी अपने पास रख ली गयी तथा बनारसी सेठ और उनके पुत्र को करीब दो घंटे तक थाने पर बैठाये रखा गया। मामले की जानकारी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को हुई, तो वे तत्काल फूलपुर थाने पहुंचे और व्यापारी एवं उसके पुत्र को थाने से ले आये। इसके बाद पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक अजय राज वर्मा से पूरे मामले की शिकायत करते हुए उचित कारवाई की मांग की। जिसपर प्रभारी निरीक्षक ने हल्का दरोगा से स्पष्टीकरण तलब किया। इस बाबत इंस्पेक्टर ने बताया कि दो भाइयों के विवाद की शिकायत पर पुलिस गयी थी। इंस्पेक्टर से मिलने वालों में व्यापार मंडल फूलपुर के भानू प्रकाश सेठ, जितेंद्र जायसवाल सपालू, रमेश विश्वकर्मा, विनोद सेठ, भरत जायसवाल, अशोक सेठ, जेपी पटेल, राजकुमार गुप्त, सोनू भोजवाल, संतोष सेठ, सोनू वर्मा सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

### जंसा में अपहृता किशोरी बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

सेवापुरी। जंसा पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर घर से ले जाने के मामले में अपहर्ता को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हरपुर अंडरपास के पास से अभियुक्त अविनाश उर्फ रुद्र पुत्र लम्बई, निवासी ग्राम सरइया सिकन्दरपुर, थाना चुनार, मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया।

# कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस से नौ बच्चे रेस्क्यू, कैंट स्टेशन पर उतारा गया

## तीन तस्कर गिरफ्तार

सीआईबी वाराणसी, आरपीएफ कैंट एवं अयोध्या कैंट की संयुक्त टीम ने ट्रेन नंबर १५६६८ कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस से तस्करी के तहत ले जाए जा रहे नौ बच्चे को बरामद किया है। ये बच्चे १३ से २० वर्ष के हैं और इन्हें बालश्रम के लिए लेकर जा रहे थे। टीम के लोग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से ट्रेन को चेक करना शुरू किया तो गार्ड साइड जनरल कोच से नौ बच्चे डरे सहमें हुए दिखाई पड़े जिनसे पूछताछ करने पर पता चला कि तीन बच्चे कोकराझार से गांधीधाम तथा तीन बच्चे गोलपाड़ा से गांधीधाम और तीन बच्चे कटिहार से लखनऊ के लिए जा रहे हैं। जहां पर इनसे बालश्रम करवाया जाता है। जानकारी के अनुसार, बच्चों को तस्करी के माध्यम से विभिन्न जगहों पर भेजा जा रहा था। जहां उन्हें श्रमिक के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया जाना था। पूछताछ में उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के परिवार को १५००० से लेकर ३००० तक एडवांस दिया गया है।रेस्क्यू के बाद तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अपना नाम आमीन, निवासी अररिया (बिहार), मोहम्मद मुत्तादूर निवासी गोसाईंगांव जिला कोकराझार (असम) और तीसरा फोरिजुल शेख निवासी जुगीर गुप्पा जिला बोगाई गांव (असम) बताया।जिनसे पूछताछ की जा रही है।




सूचना पर कमिश्नरेट पुलिस की एएचटीयू की उप निरीक्षक निकिता सिंह टीम के साथ आरपीएफ पोस्ट पर पहुंच गई है और तीनों बार तस्करों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। तीनों बाल तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना ने मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर किया है। मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है, जो न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि समाज में भी कई समस्याएं उत्पन्न करता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ने श्रीमती चन्द्रकला सिंह पत्नी पारस सिंह एवं श्रीमती रेनू सिंह उर्फ रेणू कौशलेन्द्र सिंह से मौजा करोमा, परगना अठगावां तहसील पिण्डरा जनपद वाराणसी स्थित आ.नं. 498 रकबा 10620 वर्गफीट का आवासीय भूखण्ड गत 28.09.2026 को क्रय किया। भूखण्ड को मूल विक्रय पत्र जो उपनिबन्धक कार्यालय पिण्डरा वाराणसी में बही सं. 1, जिल्द सं. 2791 पृष्ठ सं. 165 से 196 पर दस्तावेज सं. 1837 पर दिनांक 13.04.2019 को पंजीकृत है, का अन्तिम पृष्ठ/ नजरी नक्शा/ दफा 60, कचहरी वाराणसी । स्थित फोटो स्टेट की दुकान नारायण इण्टरप्राइजेज से गुम हो गया है। इसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **श्रीमती सोनी सिंह** पत्नी श्री सुजीत सिंह, म.सं. एस-7/1-सी गोलघर पोस्ट कचहरी वार्ड सिकरौल, जनपद वाराणसी।

## डेढ़ करोड़ की गबन में वांछित आरोपी जौनपुर से गिरफ्तार

आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अन्तर्गत उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में ईओडब्लू वाराणसी की टीम ने गुरुवार को जेसीज चौराहा, लाईन बाजार जौनपुर से वांछित को गिरफ्तार किया। अभियुक्त एंव तत्कालीन शाखा प्रबन्धक एवं कैशियर काशी ग्रामीण गोमती बैंक, मंडी समिति चौकिया जौनपुर ने आपस में मिली भगत कर बैंक नियमों के विपरीत स्वयं के लाभ



के लिये ०७ विभिन्न योजनाओं में फर्जी ऋण स्वीकृत कर उसका फर्जी वितरण दर्शाकर शासकीय धन लगभग १.५० करोड़ रुपये का गबन कूटरचित दस्तावेज के आधार पर किया है। अभियुक्त जोगेन्द्र प्रसाद उर्फ योगेन्द्र प्रसाद (एजेन्ट)-४२ वर्ष पुत्र इन्द्रजीत निवासी ग्राम प्रेमापुर, थाना-गौरा बादशाहपुर जौनपुर वर्तमान पता ग्राम इब्राहिमाबाद, थाना लाइन बाजार,जौनपुर का रहनेवाला है,जो वर्तमान में सरकार से लाइसेंस प्राप्त कर चांदनी सोलर ऊर्जा के नाम से यशवंत कटरा,जेसीज चौराहा जौनपुर के पास एजेंसी खोलकर पिछले कई वर्षों से जुड़ा है। अभियुक्त के द्वारा सैकड़ों लाभार्थियों को फर्जी सत्यापित किया गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू वाराणसी प्रदीप कुमार ने निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा,निरीक्षक स्वामीनाथ प्रसाद, मुख्य आरक्षी प्रिंस तिवारी और सरफराज अंसारी की टीम गठित थी।

## लंका में संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी, २० जुआड़ी गिरफ्तार

### लाखों रूपये नकदी और ताश की गड्डियां बरामद

लंका थाना क्षेत्र के बजबजा प्लांट के पास गुरुवार को लंका पुलिस ने छापेमारी कर २० लोगों को मौके से गिरफतार किया है। पुलिस ने जुए के अड्डे से लाखों रूपये नगद, तास की गड्डिया बरामद की है। पुलिस की दबिश पड़ते ही अड्डे पर भगदड़ मच गयी। पुलिस को बजबजा प्लांट के आसपास लंबे समय से जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना को गंभीरता



से लेते हुए गुरुवार को पुलिस टीम ने पूरी तैयारी के साथ अड्डे पर दबिश दी। टीम के पहुंचते ही जुआरियों में खलबली मच गई। भागने की कोशिश कर रहे लोगों को पुलिस ने चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया।इसके बाद पुलिस ने मौके की तलाशी ली तो जुए में लगी नकदी और ताश की गड्डियां बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार बरामद रकम लाखों रुपये में है। पकड़े गये करीब 20 लोगों को गिरफ्तार में लेकर पूछताछ की जा रही है। अब पुलिस की जांच इस बात पर टिक गयी है कि बजबजा प्लांट के पास जुए का यह अड्डा आखिर कौन चला रहा था और इतने बड़े पैमाने पर यहां जुआ किसकी शह पर चल रहा था। पुलिस पकड़े गये लोगों से पूछताछ कर अड्डे से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। बरामद नकदी और ताश की गड्डियों को कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में लंका थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा, रमना चौकी प्रभारी प्रिंस तिवारी, उप निरीक्षक हर नारायण, शैलेश शर्मा अनिल कुमार आदि शामिल रहे ।

**कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भदोही**

पत्रांक: समग्र शिक्षा / सामु.सह. /1615 / 2026-27 / दिनांक: 01.10.2026

**विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ०प्र० लखनऊ के कार्यालय पत्रांक: प्री-प्राईमरी / ECCE Educator / 2392 / 2025-26 दिनांक: 07 जुलाई 2025 एवं शासनादेश संख्या-81/2025/1/1006319 / 2025-68-5099 / 178 / 2024 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय भदोही के अनुमति दिनांक 25.09.2026 के अनुपालन में ई.सी.सी.ई. एजूकेटर पद हेतु द्वितीय चरण की रैण्डमाईजेशन सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार / अभिलेख मिलान निम्नवत् तिथियों में प्रस्तावित है

| क्र.सं. | निर्धारित तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 08.10.2026 | ई.सी.सी.ई. एजूकेटर पद हेतु रैण्डमाईजेशन सूची के समस्त 210 अभ्यर्थी |
| 2 | 09.10.2026 | ई.सी.सी.ई. एजूकेटर पद हेतु दिनांक 08.10. 2026 को अनुपस्थित समस्त अभ्यर्थी |

अभ्यर्थियों की रैण्डमाईजेशन सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चस्पा है। साक्षात्कार/अभिलेख मिलान हेतु अभ्यर्थियों की सूची जनपद भदोही के N.I.C वेबसाइट https://bhadohi.nic.in पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

(शिवम पाण्डेय),
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद-भदोही ।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डल वाराणसी**

ई निविदा सूचना:-31/EWC(V)/2026-27 दिनांक-27.10.2026

**कार्य का विवरण:** वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी के लिए 220के.वी. विद्युत उपकेन्द्र हरहुआ, वाराणसी से प्रस्तावित नये मीटर रूम/उपकेन्द्र भवन तक सेकेण्डरी सोर्स 33 के. वी. लाईन के निर्माण कार्य टर्नकी आधार पर ।

**ई-निविदा प्रपत्र शुल्क:** रू. 5900.00 **धरोहर राशि:** रू. 3.90 लाख

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:** 26.10.2026 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (अनूप मिश्रा)
पत्रांक-694/वि.का.मं.(वा.)/निविदा दिनांक:01.10.2026 अधीक्षण अभियन्ता

**वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी**

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री रतन बाबू पुत्र रामबाबू उर्फ रामलाल द्वारा आराजी सं0-832/5, मौजा खजुरी, परगना-शिवपुर, वार्ड-सिकरौल, जिला-वाराणसी** पर होटल का निर्माण कराया गया है, जिसे शमनित कराने हेतु प्राधिकरण में शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। वाराणसी महायोजना-2031 के अनुसार प्रश्नगत भूमि जिस पर होटल निर्मित है, का भू-उपयोग आवासीय क्षेत्र है इस भू-उपयोग में वाराणसी महायोजना-2031 के जोनिग रेगुलेशन्स के अनुसार आवासीय क्षेत्र में होटल का निर्माण अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। प्रचलित वाराणसी महायोजना-2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर सं0 15.1.3 के बिन्दु सं0-4 में यह प्राविधान है कि प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत कुल विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार ऐसी क्रिया/ उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य / विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुये जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी।" चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भू-उपयोग आवासीय है एवं होटल संच. ालन की क्रिया इस मूल उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है। अत: उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत होटल के शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/ सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/ सुझाव भवन अनुभाग (जोन- 1) वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर नियोजक /प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय**
**आफिस कम शापिंग काम्पलेक्स, जवाहर नगर (भेलूपुर), वाराणसी**

**"सर्व साधारण सूचना"**

उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद की कबीर नगर योजना, वाराणसी में स्थित उच्च आय वर्ग फ्लैट संख्या-43/1 श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री जीत सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया, जिसका कब्जा आवंटी द्वारा प्राप्त कर विक्रय विलेख निष्पादन करा लिया गया था।
श्रीमती गीता देवी द्वारा दिनांक-04.04.2003 को बही सं0-1 पुस्तक सं0-42 के पृष्ठ सं0-95 से 128 के क्रमांक-1697 द्वारा पंजीकृत कराकर श्रीमती इन्द्रा सिंह पत्नी स्व० देवेन्द्र सिंह के पक्ष में विक्रय कर दिया गया। श्रीमती इन्द्रा सिंह के पुत्रगण श्री विवेक कुमार व श्री विनय कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि उनकी माता श्रीमती इन्द्रा सिंह की दि0-11.11.2021 को मृत्यु हो गयी है तथा मृत्युपरान्त उक्त सम्पत्ति को जिलाधिकारी कार्यालय, वाराणसी के पत्र संख्या-2686 / रा0स0-2 दिनांक-15.09.2026 द्वारा निर्गत निकटतम संबंधी प्रमाण पत्र के आधार पर अपने पक्ष में दिनांक-26.09.2026 को जनहित पोर्टल पर आवेदन कमांक-MU2026092615073018 के माध्यम से प्रपत्र अपलोड करते हुए अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है तथा निकटतम संबंधी प्रमाण पत्र के अनुसार अन्य कोई वारिसान नहीं है।
हितबद्ध पक्ष अथवा अन्य व्यक्ति / पक्ष जिन्हें उक्त सम्पत्ति को निकटतम संबंधी प्रमाण पत्र के आधार पर अन्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्तर्गत लिखित रूप से सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, जवाहर नगर, (भेलूपुर) वाराणसी में अपना पक्ष साक्ष्यों सहित प्राप्त करा सकते हैं अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात् यह समझा जायेगा कि उक्त सम्पत्ति के अन्तरण में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, तदोपरान्त परिषद की कबीर नगर योजना, वाराणसी में स्थित उच्च आय वर्ग फ्लैट संख्या-43/1 को श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री जीत सिंह के स्थान पर श्री विवेक कुमार व श्री विनय कुमार पुत्रगण स्व० देवेन्द्र सिंह के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जाएगा तथा निर्धारित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सम्पत्ति प्रबन्धकउ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, वाराणसी

**सूचना**

**संस्था ग्रा.शि.स बीरापट्टी वाराणसी** के कालातीत प्रबंध समिति के चुनाव कराए जाने के क्रम में कार्यालय आदेश पत्रांक 1860 (I-XIII)/ आई-49859 (चुनाव) / 2026-27/वाराणसी: दिनांक 29/9/2026 के अनुपालन मे संस्था ग्रा.शि.स बीरापट्टी वाराणसी के साधारण सभा के 12 सदस्यों की अंतिम एवं वैध सदस्यता सूची

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1. | शिव प्रसाद | - | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 2. | शिवकरन | - | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 3. | श्री लालचन्द प्रसाद सिंह | शिवजोर | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 4. | श्री विश्वनाथ | - | बझियाबारी पोस्ट हरहुआ वाराणसी |
| 5. | श्री झन्ना लाल | श्यामनरायन | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 6. | श्री कतू राम | - | वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 7. | श्री जयराम सिंह | मिता सिंह | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 8. | श्री डोमन राम | - | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 9. | श्री रामअधार | - | मोहनपुर पोस्ट हरहुआ वाराणसी |
| 10. | श्री जितन | - | मोहनपुर पोस्ट हरहुआ वाराणसी |
| 11. | श्री बभूती | - | ग्राम वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |
| 12. | श्री छकौड़ी राम | - | वीरापट्टी पोस्ट घमहापुर, वाराणसी |

**चुनाव कार्यक्रम**

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन पत्रों का वितरण | 17.10.2026 | 11.00 बजे से 11.30 बजे तक |
| 2. | नामांकन पत्रों को जमा किया जाना | 17.10.2026 | 11.30 बजे से 12.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच | 17.10.2026 | 12.00 बजे से 12.30 बजे तक |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी | 17.10.2026 | 12.30 बजे से 01.00 बजे तक |
| 5. | वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन | 17.10.2026 | 01.00 बजे से 01.30 बजे तक |
| 6. | मतदान | 17.10.2026 | 01.30 बजे से 02.00 बजे तक |
| 7. | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 17.10.2026 | 02.00 बजे से चुनाव प्रकिया पूर्ण होने तक |

नोट:-
1. समस्त चुनाव प्रक्रिया कार्यालय सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, हुकुलगंज, वाराणसी पर निष्पादित की जायेगी
2. निर्वाचन कार्यक्रम नोटिस बोर्ड पर चस्पा
3. नामांकन शुल्क अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उपप्रबन्धक एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु रू. 5,000/-प्रति।
4. नामांकन शुल्क सदस्य पद हेतु रू. 3,000/- प्रति।
5. उपरोक्त चुनाव कार्यक्रम के बिन्दु संख्या 01 से 07 तक की कार्यवाही क्षेत्रीय कार्यालय सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स वाराणसी मण्डल वाराणसी पर सम्पन्न होगें। मतदान के समय मतदाता को अपने-अपने परिचय पत्र, जो निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये है, आवश्यक रूप से लाना है।

चुनाव अधिकारी/सहायक निबन्धक
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।

**वर्गीकृत विज्ञापन** आज

**सूचना**

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरे आर्मी सर्विस नंबर संख्या 15 22 8903 k में पिता जी का नाम अंग्रेजी में Lalata prasad yadav के जगह Lalta prasad yadav तथा उनके जन्म तिथि में 01.01.1959 के जगह 07.04.1962 हो गया है जबकि सही नाम **Lalata prasad yadav** व जन्म तिथि 01.01.1959 है। **दिनेश कुमार यादव** पुत्र लालता प्रसाद यादव ग्राम- गद्दोपुर ,पोस्ट- हाथी,जिला वाराणसी। मो. नं. 9721 696 947

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021अनुक्रमांक 212482086 का मूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। **युवराज** पुत्र कल्लू सिंह ग्राम कटका, नरायनपुर मिर्जापुर

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड संख्या-7334 4678 7039 मेरा नाम कुमारी मुस्कान अंकित है जो गलत है, जबकि मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम मुस्कान अंकित है जो सही है। कुमारी मुस्कान व मुस्कान दोनों ही नाम एक व्यक्ति का है। अत: मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र के अनुसार मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम दर्ज किया जाए। **मुस्कान** पुत्री रविंद्र कुमार, ग्राम-यारपुर बेदुआ, तहसील व जिला- बलिया, उ.प्र.

**सूचना**

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का उसके समस्त शैक्षणिक अभिलेखों में नाम अर्पिता यादव पुत्री कमलेश यादव है, जोकि उसका सही नाम है। मेरी पुत्री के आधारकार्ड में त्रुटिवश नाम आरती यादव अंकित हो गया है, जिसे सुधार किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत होगा। **कमलेश यादव** , निवासी ग्राम मझवां, तहसील चुनार, जिला मीरजापुर।

**सूचना**-मेरा पुत्र विहान लढ़ा जो सनबीम स्कूल लहरतारा वाराणसी में कक्षा-10 मे अध्यनरत है, स्कूल के रिकार्ड में मेरा नाम VINEET SANTOSH LADHA अंकित हो गया है जो गलत है सही नाम **VINIT LADHA** है जिसे सुधार किया जाना न्यायसंगत होगा। विनीत लढ़ा पुत्र स्व. सन्तोष लढ़ा पता जे. 12/34-1 के धूपचण्डी नाटीईमली वाराणसी।

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गुंजा देवी (GUMJA DEVI) दर्ज है जिसमें अंग्रेजी में नाम गलत एवं त्रुटिपूर्ण है जबकि मेरे निर्वाचन कार्ड में गुन्जा देवी (GUNJA DEVI) दर्ज है जो सही है अत: भविष्य में मेरे सही नाम गुन्जा देवी (**GUNJA DEVI**) के नाम से जाना व पहचाना जाय। गुन्जा देवी पत्नी राहुल कन्नौजिया निवासिनी पूरे रघुनाथ गोपीगंज संत रविदास नगर भदोही।

**पाठकों से**

**'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।**
**प्रबन्धक**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गाजीपुर**

पत्रांक: मेमो/ 23- विज्ञापन/ न.पा.परि.गा./ 2026-27 दिनांक-01.10.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

आज दिनांक 01.10.2026 को नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा "स्वच्छ सेवा संकल्प"के दृष्टिगत साई घाट पर अभियान चलाया गया, जिसमें मा० राज्य सभा सांसद श्रीमती संगीता बलवन्त भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कृष्ण विहारी राय एवं जिलाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश राय नगर पालिका परिषद गाजीपुर की अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद कुमार अग्रवाल एवं मा० सभासदगण श्री रवि केशरी, श्री अजय कुशवाहा, श्री नन्दू कुशवाहा व भारी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ यूनियन बैंक आफ इण्डिया के सभी अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें साईघाट पर व्यापक सफाई के साथ-साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। जिसमें कुल लगभग 2500 की संख्या में लोग उपस्थित रहे। समस्त कार्य नगर पालिका परिषद गाजीपुर के अधिशासी अधिकारी डॉ धीरेन्द्र कुमार राय एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारी द्वारा सफल आयोजन कराया गया है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाजीपुर**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत, भदौरा**
**विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 02 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 07 अक्टूबर 2026 समय 01:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।
1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

**अविनाश कुमार**
**सचिव**
**मो.नं.-8687744711**

**बिट्टू सिंह कुशवाहा**
**ग्राम पंचायत प्रशासक**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत, तराँव**
**विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 02 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 06 अक्टूबर 2026 समय 01:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।
1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

**अविनाश कुमार**
**सचिव**
**मो.नं.-8687744711**

**समीर पासवान**
**ग्राम पंचायत प्रशासक**

# गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

## ओडिसा से महोबा ले जाया जा रहा था गांजा, मुर्धवा के समीप पुलिस ने की थी घेराबंदी

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाने की पुलिस ने बुधवार की रात मुर्धवा-रनटोला मार्ग पर चेकिंग के दौरान महिंद्रा एक्सयूवी से 2.85 क्विंटल गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गांजा 195 पैकेट में प्लास्टिक टेप से पैक कर वाहन की पिछली सीट के नीचे और डिग्गी में छिपाकर रखा गया था। वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। 30 सितंबर की रात करीब पौने ग्यारह बजे मुर्धवा से करीब दो किलोमीटर आगे पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक एक्सयूवी पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगी। घेराबंदी कर वाहन को रोकने के बाद तलाशी ली गई तो गांजा बरामद हुआ। वाहन से दो नंबर प्लेट और दो मोबाइल फोन भी मिले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमेश अहिरवार निवासी गांधीनगर, महोबा और महिपाल पाल निवासी कबरई, महोबा के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि ओडिसा से गांजा लेकर महोबा पहुंचाने के लिए, उन्हें प्रति चक्कर 20-20 हजार रुपये मिलने थे। दोनों ने पहले भी एक-दो बार गांजा पहुंचाने की बात बताई। 29 सितंबर को दोनों ओडिसा से गांजा लेकर महोबा के लिए निकले थे। रास्ते में पुलिस चेकिंग देखकर वाहन को जंगल में छिपा दिया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की जांच की जा रही है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपये बताई गई है।

## मुख्य नहर घाघर में छोड़ा गया पानी, किसानों को राहत

करमा(सोनभद्र)। धंधरौल बांध से निकलने वाली मुख्य घाघर नहर घोरावल सहित सभी राजवाहा के साथ ही सभी माइनरों से धान की खेती करने वाले किसानों के खेतों में नमी नहीं होने से निकल रही बालियों से खेती प्रभावित होने लगी थी। इन समस्याओं को लेकर सहायक अभियंता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि किसानों की मांगों को देखते हुए गुरुवार से मुख्य नहर घाघर में पानी छोड़ दिया गया है। जिससे सूख रही धान की फसलों को जीवनदान मिल जायेगा।

# सड़क पर हुआ प्रसव, एक घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस

## एनटीपीसी रिहंद में संवेदनहीनता : डोडहर निवासी अनुसूचित जाति परिवार ने लगाया उपेक्षा, भेदभाव का आरोप

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद परिसर में गुरुवार सुबह आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई। समय पर एंबुलेंस न मिलने के चलते एक गर्भवती महिला को कर्मचारी विकास केंद्र गए हैं। एक घंटे तक तड़पती रही प्रसूता, नहीं पहुंची एंबुलेंस प्राप्त परिसर स्थित कर्मचारी विकास केंद्र के पास पहुंचे। हालत बिगड़ने पर एक घंटे तक कोई मदद नहीं पहुंची। इसी बीच प्रसव पीड़ा असहनीय होने पर महिला ने ईडीसी के सामने ही बच्चे को जन्म दे दिया। प्रसव के काफी देर बाद पहुंची एंबुलेंस से जच्चा-बच्चा को एनटीपीसी के धन्वंतरी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। पीड़ित अर्जुन ने कहा कि उनका परिवार अनुसूचित जाति वर्ग से ताल्लुक रखता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीपीसी की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों, विशेषकर अनुसूचित जाति के परिवारों के साथ उपेक्षा का व्यवहार नया नहीं है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन परिसर के भीतर घटी इस घटना ने प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गहरा दाग जरूर लगा दिया है।

## अस्पताल महज डेढ़ किमी दूर, फिर भी तड़पती रही प्रसूता, गुजरने वाले हर अधिकारियों की पड़ रही थी नजर

ईडीसी के सामने खुले में ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस घटना के बाद औद्योगिक परिसर में मौजूद स्वास्थ्य एवं आपातकालीन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो जानकारी के अनुसार, निकटवर्ती ग्राम डोढर निवासी अर्जुन की पत्नी रेशमा को गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे लेकर एनटीपीसी परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस के लिए संपर्क किया, लेकिन आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद करीब

## किसी ने नहीं रोकी गाड़ी

परिजनों ने आरोप लगाया कि जब महिला दर्द से कराह रही थी, उस दौरान परिसर के उस मार्ग से कई प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारी अपने वाहनों से गुजरे, लेकिन किसी ने भी रुककर मानवीय आधार पर मदद की पहल नहीं की। इस संवेदनहीनता को लेकर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## उठे कई गंभीर सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है जब धन्वंतरी अस्पताल की दूरी घटनास्थल से महज डेढ़ किलोमीटर के दायरे में है, तो एंबुलेंस को पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा? आपातकालीन कॉल आने के बाद रिस्पांस टीम ने तत्काल चिकित्सा सहायता या प्राथमिक किट क्यों नहीं भेजी? क्या परिसर में आम ग्रामीणों और मजदूरों के लिए आपातकालीन सेवाएं प्राथमिकता में नहीं हैं? ग्रामीणों ने मांग की है कि एंबुलेंस कंट्रोल रूम के काल रिकार्ड और मूवमेंट की जांच कर दोषी स्वास्थ्यकर्मियों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# गड्ढों में भरी गयी गिट्टी दे रही दुर्घटना को दावत

चुर्क(सोनभद्र)। चुर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील तो हो चुका था अब विभाग जख्म देने का कार्य कर रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में गिट्टियां भरी गई है जो दुर्घटना को प्रत्येक वर्ष होती है और इसके बाद भी सड़क टूटने में देर नहीं लगती है। इस मार्ग पर जिले के आलाअधिकारियों का प्रतिदिन का आवागमन होता है इसके बाद भी

## गुजरने वाला हर व्यक्ति को लगता है डर, मानक के अनुरूप मरम्मत कराने की मांग

दावत देने का कार्य कर रहा है। स्थिति यह हो गई है कि चाहे बाइक हो या बड़ी वाहनें जब गुजरती है तो हमेशा भय बना रहता है कि कहीं गिट्टी छटक कर चोटहिल न कर दें। लोगों का कहना है कि इससे अच्छा तो टूटी हुई सड़क ही थी कि कम से कम आवागमन में डर तो नहीं लगता था। जबकि चुर्क मार्ग की मरम्मत सड़क की मरम्मत सही ढंग से नहीं हो पा रही है। अभी बारिश के पहले ही इसकी मरम्मत की गई थी जो बारिश होते ही मरम्मत वाले स्थान फिर से टूट गई। स्थानीय लोगों ने इस ओर संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानक के अनुरूप इसकी मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

# ट्रेलर ने दो कारों को मारा टक्कर

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र के नौकोठिया के पास बीते रविवार को हुए हादसे के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ट्रेलर ने दो कारों को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि एक कार चालक घायल हो गया था। अनपरा थाना क्षेत्र के एनपीसीसी कॉलोनी निवासी शाकिब अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे अपनी कार से अनपरा से ओबरा की ओर जा रहे थे। रिहंद डैम पुल पार कर नौकोठिया के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने कथित तौर पर गलत दिशा में आकर उनकी कार में टक्कर मार दी। आरोप है कि भिड़ंत के बाद ट्रेलर चालक ने कार को करीब 25 से 30 मीटर तक घसीटा और वाहन से सिर बाहर निकालकर जान से मारने की धमकी दी। हादसे में शाकिब के माथे के दाहिने हिस्से में गंभीर चोट आई। उपचार के समेत अन्य अधिकारी सवार थे। वे रिहंद जलाशय का निरीक्षण कर लौट रहे थे। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को करीब 500 मीटर दूर खड़ा कर मौके से फरार हो गया।

## धमकी देने का आरोप, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दौरान चिकित्सक ने आठ टांके लगाए और सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। तहरीर के अनुसार, शाकिब की कार के पीछे चल रही हौंडा अमेज भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। आरोप है कि चालक ने अमेज को भी करीब 30 से 40 मीटर तक घसीटा। अमेज में सिंचाई विभाग के रिहंद बांध सिविल खंड के अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता पीड़ित के अनुसार ट्रेलर पर दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क कर घटना की जानकारी ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधियों को दी गई। इस दौरान कथित तौर पर अभद्रता की गई। पिपरी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच के साथ फरार चालक की तलाश कर रही है।



प्रसव के बाद लोगों की लगी भीड़। छाया:आज।

# खड़ी ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, शिक्षक घायल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ के पास बुधवार की देर शाम मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक निजी विद्यालय में शिक्षक बताया गया है। वह ओबरा से अपने घर लौट रहा था। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पड़री ग्राम पंचायत के बराईडाड़ टोला निवासी कृष्ण गोपाल यादव 29 वर्ष पुत्र अशोक यादव एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। बताया गया कि बुधवार को वह किसी कार्य से ओबरा गए थे। देर शाम वह बाइक से ओबरा से अपने

## ओबरा से घर लौटते समय आश्रम मोड़ के पास हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

घर बराईडाड़ लौट रहे थे। जैसे ही वह मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर आश्रम मोड़ के पास पहुंचे, सड़क किनारे पहले से खड़े ट्रक को वह देख नहीं पाए और बाइक पीछे से ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कृष्ण गोपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल को संभाला और पुलिस को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर भेजा। सीएचसी में चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए, जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र के खाड़पाथर टैम्पो स्टैंड के पास आने-जाने वाली महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने और अश्लील गाने गाने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 296 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है। रेणुकूट चौकी प्रभारी जितेंद्र सरोज हमराह पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि खाड़पाथर टैम्पो स्टैंड के पास एक युवक सड़क पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक महिलाओं की ओर इशारा कर अश्लील टिप्पणी करता मिला। पुलिस ने आरोपी राजन विश्वकर्मा पुत्र गुलाब विश्वकर्मा निवासी खाड़पाथर मुर्धवा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में लगी आग, अफरा-तफरी

अनपरा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के करहिया क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़ी ट्रक के आगे वाले पहिये में अचानक आग लग गई जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना अनपरा परियोजना के दमकल कर्मियों को देते हुए मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। फायर बिग्रेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

# अमित अग्रहरी बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

लिलासी(सोनभद्र)। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सहदेव तिवारी ने की। बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर तैयारियों, समिति की जिम्मेदारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में पुरानी कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने पिछले वर्ष की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। सर्वसम्मति से अमित अग्रहरी को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं ओम अग्रहरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सुजीत अग्रहरी, रामाशंकर गुप्ता, शशांक अग्रहरी, केदार रावत और अशोक मिश्रा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में पंकज सिंह और जितेंद्र अग्रहरी को महामंत्री बनाया गया। जबकि सुनील कुमार, प्रिंस अग्रहरी, रामू और सतबीर सिंह को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

## १७ वीं जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता

करमा(सोनभद्र)। मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी करकी माईनर के प्रांगण में 17 वीं जनपदी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब विद्यालय के अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह मौर्य ने किया। प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अंडर 19 बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज सिरसिया ठकुराई खैरपुर विजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग अंडर 19 में पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज शक्तिनगर विजेता रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी विजेता रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में कलावती देवी शिक्षण संस्थान पगिया खैराही विजेता रहा। अंडर 14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में कलावती देवी शिक्षण संस्थान पगिया खैरही विजेता रहा।

# स्वच्छ परिसर, स्वस्थ पर्यावरण का दिया गया संदेश

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत गुरुवार को एनटीपीसी प्रबंधन एवं सीआईएसएफ रिहंद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वागत गेट से गैरेज तक निकाली गई रैली में सीआईएसएफ जवानों एनटीपीसी कर्मियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर लोगों को स्वच्छता के प्रति



जागरूक किया। रैली के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने, कूड़े का उचित निस्तारण उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ वातावरण के लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने लोगों से अपने आसपास नियमित साफ-सफाई रखने और सार्वजनिक स्थानों को गंदगी से मुक्त रखने की अपील की। अभियान में जवानों एवं

## एनटीपीसी रिहंद में निकली जागरूकता रैली

करने तथा अपने आसपास साफ सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्वागत गेट के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे सीआईएसएफ जवानो ने श्रमदान किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बीजपुर विश्राम सागर गुप्ता ने भी अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। एनटीपीसी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचा। इस दौरान स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ रिहंद इकाई के सहायक समादेष्टा (फायर) आलोक कुमार चौधरी, निरीक्षक केके सिंह,

# कंपोजिट ग्रांट में सरकारी धन के गबन का आरोप

बीजपुर(सोनभद्र)। शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय बिछियारी में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा विद्यालयों के सुंदरीकरण और जबकि धरातल पर विद्यालय में कोई कार्य नहीं कराया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय

## एसएमसी अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर पर लाखों की हेराफेरी

विद्यालय प्रबंध समिति एसएमसी के खाते से सरकारी धन के गबन का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम सभा महुली स्थित प्राथमिक विद्यालय जलजलिया, प्राथमिक विद्यालय महुली और निकटवर्ती शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु प्रत्येक वर्ष दी जाने वाली कंपोजिट ग्रांट की धनराशि में भारी अनियमितता की गई है। आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय जलजलिया के एसएमसी खाते से अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सत्र 2021-22, 2022-23, 2023-24 और आगामी सत्रों के मद में प्रतिवर्ष मिलने वाली धनराशि में से लगभग 2,00,000 निकाल लिए गए बिछियारी और कंपोजिट विद्यालय महुली में भी प्रभारी अध्यापकों और सहायक अध्यापक सहित अन्य पर धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने बेसिक शिक्षा विभाग के इस भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# अधिकारियों ने किया स्वैच्छिक श्रमदान

बीजपुर(सोनभद्र)। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक एनटीपीसी रिहंद में विभिन्न स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत स्वागत गेट पर सामूहिक स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी रिहंद एवं सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्यजनों के साथ-साथ कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए श्रमदान किया और स्वच्छ एवं स्वच्छतापूर्ण कार्यस्थल बनाए रखने का संदेश दिया। संजय असाटी कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद ने उपस्थित सभी लोगों से स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत स्वच्छ्ता से श्रमदान कर स्वच्छता के इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास एवं जनभागीदारी के माध्यम से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

## शिविर में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कल्याण केंद्र, एनटीपीसी रिहंद में संविदा कर्मियों हेतु 'सफाईमित्र सुरक्षा शिविर' के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनटीपीसी रिहंद के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान संविदा कर्मियों के रक्तचाप, ब्लड शुगर, हृदय गति, हीमोग्लोबिन सहित अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ-साथ मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया।

# विलुप्त हो रही व्रतवाली तिन्नी, ऊंचे दामों पर बिक रहा देशी चावल

## कभी ताल-तलैया में खुद उगती थी फसल

सोनभद्र। कभी बरसाती जलभराव वाले खेतों और तालाबों में अपने आप उग आने वाली तिन्नी की फसल अब जिले में सिमटती जा रही है। व्रत-उपवास से लेकर पारंपरिक खीर और स्थानीय व्यंजनों तक में इस्तेमाल होने वाले इस चावल की बाजार में खास मांग बनी हुई है। स्थानीय दुकानदारों की मानें तो वे बताते हैं कि तिन्नी का चावल 120 से 160 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। चावल की खेती सुबह की हल्की धूप में गांव की कच्ची पगडंडी पार करते ही निचले खेतों और तालाब की ओर नजर जाती है। पानी के बीच हरी-भरी फसल लहलहा रही है। पहली नजर में सामान्य धान लगता है, लेकिन बुजुर्ग तुरंत पहचान लेते हैं-ई तिन्नी हउवे। जिले के ग्रामीण इलाकों में कभी तिन्नी आम फसल थी। मझिगांव के किसान मनोज मिश्रा तालाब किनारे खड़े होकर यादें ताजा करते हैं, हमरे जमाने में तिन्नी खूब होत रही। जहां पानी भर जात रहा, उहई लगा देत रहे। घर के काम आवत रही और व्रत-त्योहार में भी खाए जात रही। अब लोग जल्दी तैयार हो जाए वाला धान लगावत हैं। नई पीढ़ी को तिन्नी के बारे में बहुत कम जानकारी बा। जूगैल गांव की कमल पत्ती देवी बताती हैं कि पहले तिन्नी के चावल से खीर बनाई जाती थी और व्रत में भी इसका इस्तेमाल होता था। अब बाजार में सब कुछ मिल जाला, लेकिन उ स्वाद कहां? तिन्नी सिर्फ फसल नहीं, खाद्य और धार्मिक परंपरा का हिस्सा भी रही। इससे खीर, भात, पुलाव, खिचड़ी और अन्य स्थानीय व्यंजन बनाए जाते हैं। समय के साथ हाइब्रिड धान का चलन बढ़ा और पोखर-तालाब सिकुड़ते गए। इसका असर तिन्नी पर पड़ा। किसान विनय मिश्रा कहते हैं, फसल त छोटी ह, लेकिन बात बड़ी ह। ई बची रही त गांव के पुरनका तरीका भी बची।

## बारिश का पानी बन जाता मुसीबत

बरसात का पानी जहां सामान्य खेती के लिए मुसीबत बन जाता, वहीं ऐसे जलभराव वाले खेतों और तालाबों के किनारे तिन्नी किसानों के लिए उपयोगी साबित होती थी। आज आधुनिक किस्मों और बदलते खेती-तरीकों के बीच यह कई जगहों से गायब हो गई है, लेकिन गांव की स्मृतियों में इसकी जगह अब भी कायम है।

## कृषि विशेषज्ञों का मानना है

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि स्थानीय किस्मों की पहचान, प्रमाणित बीज, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, प्रसंस्करण-पैकेजिंग और संगठित बाजार उपलब्ध कराया जाए तो तिन्नी किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया बन सकती है। महिला स्वयं सहायता समूहों के जरिए मूल्यवर्धित उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। तालाब किनारे खड़े बुजुर्ग किसान बीबी चौबे की बात याद दिलाती है- अगर किसानों की आवाज, विभाग की पहल और बाजार का साथ मिले तो यह फिर गांव की पहचान बन सकती है। नहीं तो अगली पीढ़ी शायद पूछेगी कि तिन्नी आखिर होती कैसी थी।

# संचारी रोगों पर वार, घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम

## डीएम ने शपथ दिलाकर प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी, १२ से ३१ अक्तूबर तक चलेगा दस्तक अभियान



ज्ञानपुर। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो गया। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर सरपतहां में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने लोगों को रोगों से बचाव की शपथ दिलाई और प्रचार वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। डीएम ने कहा कि स्वच्छता, स्वस्थ व्यवहार और जनभागीदारी से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, स्वच्छ पेयजल का सेवन करने और मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनने की अपील की। बुखार होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में जांच और उपचार कराने को कहा। नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में अभियान की नियमित निगरानी, एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। 12 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय और कुष्ठ रोग के लक्षण वाले लोगों की पहचान करेंगी। बुखार पीड़ितों और कुपोषित बच्चों की सूची भी तैयार की जाएगी। मच्छरों के प्रजनन वाले घरों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के पहले दिन बेसिक विद्यालयों में ग्राम प्रधान, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और ग्रामीणों की सहभागिता से जागरूकता रैली और संगोष्ठियां हुईं। पीएचसी, सीएचसी और विकासखंड कार्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक, डॉ. ओपी शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे, बीएसए शिवम पांडेय समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनरों की समस्याओं का होगा समाधान, ३० को पेंशन अदालत

ज्ञानपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए 30 अक्तूबर को पेंशन अदालत आयोजित होगी। विंध्याचल मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे मीरजापुर स्थित आयुक्त कार्यालय सभागार में होने वाली अदालत में भदोही के पेंशनरों के प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। पेंशन अदालत में पेंशन या ग्रेच्युटी स्वीकृत नहीं होने, पेंशन निर्धारण में त्रुटि, सेवानिवृत्ति के बाद वेतन पुनरीक्षण के आधार पर पेंशन पुनरीक्षण तथा प्रशासनिक और पेंशन विभाग के बीच मतभेद वाले मामलों पर विचार किया जाएगा। ऐसे प्रकरण भी प्रस्तुत किए जा सकेंगे जो न्यायालय में लंबित हैं, लेकिन पेंशनर उन्हें न्यायालय के बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हैं। हालांकि, उच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों पर पेंशन अदालत में विचार नहीं किया जाएगा, जिनमें न्यायालय का निर्णय अपेक्षित है।

## तीन अक्तूबर को रखा जाएगा जीवित्पुत्रिका व्रत

गोपीगंज। संतान की दीर्घायु और खुशहाली की कामना को लेकर महिलाएं तीन अक्तूबर शनिवार को जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजन सामग्री और फल-फूल की दुकानों पर खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ जुटने लगी है। डूहिया भावसिंहपुर निवासी पंडित दीनानाथ शुक्ल ने बताया कि अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। महिलाएं संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए निराहार और निर्जला व्रत रखती हैं। व्रत की तैयारी को लेकर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पूजन सामग्री, फल-फूल, खिलौने और डलिया आदि की दुकानें सज गई हैं। तीन अक्तूबर को महिलाएं स्नान-ध्यान के बाद व्रत शुरू करेंगी। अगले दिन व्रत का पारण किया जाएगा।

## बीडीओ पर सुविधा शुल्क के आरोप की जांच, ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

### डीएम बोले-तथ्यों के आधार पर होगी काररवाई

ज्ञानपुर। औराई विकासखंड में खंड विकास अधिकारी पर सुविधा शुल्क मांगने, धमकी देने और अनुचित दबाव बनाने के आरोपों के बीच ग्राम पंचायत अधिकारी रविन्द्रनाथ गौड़ को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा ने यह कार्रवाई आचरण नियमावली के विपरीत कार्य करने के मामले में की है। हालांकि, बीडीओ पर लगाए गए आरोपों की जांच अभी जारी है और ऑडियो की सत्यता सामने आने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट होगी। ग्राम पंचायत अधिकारी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र और आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की थी। आरोप लगाया कि बीडीओ ने उन पर अनुचित दबाव बनाते हुए सुविधा शुल्क की मांग की। शिकायतकर्ता ने 25 सितंबर की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग अपने मोबाइल में सुरक्षित होने का दावा किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उच्चाधिकारियों से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और सेवा समाप्त कराने की धमकी दी गई। जाति और संस्कार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप भी लगाया गया है। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि शिकायत में लगाए गए आरोपों से संबंधित ऑडियो की पहले सत्यता जांची जाएगी। ऑडियो सत्यापित होने के बाद उसे आवश्यक जांच के लिए शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में उपलब्ध तथ्यों और जांच के निष्कर्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, बीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी के आरोपों को निराधार बताया है।

## समूह सखियों ने मानदेय बढ़ाने समेत सुविधाओं की उठायी मांग

ज्ञानपुर। विकासखंड डीघ में कार्यरत समूह सखियों ने मानदेय बढ़ाने समेत आवश्यक कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समूह सखियों ने वर्तमान महंगाई और बढ़ती जिम्मेदारियों को देखते हुए मानदेय बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि समूह सखियां ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को संगठित करने, समूहों के सुचारु संचालन में सहयोग देने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं को पात्र महिलाओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर समूहों से संपर्क व समन्वय, बैठकों में सहयोग, अभिलेखीय एवं ऑनलाइन कार्य तथा विभागीय सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित विभिन्न जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं।

## आरआरसी संचालन का अधिकार नहीं मिला तो स्वच्छता ग्राहियों में नाराजगी

ज्ञानपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वर्ष 2017-18 से कार्यरत स्वच्छता ग्राहियों ने रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) के संचालन का स्पष्ट लिखित अधिकार दिए जाने की मांग की है। ग्रामीण स्वच्छता ग्राही संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर मांग पूरी न होने पर नाराजगी जताई। संघ का कहना है कि स्वच्छता ग्राही लगातार गांवों में लोगों को खुले में शौच से मुक्त रखने, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2023 में अपनी मांग को लेकर लखनऊ में धरना भी दिया गया था। संघ के अनुसार, उस दौरान निदेशालय के अधिकारियों ने स्वच्छता ग्राहियों को आरआरसी सेंटर संचालन का अधिकार दिए जाने का आश्वासन दिया था। संघ ने पत्र में कहा है कि 16 फरवरी 2026 को जिला प्रशासन की ओर से प्रकाशित सूचना में दूसरे जिले से सफाई कर्मियों को बुलाकर सफाई अभियान चलाने की बात सामने आई थी। इससे स्वच्छता ग्राहियों में असंतोष है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर लंबे समय से काम कर रहे स्वच्छता ग्राहियों को आरआरसी संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। संघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सक्रिय स्वच्छता ग्राहियों को आरआरसी संचालन के लिए स्पष्ट और लिखित अधिकार प्रदान किया जाए, ताकि वे अपनी जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभा सकें।

## शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में वितरित किया गया छात्रवृत्ति, पुरस्कार

गोपीगंज। विकास खंड औराई के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोइलरा में प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्योति कुमारी द्वारा शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी एवं स्व. श्री बलदेव प्रसाद स्मृति छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत बच्चों ने बैंड बजाकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अर्चना पटेल एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रमाकान्त सिंह सिंहरौल, खण्ड शिक्षा अधिकारी औराई वेद प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। हसीना एवं साक्षी ने सरस्वती वंदना एवं अंशिका, सोनिका, नैंसी, रागिनी, आंचल एवं मनीषा ने बहुत ही सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात गौरव, परी, रुचि, अंश विश्वकर्मा, सोनाक्षी ने अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 19 सितंबर को किया गया था। उक्त परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कक्षा 8 की वर्षा विश्वकर्मा, कक्षा 7 के गौरव को 501 रुपये, बैग एवं स्टेशनरी, द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 8 की ममता बिंद एवं रोशनी को 251 रुपये का स्टेशनरी गिफ्ट पैक एवं तृतीय स्थान प्राप्त रिया सरोज को 101 रुपये का स्टेशनरी गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। शेष चौथे से दसवें स्थान प्राप्त छात्रों कुलदीप, अंकित, गौरव, अमित, आर्यन, अंश विश्वकर्मा, शिवम सरोज, रागिनी, आकांक्षा, जूली, विजय, अमन, आकाश, आदर्श, संध्या, अखिल विश्वकर्मा, मनीषा को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 51 रुपये का स्टेशनरी गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। इसी क्रम में लगातार तीन माह उपस्थित बच्चों गौरव, आयुष, शिवम सरोज, आस्था, आंचल, आर्यन, साक्षी, सोनाक्षी को पुरस्कार स्वरूप कॉपी एवं ज्यामिती बॉक्स प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की छात्रा वर्षा एवं ममता बिंद ने किया।

## गांधी जयंती पर जिले में चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

ज्ञानपुर। गांधी जयंती पर जिले में विविध कार्यक्रमों के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को जूम बैठक में अधिकारियों को दो अक्तूबर के सभी कार्यक्रम निर्धारित समय और गरिमा के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए और सुबह नौ बजे कार्यालयों व विद्यालयों में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाए। इस दौरान गांधीजी के जीवन, संघर्ष और देशसेवा पर प्रकाश डालने के साथ भजन व रामधुन का आयोजन होगा। सुबह सात बजे मूसीलाटपुर से देवनाथपुर और वापस स्टेडियम तक क्रॉस-कंट्री रेस होगी। वहीं 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत गांवों, वार्डों, सरकारी कार्यालयों और मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलेगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों और स्वच्छ गांवों को पुरस्कृत किया जाएगा। ज्ञानपुर में दुर्गागंज तिराहे से जिला मुख्यालय मार्ग पर पड़े कूड़े को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। गांधी जयंती पर स्वास्थ्य मेला और रक्तदान शिविर भी लगेगा। सुबह 10:30 बजे पिपरीस में कुष्ठ रोगियों को फल व दवा तथा 11:30 बजे क्षय रोगियों को फल व दवा वितरित की जाएगी। आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से गांवों में स्वच्छता जागरूकता और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। सभी विकासखंडों के कम से कम पांच गांवों में विशेष प्रचार-प्रसार होगा।

## नशे की खेप बेचने पहुंचे दो तस्कर गिरफ्तार

सुरियावां। पुलिस ने फ्लाईओवर के नीचे ग्राहक को एमडीएमए नशीला पाउडर बेचने की तैयारी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 17.60 ग्राम एमडीएमए, 4,500 रुपये नकद, दो मोबाइल और टीवीएस स्पोर्ट बाइक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये है। पुलिस ने कौड़र निवासी दीपक उपाध्याय उर्फ मुलायम (35) से 14.52 ग्राम और प्रमेश उपाध्याय उर्फ भोलू (23) से 3.08 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशीला पाउडर दो लोगों से खरीदकर लाए थे और ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को २० साल की सजा

ज्ञानपुर। ऊंज थाना क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो ने दोषी अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गिर्दकोट बरौत निवासी शाहिल हाशमी पुत्र शेर अली हाशमी के खिलाफ ऊंज थाने में नाबालिग पीड़िता से संबंधित मामले में धारा 363, 376 व 366 आईपीसी तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलित करते हुए कम समय में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर महिला एवं बाल अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले की लगातार मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और एडीजीसी धीरज शुक्ला की प्रभावी पैरवी के बाद विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), ज्ञानपुर की अदालत ने शाहिल हाशमी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## कथा श्रवण से मोक्ष की होती है प्राप्ति, कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

ज्ञानपुर। गंगा किनारे बसे कौलापुर गांव में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा की भक्ति धारा बह रही है। गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. लक्ष्मीधर चतुर्वेदी के यहां



आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा पंडाल को गुब्बारों और फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग शुरू होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक अनुराग जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कंस के अत्याचारों और मर्यादाओं के टूटने पर भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया। कथा के दौरान वासुदेव, यशोदा और बाल श्रीकृष्ण की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' भजन पर श्रद्धालु काफी देर तक झूमते और नृत्य करते रहे। महाराज ने कहा कि जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए संकल्प जरूरी है। बच्चों को माता-पिता और गुरु की बात माननी चाहिए। अभिभावकों को बच्चों को भागवत कथा, सत्संग और कीर्तन में साथ लाना चाहिए, इससे उनमें अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जबकि श्रीकृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। मर्यादा का पालन करने वाला ही कृष्ण कथा का वास्तविक भाव समझ सकता है। भगवान की कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने बढ़ायी सक्रियता

### स्नातक और शिक्षक संघ एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर जिला कार्यालय में बैठक

ज्ञानपुर। आगामी स्नातक और शिक्षक संघ एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ा दी है। जिला कार्यालय ज्ञानपुर में हुई बैठक में चुनावी तैयारियों को धार देने के साथ ही मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने और बूथ स्तर पर अभियान को मजबूत करने की रणनीति पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ मतदाता संपर्क अभियान तेज करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की। स्नातक एमएलसी चुनाव के काशी क्षेत्र संयोजक एवं पूर्व विधायक सुरेंद्रनाथ सिंह ओढ़े और शिक्षक संघ एमएलसी चुनाव के काशी क्षेत्र संयोजक एवं काशी क्षेत्र महामंत्री अजीत रावत ने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। स्नातक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय तथा शिक्षक संघ एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक कुंवर प्रेमचंद मौर्य मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अखिलेंद्र सिंह बघेल ने किया।



जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि दोनों चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यकर्ता पूरी गंभीरता के साथ मतदाताओं से संपर्क करें और संगठन की विचारधारा व उपलब्धियों को उन तक पहुंचाएं। उन्होंने चुनावी तैयारियों में समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। सुरेंद्रनाथ सिंह ओढ़े ने स्नातक मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने की बात कही। अजीत रावत ने शिक्षक समाज के मतदाताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में वरिष्ठ नेता नागेंद्र सिंह, जिला महामंत्री मनीष पांडेय, राजेश पटेल, विमल मिश्रा, सतीश चंद्र पांडेय, गोरेलाल पांडेय, सुरेंद्रनाथ पांडेय, मीडिया प्रभारी नवीन समेत अन्य पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य-पोषण पर जोर

ज्ञानपुर। विकासखंड भदोही के लठियां पंचायत भवन में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र पर बुधवार को आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना भदोही के सेक्टर ममहर के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा संबंधित सेवाओं को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी सैलाश राम, मुख्य सेविका नेहा दीक्षित व प्रियंका समेत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों तक विभागीय योजनाओं एवं पोषण संबंधी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## निधन पर शोक

ज्ञानपुर। गड़ौरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को पंडित सत्यनारायण मिश्रा के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। उनके असामयिक निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लगभग 100 वर्ष की आयु में निधन होने पर उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि पंडित सत्यनारायण मिश्रा शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे। वह दुर्गागंज इंटरमीडिएट कॉलेज, सेवाश्रम इंटरमीडिएट कॉलेज सुरियावां और श्री घनश्याम दुबे महाविद्यालय सुरियावां से जुड़े रहे। इस मौके पर सुग्रीव बहादुर सिंह, हरिशंकर सिंह, डॉ. सूर्यनाथ सिंह, प्रवीण सिंह, डॉ. विमलेश कुमार पांडेय, विजय कुमार सिंह, सुरेश चंद्र यादव, धर्मेंद्र सिंह, वंदना सिंह, धीरज मल पटेल, राकेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल गेट पर प्रसव मामले में डाक्टर की सेवा समाप्त

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर सड़क किनारे प्रसूता के प्रसव मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जांच के बाद संविदा पर तैनात इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (ईएमओ) डॉ. पंकज कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलिमा धवन का वेतन रोकने के साथ स्टाफ नर्स नीलम मौर्या का तबादला और तीन दिन का वेतन बाधित किया गया है। सीएमएस डॉ. एके तिवारी और डॉ. नीलिमा धवन के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। 29 सितंबर को ज्ञानपुर से सटे जोरई गांव की मुसहर बस्ती निवासी रानी देवी (20) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती कर तत्काल उपचार देने के बजाय उन्हें दूसरे अस्पताल, यहां तक कि बीएचयू जाने की सलाह देकर रेफर किया गया। इसी दौरान अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर सड़क किनारे प्रसूता ने बच्चे को जन्म दे दिया। महिला का हीमोग्लोबिन महज पांच प्वाइंट बताया गया था। घटना के बाद परिजनों ने इलाज में भेदभाव का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। सूचना पर सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक अस्पताल पहुंचे और जच्चा-बच्चा को भर्ती कराया। सीएमएस ने भी शुरुआती तौर पर लापरवाही स्वीकार करते हुए कहा था कि कम हीमोग्लोबिन होने की स्थिति में महिला रोग विशेषज्ञ को ऑन कॉल बुलाकर जांच करानी चाहिए थी। सीएमओ ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। जांच रिपोर्ट और डीएम के निर्देश के बाद कार्रवाई की गई। जातिगत भेदभाव के आरोप पर सीएमओ ने कहा कि जांच में फिलहाल ऐसे तथ्य स्पष्ट नहीं हुए हैं। जच्चा-बच्चा दोनों अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत सामान्य बताई गई है।

## बालिकाओं को बताया सुरक्षित-असुरक्षित व्यवहार का अंतर

ज्ञानपुर। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय माधोरामपुर में बुधवार को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और बालिकाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 25 सितंबर से एक अक्तूबर तक चलाए गए विशेष अभियान के तहत छात्राओं को कानून और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अपर सिविल जज अमित कुमार सिंह और प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सृष्टि पांडेय ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी।

## साइबर ठगी के २१ हजार रुपये वापस, दो पीड़ितों को राहत

ज्ञानपुर। साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए ऊंज और सुरियावां थाना की साइबर हेल्पडेस्क ने दो पीड़ितों के खातों में कुल 21 हजार रुपये वापस करा दिए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने भदोही पुलिस के प्रति आभार जताया। ऊंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी रजित राम के साथ फोन-पे के माध्यम से दो हजार रुपये की साइबर ठगी हुई थी। पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पडेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत का अवलोकन कर संबंधित स्तर पर कार्रवाई की और पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। इसी तरह सुरियावां थाना क्षेत्र के मनापुर निवासी अर्चना श्रीवास्तव से पार्सल रद्द कराने के नाम पर 36,998 रुपये की ठगी की गई थी। पीड़िता ने ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पडेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की और 19 हजार रुपये पीड़िता के खाते में वापस करा दिए।

## दिव्यांग दंपती को मिलेंगे ३५ हजार की सहायता राशि

### विवाह प्रोत्साहन योजना में आनलाइन आवेदन शुरू

ज्ञानपुर। दिव्यांगजनों के लिए राहत की खबर है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्र दंपती को 35 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लाभ लेने को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि योजना के तहत वर के दिव्यांग होने पर 15 हजार रुपये, वधू के दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये और वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना का लाभ पात्र दिव्यांग दंपती को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिया जाएगा। आवेदन के लिए दंपती को आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र के साथ आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, शादी का कार्ड और संयुक्त बैंक खाते से संबंधित अभिलेख लगाने होंगे। इच्छुक लाभार्थी अपने नजदीकी सेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन कंसापुर, ज्ञानपुर में जमा करने होंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि लाभार्थियों का चयन प्रथम आवत, प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा। ऐसे में पात्र दिव्यांग दंपती से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी न हो। विभाग ने योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन करने को कहा है।

## पितृपक्ष में दान से पितरों की कृपा मिलने की मान्यता

कांवल। हिंदू धर्म में पितृपक्ष को पितरों को समर्पित माना गया है। इस दौरान परिजन पितरों की मृत्यु तिथि पर श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक किए गए इन कर्मों से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष पितृपक्ष 27 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा। डॉ. रविकांतमणि त्रिपाठी ने बताया कि पितृपक्ष में दान का विशेष महत्व है। शास्त्रों में श्राद्ध के दिन भोजन करने वाले ब्राह्मण को चांदी की वस्तु दान करना उत्तम माना गया है।

## गुरु का आशीर्वाद सभी मनोरथों को करता है पूर्ण

ज्ञानपुर। कांवल गांव में पंडित श्रीराम मिश्र के कैंपस में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को काशी से आए मानस व्याख्याता पंडित शिवाकांत मिश्र 'सरस' ने गुरु के आशीर्वाद की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु का आशीर्वाद शिष्य के सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाला होता है। गुरु की सेवा और उनके प्रति समर्पण से जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम और लक्ष्मण गुरुदेव विश्वामित्र के पूजन के लिए पुष्प लेने जनकपुर की वाटिका में पहुंचे।

## भरत मिलाप को भव्य बनाने की तैयारी

गोपीगंज। नगर के ऐतिहासिक भरत मिलाप, दुर्गा पूजा और विजयादशमी पर्व को भव्य और सकुशल संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। नव युवक दल की ओर से मोहल्लेवार बैठकें कर आयोजन में लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई जा रही है। इसी क्रम में बुधवार देर शाम जीटी रोड स्थित लाई बाजार निवासी संजय यादव के आवास पर नव युवक दल की बैठक हुई। बैठक में नव युवक दल समिति के प्रदीप अग्रवाल टुनटुन, राजेंद्र पुष्पकार, संजय प्रताप सिंह बऊ, पूर्व सभासद विंदेश गुप्ता, सभासद अनिल यादव, संजय यादव, बबलू जायसवाल, बृजेश, अनिल लाई वाले, राकेश जायसवाल, आलोक जायसवाल, छोटे लाल जायसवाल, गणेश यादव लल्ला, अजय यादव, नीरज यादव मुन्ना, शिवम पांडेय, अनुराग गुप्ता दीपक, शेष जायसवाल, विजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## दुकान से छह बोरी नमक और लोहे की बेंच चोरी

कस्तूरीपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के बनकट गांव नहर चौराहे पर स्थित दुकान का ताला खोलकर चोर छह बोरी नमक और लोहे की बेंच उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार सुमित दुबे उर्फ गुड्डू को चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सुमित दुबे के अनुसार, बुधवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह दुकान पहुंचे तो सामान गायब मिला। जांच करने पर छह बोरी नमक और एक लोहे की बेंच नहीं मिली।

## कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

भदोही। श्री रामलीला में बीती रात राम जन्म विश्वामित्र आगमन ताड़का सुबाहु वध की लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों के द्वारा किया गया। अयोध्या के राजा दशरथ की उमर निकलती जा रही थी। उनके तीन रानियां कौशल्या कैकेई



सुमित्रा को कोई पुत्र नहीं हुए। राजा दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ को बुलाकर अपने मन की दुख को कहते हैं। तब गुरु वशिष्ठ ने उन्हें पुत्रेष्ठ यज्ञ करने को कहा। उन्होंने श्रृंगी ऋषि के पास जाकर पुत्रेष्ठ यज्ञ करने की कामना किया। श्रृंगी ऋषि ने पुत्रेष्ठ यज्ञ कराया। यज्ञ के पश्चात अग्नि देव प्रकट हुए उन्होंने एक पायस (खीर )का कटोरा दिया और राजा दशरथ उसे लेकर अपने तीनों रानियां को बराबर बराबर बांट दिया। कुछ दिनों के बाद उनके घर चार पुत्रों का जन्म हुआ। राजा दशरथ के राज दरबार में ढोल बाजे से बनने लगे। अयोध्या खुशी से झूम उठी। चार पुत्रों को पाकर राजा दशरथ फूले नहीं समा रहे थे। जब चारों पुत्र थोड़ा बड़े हुए तो उनके नामकरण संस्कार गुरु वशिष्ट के द्वारा कराया गया। बड़े बेटे कौशल्या के बेटे का नाम राम कैकेई के बेटे का नाम भरत तथा सुमित्रा के दो पुत्र हुए हैं जिसे लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखा गया। चारों पुत्रों को गुरु वशिष्ट के सानिध्य में शिक्षा दीक्षा प्रारंभ होने लगी। जब राम बड़े हुए एक दिन ऋषि विश्वामित्र का आगमन अयोध्या में हुआ और वह यज्ञ की रक्षा करने के लिए राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगने लगे। राजा दशरथ ने उन्हें राम लक्ष्मण देने माना किया। तब विश्वामित्र ने अयोध्या को श्राप से भस्म कर देने का को कहा। तब गुरु वशिष्ट के समझाने पर राजा दशरथ राम लक्ष्मण को विश्वामित्र को दे देते हैं। विश्वामित्र राम लक्ष्मण को लेकर अपने वन की ओर चल पड़ते हैं। रास्ते में वह जा रहे होते हैं तभी ताड़का उनको मारने के लिए के लिए दौड़ती है।

## नंदोत्सव पर गूंजे बधाई गीत, गोवर्धन पूजा से भक्तिमय हुआ माहौल

ऊंज। क्षेत्र के सागररायपुर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नंदोत्सव, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान बधाई गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कथा व्यास आचार्य पद्माकर मिश्रा शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना वध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान की तन, मन और धन से सेवा-भक्ति करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर अरविंद कुमार पांडेय, सुरेश चंद, अनिल कुमार, कपिल कुमार, सतीश कुमार, सुशील, निर्मला और स्वर्णलता आदि मौजूद रहे।

## हाकी कोच मुनौवर हुसैन हुए सेवानिवृत्त

भदोही। जिला खेल कार्यालय भदोही व जिला हॉकी संघ भदोही के तत्वावधान में हॉकी के समर्पित गुरु मुनौवर हुसैन के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 1993 से लगातार सेवा दे रहे मुनौवर हुसैन ने भदोही जैसे छोटे जिले में हॉक के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पैदा किए है । यह समारोह महज एक विदाई नहीं बल्कि उस व्यक्तित्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भावपूर्ण अवसर था जिसने अपने जीवन के अनमोल वर्ष भदोही की हॉकी और यहां के खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने में समर्पित कर दिए। इस अवसर पर पूर्व जिला खेल अधिकारी धर्मवीर सिंह अन्तर्राष्ट्रीय कोच रुस्तम हॉकी संघ के अध्यक्ष शाह आलम, जिला खेल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, हैंडबाल कोच मनोज कुमार, एथलेटिक कोच विनय कुमार व ज्योति सिंह, वॉलीबॉल कोच प्रेम कुमार, शिवाकांत यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक भारतोलन कोच दिलीप कुमार, कबड्डी कोच स्वेता, कुश्ती कोच मारुति नन्दन समस्त कोच एवं जिला हॉकी संघ के सचिव राजकमल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

## निर्मल मन से भक्ति करने पर भगवान की मिलती है कृपा

कस्तूरीपुर। क्षेत्र के बहरैची गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य श्री अशोक कुमार पांडेय ने भगवान की भक्ति और उसके महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का मन माया में जकड़ा रहता है, लेकिन जो व्यक्ति सच्चे और निर्मल मन से भगवान को पुकारता है, भगवान उसके पास अवश्य पहुंचते हैं। आचार्य ने कहा कि विद्यार्थी बनने के लिए अच्छे विद्यालय में जाना जरूरी है।

# बीएसएनएल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही सरकार- आनंद कुमार

## सातवें वेतन बहाली को लेकर सी-डाट पर विभागीय कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

आजमगढ़। सातवें वेतन की मांग को लेकर आल यूनियन एंड एसोसिएशन आफ बीएसएनएल दिल्ली के आह्वान पर

**आक्रोश**

**वेतन संशोधन को तत्काल लागू करने और समझौते की फाइल पर निर्णय लेने की मांग**

बीएसएनएल कर्मचारी यूनियन द्वारा लंच के दौरान सांकेतिक धरना गुरूवार को सी-डाट परिसर में किया गया। कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित वेतन संशोधन को तत्काल लागू करने तथा वेतन समझौते की फाइल पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। धरने की अध्यक्षता हरदरश राय ने किया। धरने को संबोधित करते हुए बीएसएनएल कर्मचारी यूनियन के सहायक महासचिव आनंद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अफोर्डेबिलिटी



क्लॉज में आवश्यक संशोधन न किए जाने के कारण कर्मचारियों को उनका न्यायोचित अधिकार नहीं मिल पा रहा है। सरकार बीएसएनएल के साथ सौतला व्यवहार कर रही है, बीएसएनएल कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से संगठन की एकता बनाए रखते हुए आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। रामफेर राम ने कहाकि बीएसएनएल द्वारा डिजिटल इंडिया स्वदेशी फोर जी फाइव जी, भारत उद्यमी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके बावजूद बीएनएनएल कर्मियों का सातवां वेतन की मांग को आज तक लंबित रखा गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अन्य वक्ताओं ने वेतन संशोधन को शीघ्र लागू करने, लंबित वेतन समझौते को मंजूरी देने तथा कर्मचारियों के हितों की अनदेखी बंद करने की मांग उठाई। यूनियन पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन के अगले चरण को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाएगा। इसके साथ ही अखिल भारतीय भारत संचार निगम लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने धरने को समर्थन देते हुए अपने बीएसएनएल एमआरएफ के खिलाफ मुखर हुए। धरना में अभिनव द्विवेदी, सुनील चैहान, लालसा यादव, गुलाब राय, कामता प्रसाद, रवि प्रकाश, गुरु चंद्र, कमलेश यादव, अब्दुल कादिर, अवधेश नारायण तिवारी, दरोगा लाल श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार यादव, रामाशीष यादव, अरविंद कुमार मौर्य, मदन यादव, हरकेश यादव, मनीष गौड़, नंद लाल यादव, शिवप्रसाद सिंह, राज मंगल यादव, एलजे यादव, विवेक विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, सुनील कुमार, वैष्णव प्रताप, देवेश, सर्वेश, नवनीत, राज नारायण चैरसिया, सादिक अमीन, माता प्रसाद यादव, संतोष श्रीवास्तव, विनोद यादव, सुनील उपाध्याय, के. पी. विश्वकर्मा, अरविंद यादव, राज बहादुर मिश्रा, प्रथमानंद सिंह, किस्मती देवी, हीरा लाल, बी. एन. यादव, वीरेंद्र चैबे, रामप्रकाश सोनकर, सुभाष सोनकर, अरविंद कुमार सिंह यादव, जागपत राम, धर्मराज यादव एवं राम लखन यादव आदि उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर मेडिकल कालेज में स्वच्छता अभियान

आजमगढ़। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को राजकीय मेडिकल कालेज व सुपर फैसिलिटी अस्पताल परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य प्रो. डा. बीडी सिंह समेत चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्रों ने हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान उप प्रधानाचार्या डा. मनीषा उपाध्याय, नर्सिंग प्रधानाचार्या एन. रीना, उप प्रधानाचार्या हेप्सी नत्था, डा. कुमुद रंजन, डा. राजमंगल, डा. पंकज चौधरी, डा. आतोष त्रिपाठी, दीपक सिंह, जियालाल यादव समेत अन्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा होनी चाहिए। चिकित्सा संस्थान में स्वच्छ वातावरण संक्रमण और बीमारियों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाता है।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबने से वृद्ध की मौत

अतरौलिया, आजमगढ़। थाना क्षेत्र के इटौरी नंदना गांव में गुरुवार दोपहर शौच के लिए घर से निकले 70 वर्षीय वृद्ध की पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इटौरी नंदना गांव निवासी शंकर राम पुत्र स्व. छट्टू राम गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। बताया गया कि उनका घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित एक गहरे गड्ढे के पास से गुजरना हुआ। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गड्ढे में जा गिरे। गड्ढे में बारिश का पानी भरा होने के कारण वह पानी में डूब गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ने पर उन्होंने शंकर राम को पानी से बाहर निकाला और घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। मृतक के पुत्र राजकपूर ने बताया कि घर से कुछ



फाइल फोटो-शंकर राम

दूरी पर कुछ दिन पहले मिट्टी निकालने के बाद गहरे गड्ढे को वैसे ही छोड़ दिया गया था। बारिश के कारण इसमें पानी भर गया था। इसी गड्ढे में फिसलकर गिरने से उनके पिता की जान चली गई। शंकर राम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं, सभी विवाहित हैं। पति की मौत के बाद पत्नी कैलाशी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

# सामुदायिक शौचालयों के संचालन की परखी गयी हकीकत

फूलपुर, आजमगढ़। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में बने सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालयों के

**पल्थी और चकिया चक मुर्तुजा ग्राम पंचायतों में फर्श की स्थिति खराब मिली**

संचालन और उपयोगिता की हकीकत जानने के लिए खंड प्रेरकों ने कई ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर फूलपुर ब्लॉक के खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन अनूप मौर्य और ममता श्रीवास्तव ने पल्थी, चकिया चक मुर्तुजा, गद्दोपुर, विहटा और भेड़िया आदि गांवों का स्थलीय सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों पर केयरटेकर उपस्थित मिले। ग्रामीणों द्वारा शौचालयों का उपयोग भी किया जा रहा था। शौचालयों में दैनिक उपयोग रजिस्टर भी मिला, जिसमें प्रतिदिन के संचालन का विवरण दर्ज था। पल्थी और चकिया चक मुर्तुजा ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के कक्ष के फर्श की स्थिति खराब मिली। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी गुलाब शर्मा ने बताया कि शौचालय के कायाकल्प का कार्य वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना में शामिल कर स्वीकृति के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही फर्श समेत अन्य आवश्यक कार्य करा दिए जाएंगे। टीम ने व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण का भी सत्यापन किया। लाभार्थियों आशा पाल, इमराना और सरोजा के यहां सहयोग राशि प्राप्त कर निर्माण कार्य कराया जाना पाया गया।

### वाहन की टक्कर से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के बलईपुर गांव के पास बुधवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी निवासी 30 वर्षीय रोहित पिछले करीब 10 वर्षों से पवई थाना क्षेत्र के मित्तूपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। बारिश के मौसम में वह अपने घर चला गया था। करीब 10 दिन पहले ही वह वापस ईंट भट्ठे पर काम करने आया था। बुधवार शाम रोहित सामान खरीदने के लिए सुरहुरपुर बाजार गया था। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे ईंट भट्ठा मजदूर की नजर घायल रोहित पर पड़ी तो वह उसे ईंट भट्ठे पर ले गया। वहां उपचार के दौरान बुधवार रात उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# चुनाव आयुक्त इस्तीफा दो, एसआइआर को रद करो

आजमगढ़। वामपंथी दलों भाकपा, माकपा, भाकपा-माले ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ गुरुवार

**विरोध**

**मुख्य चुनाव आयुक्त पर लगाया भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप**

को प्राइवेट बस स्टैंड नरौली से जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला और चुनाव आयुक्त इस्तीफा दो, एसआइआर को रद करो आदि के नारे लगाए। मार्च का नेतृत्व भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण, भाकपा के जिला मंत्री जतेंद्र हरि पाण्डेय, माकपा जिला मंत्री रामबृक्ष मास्टर, भाकपा-माले जिला प्रभारी विनोद सिंह कर रहे थे। मार्च में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार स्तीफा दो, एसआइआर रद करो, गलत तरीके से काटे गये वोटरों के




मतदान का अधिकार बहाल करो, वोट चोरी की सरकार नहीं चलेगी, लोकतंत्र की हत्या बन्द करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। मार्च कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल में हुई धांधली जगजाहिर हो चुकी है। बावजूद इसके ज्ञानेश कुमार और भाजपा अभी भी अपने मनमानी पर कायम हैं और लोकतंत्र का गला घोंटने पर आमादा हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआइआर रद करने, वोट चोरी से बनी सरकार को बर्खास्त करने तक जारी रहेगी। मार्च एवं प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

### जिला मुख्यालय पर ग्रापए की बैठक चार को

रानी की सराय, आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक जिला मुख्यालय स्थित रैदोपुर में 4 अक्टूबर को 11 बजे दिन में होग। बैठक में एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष वीरभद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। एसोसिएशन द्वारा 25 अक्टूबर को आयोजित सम्मेलन पर भी चर्चा की जाएगी। इस आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय ने दी है।

### रेस्टोरेंट में संदिग्धों के जमावड़े से आसपास के लोग परेशान

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे में संचालित रेस्टोरेंट में जहां मानक की अनदेखी की जा रही है वहीं संदिग्धों के जमावड़े से आसपास के लोग परेशान हैं। हालत यह है कि संचालक अंदर केबिन बनाकर उसके मनमाने दर वसूल रहे हैं। तीन घंटे के तीन सौ रुपये। वहीं इन रेस्टोरेंट पर दोपहर से लगायत देर शाम तक संदिग्धों का भी जमावड़ा होता है। हाल ही में लालगंज में रेस्टोरेंट में गोली मारकर किशोरी की हत्या के बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट पर नकेल कसी थी, तो हर जगह इसका असर दिख रहा था परंतु फिर व्यवस्था निरंकुश हो गई है। क्षेत्र के अरविंद कुमार, राजीव कुमार, विमलेश राम आदि ने समय-समय पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### बनेगी पीडीए सरकार- आशुतोष चौधरी

मेंहनगर, आजमगढ़। श्याम मैरिज हॉल सुखदेव पहलवान तिराहा हरबंशपुर में सपा की मीटिंग संपन्न हुई। संविधान व आरक्षण बचाओ का नारा लगाते हुए मेंहनगर के सपा नेता आशुतोष चौधरी ने कहा कि इस सरकार के दिन खत्म हो गये हैं। नयी सरकार सपा की बनेगी और जनता के हित में कार्य होगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, सांसद लालगंज दरोगा सरोज, एमएलसी गुड्डू जमाली, जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी को अगवा करने के मामले में आरोपी धराया

आजमगढ़। कप्तानगंज थाने के एसआई राजमणि भारती की टीम ने बुधवार की देर रात किशोरी को अगवा करने के मामले में वांछित शुभम कुमार पुत्र सभाजीत निवासी खालिसपुर नई बस्ती, थाना कप्तानगंज को गौरा पुलिया से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मामले में 26 सितंबर को एक व्यक्ति द्वारा अपनी करीब 17 वर्षीय पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर शुभम पुत्र सभाजीत के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### शादी का झांसा देकर संबंध बनाने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। रानी की सराय थाने के एसआई प्रिंस विनायक सिंह की टीम ने गुरुवार को दिन के लगभग 11 बजे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में आरोपी विपिन यादव पुत्र अजय यादव निवासी ग्राम मैनपारपुर, थाना निजामाबाद को कोटिला कट से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मामले में 30 सितंबर को क्षेत्र निवासी एक युवती द्वारा तहरीर दी गयी कि आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया गया तथा दवा खिलाकर गर्भपात कराया गया। शादी की बात कहने पर गाली-गलौज करते हुए शादी से इंकार कर दिया गया।

### समझौते के हथियार से जोड़ा तीन टूटता परिवार

आजमगढ़। नगर कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण में बैठक आयोजित की गयी। इस 4 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को फोन एवं नोटिस के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया। सभी प्रकरणों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। परिवार परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी संवाद, समझाइश एवं मध्यस्थता के माध्यम से पारिवारिक विवादों के समाधान का प्रयास किया गया, जिसके फलस्वरूप 3 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य सफलतापूर्वक समझौता कराया गया। इन प्रकरणों में 2 मामलों में पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने तथा 1 मामले में पति द्वारा अन्य महिला के संपर्क में रहने के कारण पत्नी से बातचीत न करने एवं खाना-खर्चा न देने संबंधी पारिवारिक विवाद सामने आया था। बैठक में तीन परिवारों में नई किरण जगाने में एसआई महेन्द्र प्रसाद तिवारी, सत्यनारायण यादव, आरक्षी जितेन्द्र कुमार साह एवं आरक्षी सुनील कुमार गुप्ता ने योगदान दिया।

### राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह का शुभारंभ

आजमगढ़। नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने तथा ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में गुरुवार को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान आमजन, विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों तथा डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने वाले नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम के नेतृत्व में समस्त थानों एवं साइबर हेल्प डेस्क द्वारा अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। पहले दिन सुरक्षित वेब ब्राउजिंग को मुख्य विषय के रूप में लेते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में चौपाल, जागरूकता शिविर, सार्वजनिक स्थलों पर संवाद कार्यक्रम एवं अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

### चक्रवात में गिरी गन्ने की फसल का किया गया निरीक्षण

अतरौलिया, आजमगढ़। बीतो दिनों क्षेत्र में आये चक्रवात के चलते गिरी गन्ने की फसल का निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किया गया। बूढ़नपुर गन्ना समिति के अंतर्गत आने वाले क्रय केंद्र कौड़िया के ग्राम हुसैपुर सनूप में कृषक संजय सिंह, अशोक सिंह सहित क्रय केंद्र मदियापार, छितौनी लोहरा, अतरौलिया क्रय केंद्र के गांव भगतपुर, पचरी, गोविंदपुर, पकरडीहा आदि गांव में बीते दिनों आए चक्रवात से गन्ने की फसल को हुए नुकसान को जिला गन्ना अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर देखा एवं किसानों से वार्ता की। जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुमार निराला ने बताया कि प्राय: यह देखने में आया है कि सितंबर महीने के अंतिम सप्ताह में किसी तूफान आने अथवा तेज हवा के साथ बारिश होने से किसानों के गन्ने की फसल गिर जाती है।

# दुर्घटना बीमा के तहत सफाईकर्मी के आश्रिता को ४० लाख का चेक

आजमगढ़। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के यूनियन सुपर सैलरी अकाउंट के माध्यम से खाताधारक एवं सफाई कर्मचारी धर्मेन्द्र पुत्र स्व. हरगुन के आकस्मिक निधन के पश्चात उनकी पत्नी एवं नामित लाभार्थी राधिका को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर परिसर में दुर्घटना बीमा दावा राशि 40 लाख रूपये का चेक जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास आमजन और विशेष रूप से कर्मचारियों के परिवारों को



आकस्मिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के अधिकारियों व कर्मचारी से अपील किया कि अपने बैंक खाते को सैलरी खाते में परिवर्तित कराए, जिससे उन्हें अधिकतम रूपये 1 करोड़ 50 लाख तक सहित मेडिक्लेम व अन्य लाभ प्राप्त होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर जोनल हेड टी. कामेश्वर राव, मनीष कुमार, इश्तियाक अरशद, सैयद जवाहर, अभिषेक कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार सिंह, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोटर साइकिलों के सटने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल कस्बे में गुरुवार को बाइकों के सटने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**पुलिस ने मामला शांत कराने के साथ तीन को हिरासत में लिया**

आ गए और सड़क पर वाहनों का जाम लग गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल और सबइंस्पेक्टर श्याम कुमार दुबे ने पुलिस बल के साथ वहां पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में लिया है। नगर पंचायत माहुल के शुक्रबाजार निवासी शाहबान अहमद अपनी बाइक से बाजार के अहरौला रोड पर किसी काम से जा रहा था। वह शंकर तिराहे पर पहुंचा। उसी दौरान चंदू खानपुर निवासी उत्तम यादव क्षेत्र के समसल्लीपुर निवासी अपने साथी अभिषेक यादव व विशाल यादव के साथ फुलवरिया की तरफ जा रहा था और दोनों की बाइक बगल से सट गई, जिसे लेकर दोनों में तकरार शुरू हो गई। जैसे ही साहबान कुछ दूर पहुंचा कि उत्तम के अन्य साथी आ गए और उसे पीटने लगे। इसकी सूचना शाहबान पक्ष के लोगों को हुई तो उसके पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों में मार पीट शुरू हो गई और अहरौला रोड पर वाहनों का जाम लग गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल और सब इंस्पेक्टर श्याम कुमार दुबे चौकी की पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और आपस में गुत्थमगुत्था दोनो पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया और सड़क पर यातायात बहाल कराया।

# परास्नातक मेडिकल छात्रों को शोध, प्रशिक्षण में मिलेगी मदद

आजमगढ़। राजकीय मेडिकल कालेज व सुपर फैसिलिटी अस्पताल के नाक, कान व गला

**मेडिकल कालेज में नाक, कान, गला विभाग में टेम्पोरल बोन लैब का उद्घाटन**

विभाग में गुरुवार को अत्याधुनिक टेम्पोरल बोन लैब का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लैब से परास्नातक छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के मानकों के अनुरूप पीजी चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए यह सुविधा आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष डा. एमके गुप्ता ने बताया कि लैब में विद्यार्थी कान की सूक्ष्म शारीरिक संरचनाओं और जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं का सुरक्षित वातावरण में अभ्यास कर सकेंगे। इससे चिकित्सकों के कौशल में निखार आने के साथ मरीजों को मिलने वाली सर्जिकल सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। देखा जाए तो विभाग में पीजी की तीन सीटों पर प्रवेश की अनुमति है और इस समय दो बैचों में छह छात्र अध्ययनरत हैं। इस दौरान उप प्रधानाचार्या डा. मनीषा उपाध्याय, सीएमएस डा. इशरत अली अंसारी, डा. रवि गुप्ता, डा. अमित चड्ढा, दीपक सिंह, जियालाल यादव सहित विभागीय लोग मौजूद रहे।

# रिठिया में १६.७१ लाख की सीसी सड़क का किया लोकार्पण

अतरौलिया, आजमगढ़। विकासखंड के रिठिया गांव में विधायक निधि से निर्मित 200 मीटर

**विधायक की मौजूदगी में गांव की बेटियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

लंबी सीसी सड़क का विधायक डॉ. संग्राम यादव ने लोकार्पण किया। 16.71 लाख रुपये की लागत से यह सड़क रामकरन प्रजापति के घर से विमल कुमार के घर तक बनाई गई है। खास बात रही कि सड़क का उद्घाटन गांव की बेटियों ने फीता काटकर किया। इस पहल को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। अध्यक्षता बड़े बाबू रमेश ने की, जबकि संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संग्राम यादव और



विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव रहे।

लोकार्पण के बाद आयोजित पीडीए जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संग्राम यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराना और हर वर्ग को सम्मान दिलाना उनका मुख्य संकल्प है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने, 69 हजार शिक्षक भर्ती, लेखपाल भर्ती में आरक्षण, महंगाई और कानून व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों पर सवाल उठाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों में भी अनियमितता का आरोप लगाया। अतरौलिया के उपखंड अधिकारी को हटाने को लेकर पंचायती राज मंत्री के प्रस्तावित धरने के संदर्भ में विधायक ने कहा कि मंत्री बड़े नेता हैं और उनके बारे में वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा कि जनता के सामने सब कुछ है और आने वाले समय में जनता अपने मताधिकार

**बाद में हुई पीडीए जनसभा में सपा विधायक ने सरकार पर साधा निशान**

के जरिए जवाब देगी। राज्यसभा नामांकन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि देश की जनता और मीडिया की निगाहें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर हैं। इस मौके पर सुभाष चंद्र जायसवाल, चंद्रजीत यादव, कन्हैया गौड़, राधेश्याम यादव, लछिराम वर्मा, संजय मौर्य, हरिराम बागी, मस्तराम मौर्य, हरिवंश वर्मा, पूर्व प्रधान राम आधार, रामवृक्ष वर्मा, जगदीश यादव, रामचंद्र, सुधीर यादव, गिरिजा शंकर प्रजापति, राम रूप, विश्वनाथ यादव गुड्डू और गिरीश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# व्यक्तिगत साफ-सफाई, पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने का दिलाया संकल्प

## डीएम, सीडीओ और सीएमओ ने संचारी रोग जागरुकता प्रचार वाहन को किया रवाना

आजमगढ़। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मच्छरों से बचाव, संक्रामक रोगों से बचाव के

**मच्छरों पर वार**

**अतरौलिया और फूलपुर में भी विशेष संचारी रोग अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम**

अन्य उपाय हेतु जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी रोगों की रोकथाम एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। हम अपने गांव, ब्लाक, जनपद और देश को संचारी रोगों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम शपथ लेते हैं कि व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने के लिए जनमानस को प्रेरित करेगें। हम अपने घर के



आस-पास साफ-सफाई रखेंगे और अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल एवं मुख्य चिकित्साधिकारी एनआर वर्मा ने संचारी रोग जागरूकता रैली व प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार**-विशेष संचारी रोग अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक डाक्टर शिवाजी सिंह ने लोगों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस समेत कई संचारी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आसपास पानी जमा न होने दें और नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखें। अस्पताल के डाक्टर हरिश्चंद्र, आसिफ, जितेन्द्र कुमार, बीसीपीएम सुरेश पांडेय आदि मौजूद रहे। **फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार**-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ अधीक्षक डा. अखिलेश कुमार ने किया। अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन को संचारी रोगों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान लोगों को घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, जलभराव रोकने तथा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी और मच्छररोधी उपाय अपनाने की जानकारी दी गई। सहायक शोध अधिकारी उमेश कुमार यादव एवं वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डा. आरबी वर्मा ने भी संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी। लोगों से कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों को जेई के दोनों टीके लगवाने की अपील की गई।

# उजड़े परिवारों के बीच सरकार से पहले मदद का 'प्रयास'

**निजामाबाद क्षेत्र के फरिहां गांव में दो कच्चा घर गिरने से तबाह हो गयी थी गृहस्थी**

आजमगढ़। प्राकृतिक आपदा से उजड़े दो परिवारों के लिए सरकारी मदद पहुंचने से पहले सामाजिक संगठन प्रयास आगे आया और अपने प्रयास अनाज बैंक के माध्यम से गृहस्थी के साजो-सामान, राशन, कपड़ा सहित बच्चों की पढ़ाई का सामान प्रदान किया। राहत सामग्री लेकर जब संस्था के साथी पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे तो राशन का सामान देखते ही महिलाओं के चेहरे पर मायूसी की जगह राहत और उम्मीद की चमक दिखाई दी। परिजनों ने संस्था के इस सहयोग के प्रति आभार जताया। बताते चलें कि भीषण बारिश के दौरान फरिहां गांव में मिट्टी के दो घर जमींदोज होने से दो परिवारों की गृहस्थी पूरी तरह तबाह हो गई थी। पीड़ित परिवारों की इस स्थिति की जानकारी



प्रयास सामाजिक संगठन के पदाधिकारी अबू बकर के माध्यम से संस्था के साथियों को मिली। सूचना मिलते ही संगठन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रयास अनाज बैंक के माध्यम से दोनों परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाई। संगठन की ओर से दोनों परिवारों को दो बोरी आटा, चावल, आलू, साड़ी एवं कपड़े उपलब्ध कराए गए। वहीं, परिवार के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए उन्हें स्कूली बैग और कॉपियां भी प्रदान की गईं। आपदा के बीच मिली इस सहायता ने पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के साथ यह भरोसा भी दिलाया कि कठिन समय में समाज उनके साथ खड़ा है। प्रयास सामाजिक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय प्रभावित परिवारों तक तत्काल आवश्यक सामग्री पहुंचाना संस्था की प्राथमिकता है। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि प्रयास अनाज बैंक के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को यथासंभव खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

**सुभाषित** *गरीबी दैवी अभिशाप नहीं, बल्कि मानवरचित षड्यन्त्र है। जन-सहयोगसे ही इसे दूर किया जा सकता है।* ❐ *महात्मा गांधी*

## प्रतिरोधका प्रभाव

भारत निर्वाचन आयोगने ३० सितम्बरको मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रियामें महत्वपूर्ण परिवर्तन करते हुए उन राज्योंमें फार्म-६ से जुड़ी अतिरिक्त घोषणाको हटाकर राहतकारी कदम उठाया है। आयोगने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह घोषणापत्र अब केवल उन्हीं राज्योंमें लागू रहेगा, जहां एसआईआरका कार्य चल रहा है। घोषणापत्रमें मतदाताके माता, पिता, दादा आदिकी मतदाता सूचीके बारेमें जानकारी मांगी जाती थी। घोषणापत्रमें जानकारी देनेके बाद किसी अन्य दस्तावेजकी आवश्यकता नहीं रह जाती है। अबतक उत्तर प्रदेश सहित २० राज्योंमें एसआईआर पूरा हो चुका है। १२ राज्योंमें यह प्रक्रिया चल रही है। २० राज्योंमें अब कोई नया मतदाता जुड़ना चाहता है तो उसे घोषणापत्र नहीं भरना होगा लेकिन शेष दस्तावेज देने होंगे। एक अंग्रेजी दैनिक समाचारपत्रकी रिपोर्टमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधूने इसपर आपत्ति जतायी थीं। अब सवाल उठता है कि चुनाव आयोगके इस कदमको किस रूपमें देखा जाना चाहिए? यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक और लोकतांत्रिक कदम है या इस मुद्देपर उठे प्रतिरोधका प्रभाव है? यहींसे कानून प्रक्रिया और प्रशासनिक अधिकारको भी लेकर सवाल उठते हैं। आयोगका निर्णय मुख्यत: एसआईआर और सामान्य मतदाता पंजीकरणके बीच अन्तरको स्पष्ट करता है। २६ सितम्बरको चुनाव आयोगकी बैठकके बाद आयोगने स्पष्ट किया था कि गैर-एसआईआर अवधिमें रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्ट्रोस रूल्स, १९६० के अनुरूप सामान्य प्रपत्र इस्तेमाल किये जायंगे। फार्म-६ को लेकर राजनीतिक दलोंने कड़ी आपत्तियां जतायी थीं और नागरिक अधिकार तथा मतदाता पंजीकरणसे जुड़े प्रश्न सार्वजनिक बहसका विषय बन गये थे। चुनाव आयोगके ताजे निर्णयको एक सीमातक प्रतिरोधके प्रभावके रूपमें भी देखा जा सकता है। साथ ही इस निर्णयको प्रतिरोधके बाद पुनर्विचार या प्रशासनिक सुधारकी दिशामें कदमके रूपमें भी देखा जा सकता है। लेकिन इसे प्रतिरोधकी जीत घोषित करना अभी जल्दबाजी होगी। इस बदलावके बाद सबसे बड़ी आवश्यकता होगी कि आयोग एक समान, स्पष्ट और सार्वजनिक दिशा-निर्देश जारी करे। पूरे प्रकरणका बड़ा सन्देश यह है कि मतदाता सूची शुद्ध करने और मतदाताके अधिकारके बीच सन्तुलन बहुत ही आवश्यक है। पात्र नागरिकको मतदानके अधिकारोंसे वंचित नहीं किया जाय।

## पायलटके शौर्यकी मिसाल

दुबईसे तेल अबीब जा रही फ्लाई दुबईकी उड़ानमें बुधवारको काकपिटमें हुई हिंसक झड़पके दौरान भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछारने जिस बहादुरीका परिचय देते हुए विमानपर नियंत्रण बनाये रखनेमें अहम भूमिका निभायी, उससे हर भारतीय गौरवान्वित है। उनकी साहस और सूझ-बूझने चाकूके कई वार झेलकर भी प्लेनको न सिर्फ क्रैश करानेकी साजिशको विफल किया, बल्कि उसे आपातकालीन स्थितिमें सऊदी अरबके तबुक हवाई अड्डेपर सुरक्षित उतार लिया। विमानमें क्रू मेम्बर समेत १८० यात्री सवार थे, जिनमें २७ बच्चे थे। इसमें बड़ी संख्यामें इसरायली नागरिक थे। सभी यात्रियोंकी जान बच गयी और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। फ्लाई दुबईके विमान (एफजेड-१०७३) को हाईजैक कर क्रैश करानेकी कोशिश हुई। काकपिटमें ओमानी को-पायलटने भारतीय पायलट स्थित मछारपर चाकूसे अचानक हमला किया और विमान प्रणालियोंको नुकसान पहुंचाकर उसे गिरानेकी कोशिश की। उस समय विमान आसमानमें ३४ हजार फीटकी ऊंचाईपर था जब सह-पायलटने भारतीय पायलटपर हमला कर घायल कर दिया। यात्री विमानको दुर्घटनाग्रस्त होने बचानेके लिए भारतीय पायलटने जांबाजी दिखायी और हमलावर सह-पायलटसे काकपिटमें जानकी बाजी लगाकर भिड़ गये। इस दौरान विमान यात्री भी काकपिटमें पहुंच गये और हमलावर सह-चालकको काबूमें कर लिया गया। इस तरह हादसा तो टल गया लेकिन खतरा अब भी बना हुआ है। यह घटना सुरक्षासे जुड़ी गम्भीर मामला है। यह मामला पूरी तरह सुनियोजित था। सबसे बड़ा प्रश्न तो यह है कि ओमानके को-पायलटको उड़ान भरनेकी इजाजत कैसे मिली जबकि वह एक सालसे भी कम समयसे एयरलाइनके लिए काम कर रहा था। हमलावरके दोहरी नागरिकता भी शकके दायरेमें है जिस कारणसे वह इसरायल जाने वाली उड़ानमें शामिल हो पाया। यह कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब मिलना चाहिए। पूरे मामलेकी गहन जांच होनी चाहिए। प्लेनको क्रैश करानेकी कोशिश आत्मघाती हमला है। इसलिए आतंकी साजिशसे भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## लोक संवाद

### गांधीजीकी सत्यनिष्ठा

महोदय,-महोदय,-राष्ट्रपिता महात्मा गांधीकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टताके कई किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके विराट व्यक्तित्वकी स्पष्ट झलक मिलती है। ऐसी ही घटना दक्षिण अफ्रीकाकी है। एक प्रसिद्ध व्यापारी रूस्तम जी गांधी जीके मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जीकी सलाहके अनुसार ही किया करते थे। कलकत्ता और बम्बईसे तब उनका काफी सामान आता था, जिसपर वे चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने इस बातको गांधी जीसे छिपाये रखा। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा उनकी यह चोरी पकड़ ली गयी और उनके जेल जानेकी नौबत आ गयी। वे दौड़े-दौड़े गांधी जीके पास पहुंचे और पूरा वृतांत उन्हें सुना डाला। गांधी जीने पूरी बात गौरसे सुननेके बाद उन्हें उनके अपराधके लिए फटकार लगायी और सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियोंके पास जाकर अपना अपराध स्वयं कबूल कर लो, भले ही इससे तुम्हें जेल हो जाय। रूस्तम जी गांधी जीकी सलाह मानकर तुरंत चुंगी अधिकारियोंके पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादितासे प्रसन्न हुए और उन्होंने उनपर मुकद्दमा चलानेका विचार त्यागकर उनसे चुंगीकी बकाया राशिसे दुगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया। **-मोनिका शर्मा, वाया ईमेल।**

# गांधीके आदर्शोंको समझना जरूरी

**महात्मा गांधीको समझनेके लिए उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्वको सहज रूपसे समझना होगा। उनके विराट व्यक्तित्व, संघर्षों और सत्यके प्रति निष्ठाको सूक्ष्मतासे समझना होगा। गांधीजीने अपने जीवनको ऐसी प्रयोगशाला बनाया, जिसमें हर पलका सूक्ष्मतासे परीक्षण किया। इसलिए गांधीजीका जीवन ही उनका संदेश है।**

❐ **अखिलेश आर्येन्दु**

महात्मा गांधीको समझनेके लिए उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व, जिसमें उनके बचपन, किशोरावस्था, जवानी, प्रौढ़ और जीवनकी अंतिम श्वासोंतकको उनसे संबद्ध छोटी-बड़ी घटनाओं, कार्यों, व्यवहारों, विचारों, स्वीकृतियों और अस्वीकारोंको सहज रूपसे समझना होगा। यह कौन नकार सकता है कि उनका जीवन अत्यंत संघर्षोंसे तप कर नहीं निकला था। उनका व्यक्तित्व असाधारण होते हुए भी सामान्य मानवकी कमजोरियों और संघर्षोंसे जुड़ा हुआ था। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि वे जो करते, कहते और स्वीकारते हैं वह अकाट्य है। उन्होंने अपने जीवनमें हुई भूलोंको छिपानेके बजाय सार्वजनिक रूपसे स्वीकार किया। उनकी यह स्वीकारता उनके व्यक्तित्वको असाधारण बनाती है। वे दूसरोंको उपदेश देनेसे पहले स्वयंपर प्रयोग करते थे। सत्य और अहिंसा उनके लिए केवल बोलनेकी नैतिक नहीं थे, बल्कि जीवन जीनेकी पद्धति थे। उनका बचपन भारतमें अवश्य बीता लेकिन उच्च शिक्षा उनकी इंग्लैडमें हुई, लेकिन उनके ऊपर पाश्चात्य संस्कृति और मतका प्रभाव नहीं पड़ा। सादगी, शाकाहार, स्वच्छता और सत्यके प्रति अनुराग उनमें आजीवन बना रहा। दक्षिण अफ्रीकामें भारतीयोंके साथ होने वाले नस्लीय भेदभावने गांधीके जीवनकी दिशा बदल दी। उनके साथ दक्षिण अफ्रीकामें रेल यात्राके दौरान जब अमानवीय ढंगसे प्रथम श्रेणीके टिकट होनेके बावजूद उन्हें बाहर निकाल दिया गया। तब उन्हें अनुभव हुआ, नस्लीय भेदभाव किस स्तरतक अंग्रेज करते हैं। यह घटना केवल व्यक्तिगत अपमान नहीं थी, उसने उनके भीतर अन्यायके विरुद्ध संघर्षकी चेतनाको जन्म दिया। यहीसे उन्होंने सत्य, आत्मबल और अहिंसक प्रतिरोधका रास्ता खोजा। दक्षिण अफ्रीकासे १९१५ में वे भारत लौटे। इसके बाद भारतको समझनेके लिए वे गांव-गांव घूमे। किसानों और मजदूरोंकी समस्याओंको जाना-समझा। इसके बाद वे भारतीयोंके साथ अंग्रेजों द्वारा किये जा रहे अन्यायके खिलाफ आन्दोलनके जरिये प्रतिरोध करनेका निर्णय लिया। चंपारण, खेड़ा और अहमदाबादके आन्दोलनोंने उन्हें भारतीय राजनीतिके केन्द्रमें ला दिया। चंपारणमें नीलकी खेतीके लिए किसानोंपर होने वाले अत्याचारके विरुद्ध उनका संघर्ष केवल राजनीतिक आन्दोलन नहीं था। वह यह था कि गांधी राजनीतिको समाजके सबसे कमजोर व्यक्तिके जीवनसे जोड़ना चाहते थे। असहयोग आन्दोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आन्दोलनने ब्रिटिश शासनके विरुद्ध भारतीय जनमानसको व्यापक रूपसे संघटित किया। १९३० का दाण्डी मार्च विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। नमक जैसी सामान्य वस्तुको गांधीने औपनिवेशिक शासनके विरुद्ध जन-प्रतिरोधका प्रतीक बना दिया। यह गांधीकी राजनीतिक कल्पनाशीलताका उदाहरण था- उन्होंने सामान्य भारतीयके नैतिक जीवनसे जुड़ी चीजको राष्ट्रीय आंदोलन का आधार बना दिया। ऐसा गांधी ही कर सकते थे। उनके लिए स्वतंत्रताका अर्थ केवल अंग्रेजी शासनसे मुक्ति नहीं था। स्वतंत्रताका अर्थ था-गरीब, किसान, मजदूर, स्त्री, दलित, पिछड़े, वंचित व्यक्तिके जीवनमें सम्मान और अधिकारकी स्थापना। वे चाहते तो सुख-सुविधाओं वाली जिन्दगी जी सकते थे, लेकिन उन्होंने देशके सबसे कमजोर व्यक्ति वाला जीवन जीनेका फैसला किया। जिससे उनका जीवन हर किसीके लिए प्रेरक बन सका।

गांधीके व्यक्तित्वका सबसे प्रभावशाली पक्ष उनकी सादगी थी। उनका मानना था कि जिस देशकी जनता गरीबीमें जिन्दगी बसर कर रही हो, उसके नेताका अत्यधिक वैभवमें रहना नैतिक और सामाजिक रूपसे उचित नहीं है। इसी तरह चरखा उनके लिए मात्र सूत कातनेका उपकरण नहीं था। वह आत्मनिर्भरता, शारीरिक श्रमकी प्रतिष्ठा और आर्थिक स्वराजका प्रतीक था। वे आधुनिक औद्योगीकरणके मौजूदा रूपके विरोधी नहीं थे, लेकिन वे ऐसी अर्थव्यवस्थासे चिंतित थे जिनमें उत्पादनका उद्देश्य मनुष्यकी आवश्यकताओंकी पूर्तिके बजाय असीमित उपभोग और मुनाफा बन जाय। स्वदेशी उनके आर्थिक चिन्तनका आधार बिन्दु था। उनका आर्थिक चिन्तन आज भी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने विकासको केवल उत्पादन और सकल घरेलू उत्पादके आंकड़ोंसे नहीं देखा। उनका 'अंत्योदय' का विचार इसी संवेदनासे जुड़ा था-निर्णय लेते समय सबसे कमजोर और सबसे अंतिम व्यक्तिके हितको ध्यानमें रखना। सत्यके साथ वे अहिंसाको प्रबलताके साथ स्वीकारते थे। सत्यके प्रति आग्रह उनके व्यक्तित्वकी केन्द्रीय विशेषता थी। वे सत्यको केवल बोलनेतक सीमित नहीं करते थे। सत्य उनके लिए नैतिक साहसका आधार था। इसी तरह अहिंसा गांधीके विचारोंका दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ थी। लेकिन अहिंसाको कमजोरी समझना गांधीको समझनेकी भूल होगी। हिंसाका सहारा लेना आसान हो सकता है, लेकिन अन्यायका सामना करते हुए हिंसासे बचना और फिर भी संघर्ष जारी रखना अत्यंत कठिन है। उनके आन्दोलनोंमें अहिंसाका यही सिद्धांत दिखाई देता है।

गांधीका मानना था कि साधन और साध्यको अलग नहीं किया जा सकता है। यदि लक्ष्य अच्छा है तो उसके लिए अपनाये गये साधन भी मूल्यपरक होने चाहिए। वे कहते हैं कि स्वतंत्रता प्राप्त करनेके लिए यदि समाज हिंसा, घृणा और प्रतिशोधको अपना ले तो राजनीतिक स्वतंत्रता मिलनेके बावजूद समाज भीतरसे स्वतंत्र नहीं हो सकता है। इसी तरह राजनीतिके विषयमें उनका मत था कि राजनीति सत्ता प्राप्त करनेका माध्यम नहीं, समाजकी सेवाका साधन होनी चाहिए। गांधीका राष्ट्रवाद संकीर्ण नहीं था। वे भारतकी स्वतंत्रता तो चाहते थे, लेकिन दूसरोंसे घृणाके आधारपर नहीं। वे मानते थे कि भारतकी स्वतंत्रताका मकसद दुनियासे अलग होना नहीं होना चाहिए। देशको स्वतंत्र करानेके साथ-साथ वे समाजको सुधारना भी चाहते थे, लेकिन उनकी इस संबंधमें सोच तत्कालीन अन्य समाज सुधारकोंसे भिन्न थी। छुआछूत, जन्मगत भेदभावको उन्होंने राष्ट्रीय विमर्शका हिस्सा बना दिया। गांधीके व्यक्तित्व और कृतित्वका ठीक-ठीक मूल्यांकन तभी होगा जब उनके योगदानके साथ उनकी सीमाओं और आलोचनाओंपर भी इमानदारीसे विचार किया जाय। धर्मके विषयमें गांधीका विचार तत्कालीन समाज सुधारकोंसे भिन्न था। वे धर्मको परम्पराओंसे जोड़ते चलते हैं, लेकिन उसे साम्प्रदायिकतावादसे अलग करते हैं। वे मानते थे कि धर्मका उद्देश्य मानवको सत्य, करुणा और नैतिकताकी ओर ले चलना होना चाहिए। धर्म घृणा, अन्याय, हिंसा, शोषण और असहिष्णुता नहीं सिखाता। उनका आहार-विहार, आचार-विचार, कार्य, नीति, सिद्धांत और व्यवहार लचीला और समझौतावादी था। शाकाहारी होते हुए भी वे मांसाहारीको मांस खानेसे मना नहीं करते थे। जबकि अहिंसा उनके जीवनका दूसरा सबसे बड़ा वैचारिक और व्यावहारिक हथियार था। आत्म-परिवर्तन और ब्रह्मचर्यका परीक्षण उनके जीवनका एक नया प्रयोग था। उन्होंने हर विचार, कार्य और सिद्धांतको जीवनकी प्रयोगशालामें जांचा-परखा। सबसे बड़ी बात उनके जीवनकी यह थी कि उन्होंने अपनी कमियोंको भी दुनियाके सामने बिना छिपाये, उजागर किया। उनका जन्म और मृत्यु-दोनों विश्व समाजके लिए प्रेरणाके स्रोत बने। आज जब दुनिया संकटोंसे गुजर रही है-युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट, उपभोकतावाद और सामाजिक अविश्वास लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसेमें गांधीके विचार, सिद्धांत जन-जीवनको प्रेरणा देनेका कार्य कर सकते हैं। महान वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीनने गांधीके ७०वें जन्मदिनपर १९३९ में कहा था जो आज भी प्रासंगिक है। आइंस्टीन गांधीके सम्पूर्ण व्यक्तित्वको रेखांकित करते हुए कहा था-'आने वाली पीढ़ियोंके लिए शायद यह विश्वास करना कठिन होगा कि ऐसा कोई व्यक्ति कभी सचमुच इस धरतीपर हाड़-मांसके शरीरमें चला था।



**गांधी आज इसलिए प्रासंगिक नहीं हैं कि उनके हर विचारको बिना प्रश्न किये स्वीकार कर लिये जाय। वे इसलिए प्रासंगिक हैं कि उन्होंने मानवको अपने जीवनकी जिम्मेदारी लेनेकी चुनौती दी। गांधीका सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि विचार तभी प्रभावशाली बनते हैं जब वे जीवनमें दिखाई दें। सत्यकी बात करने वाला व्यक्ति स्वयं सत्यके प्रति ईमानदार हो। अहिंसाकी बात करने वाला व्यक्ति अपने व्यवहारमें भेदभाव न करे। इस दृष्टिसे गांधी केवल इतिहासके एक अध्याय नहीं हैं। वे एक प्रश्न हैं- हम अपने जीवनमें सत्य, अहिंसा, सादगी, सेवा और आत्मसंयमके लिए कितनी जगह रखते हैं।**

# देशके सच्चे सपूत शास्त्रीजी

**पाकिस्तानके साथ १९६५ में हुए युद्धमें शास्त्रीजी द्वारा दिखायी गयी दृढ़ताके लिए उनकी बहुत प्रशंसा हुई। शास्त्रीजीको उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारीके लिए आज भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है। शास्त्रीजी भारतकी श्रेष्ठ पहचान हैं।**

❐ **सदानन्द शास्त्री**

सरलता और सादगीकी मिसाल भारतके दूसरे प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जीका जन्म २ अक्तूबर, १९०४ को उत्तर प्रदेशके मुगलसरायके रामनगरमें एक साधारण परिवारमें हुआ। वे इतने मेधावी थे कि मात्र दस सालकी उम्रमें उन्होंने छठी कक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। आगेकी पढ़ाईके लिए वे बनारस आ गये। विद्यार्थी जीवनमें ही राष्ट्रभक्तों और शहीदोंके बारेमें पढ़ते हुए इन्होंने स्वतंत्रतासंग्रामके विषयमें विस्तारसे जाना। इन्ही दिनों जलियांवाला बागकी घटनाके पश्चात 'छात्र आन्दोलन' ने गति पकड़ ली और शास्त्री जी इसका हिस्सा बन गये। शास्त्री जी महात्मा गांधीसे अत्यधिक प्रभावित थे। गांधी जीके नेतृत्वमें चल रहे असहयोग आन्दोलनमें शमिल होनेके लिए देशवासियोंसे आह्वान किया, इस समय इनकी आयु मात्र १६ थी। उन्होंने गांधी जीके आह्वानपर अपनी पढ़ाई छोड़ देनेका निर्णय किया और आन्दोलनमें हिस्सा लिया। जिसके चलते उन्हें १९२१ में जेल भी जाना पड़ा। देशको स्वतंत्र करानेके क्रममें उन्हें अपने जीवनके सात वर्ष कारावासमें गुजारने पड़े। आजादीके इन संघर्षोंने इन्हें पूर्णत: परिपक्व बना दिया। शास्त्री जीने राजनीतिमें प्रेवशके माध्यमसे देशकी दिशा एवं दशाको बदलनेका प्रयास किया। वस्तुत: वर्ष १९३७ में प्रांतीय विधानसभाओंके चुनावोंमें उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभाकी सदस्यता प्राप्त की। इसी क्रममें आजादीके पश्चात सत्तामें आयी कांग्रेसने राष्ट्रीय स्वतंत्रतासंग्रामके नेता लाल बहादुर शास्त्रीका महत्व समझ लिया। परिणामस्वरूप वर्ष १९४७ में उन्हें उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडलमें मंत्रीके रूपमें शमिल कर लिया गया। वर्ष १९५१ में वह पार्टी महासचिव बनें। तद्पश्चात शास्त्री जीको रेलवे एवं यातायातके केन्द्रीयमंत्रीके रूपमें चुना गया। किन्तु इसी समय वर्ष १९५५ में दक्षिण भारतके 'अरियल' के समीप रेल दुर्घटनामें कई लोग हताहत हुए जिसके लिए स्वयंको जिम्मेदार मानते हुए उन्होंने रेलमंत्रीके पदसे इस्तीफा दे दिया। रेल दुर्घटनापर लम्बी बहसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा-शायद मेरे लम्बाईमें छोटे एवं विनम्र होनेके कारण लोगोंको लगता है कि मैं बहुत दृढ़ नहीं हो पा रहा हूं यद्यपि शारीरिक रूपसे मैं मजबूत नहीं हूं लेकिन मुझे लगता है कि मैं आतंरिक रूपसे इतना कमजोर भी नहीं हूं।

गौरतलब हैं कि १९५७ में वह इलाहाबाद संसदीय क्षेत्रसे चुने गये। उन्हें पुन: यातायात विभाग दिया गया और साथ ही साथ उद्योग और वाणिज्य विभागोंका मंत्री भी बनाया गया। वर्ष १९६१ में उन्हें भारतके स्वराष्ट्रमंत्रीके रूप में और भ्रष्टाचार निरोधक समितिके लिए नियुक्त किया गया। इसी समय भारत-चीन युद्धसे सकते में आये नेहरू जीका साथ देनेके लिए शास्त्री जीको बिना विभागके मंत्रीके रूपमें मंत्रिमंडलमें शामिल कर लिया गया। यहां शास्त्री जीने भारतकी जनतासे अपील करते हुए कहा-जब हमारी स्वतंत्रता और अखंडता खतरेमें हो तो पूरी शक्तिसे उस चुनौतीका मुकाबला करना ही एकमात्र कर्तव्य होता है। हमें एकजुट होकर किसी भी प्रकारके अपेक्षित बलिदानके दृढ़तापूर्वक तत्पर रहना चाहिए ताकि उस चुनौतीका हम बेहतर तरीकेसे मुकाबला कर सके। शास्त्री जीने समाजके वंचित वर्गोंके लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे लालालाजपतराय द्वारा स्थापित सर्वेण्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी (लोक सेवा मंडल) के आजीवन सदस्य बने। जहां उन्होंने पिछड़े वर्गोंके उत्थानके लिए कार्य करना शुरू किया और बादमें वे उस सोसायटीके अध्यक्ष भी बने। इसी तरह उन्होंने किसान एवं युवा वर्गको देशकी आर्थिक एवं सैनिक शक्तिके तौरपर देखा। श्री लाल बहादुर शास्त्रीने 'जय जवान जय किसान' का नारा भी दिया, जो आगे चलकर देशभक्तिका प्रतीक बन गया। शास्त्री जीके इस नारेका मुख्य उद्देश्य एक ओर जहां देशकी सैनिक शक्तिमें वृद्धि करनेका था वही दूसरी ओर देशकी आर्थिक स्थितिको मजबूत करने का रहा। शास्त्री जीने आनन्द (गुजरात) के 'अमूल दूध सहकारी समिति' का समर्थन और राष्ट्रीय डेयरी विकासका निर्माण करके श्वेत क्रांतिको बढ़ावा दिया। जिससे भारत दुग्ध उत्पादनके क्षेत्रमें अग्रणी बनकर उभरा। भारत-पाकिस्तान युद्धके दौरान (वर्ष १९६५) भारत खाद्य संकटके दौरसे गुजर रहा था। इस समस्याका समाधान हरित क्रांतिके माध्यमसे किया गया। नतीजन भारत खाद्यान्न निर्यात करने वाले देशोंमें शुमार हो गया। शास्त्री जी भारतके पड़ोसी देशोंके साथ अपने संबंधोमें हमेशा शांति एवं संतुलन बनाये रखनेका प्रयास करते थे। इसी क्रममें भारत-पकिस्तान युद्ध (१९६५) के संबंधमें ताशकन्द (तत्कालीन सोवियत संघ) में सोवियत राष्टपतिकी मध्यस्थतासे भारत तथा पाकिस्तानमें सुलह हुई। जिसके तहत १० जनवरी, १९६६ पाकिस्तानके राष्ट्रपति मोहम्मद अयूब खानके साथ युद्धको समाप्त करने हेतु ताशकंद घोषणा-पत्रपर हस्ताक्षर किये गये। ११ जनवरी १९६६ को ताशकन्दमें ही उनका निधन हो गया। शास्त्री जीने कई वर्षोंतक अपनी निस्वार्थ सेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं करुणा जैसे गुणोंके चलते जनताके बीच अपनी अलग पहचान बनायी। विनम्र, दृढ़ इच्छाशक्ति, सहिष्णु एवं जबरदस्त आतंरिक शक्तिके धनी शास्त्री जी लोगोंके बीच ऐसे शख्स बनकर उभरे, जिन्होंने लोगोंकी भावनाओंको समझा। इन्होंने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोणके माध्यमसे भारतको विश्वपटलपर अलग पहचान दिलवायी। गांधी जीकी राजनीतिक शिक्षाओंसे प्रेरणा लेते हुए गांधी जीके लहजेमें ही एक बार शास्त्रीजीने कहा था-मेहनत प्रार्थना करनेके समान है।

शास्त्री जीके राजनीतिक दिग्दर्शकोंमें पुरुषोत्तमदास टंडन और पंडित गोविंद बल्लभ पंतके अतिरिक्त जवाहरलाल नेहरू भी शामिल थे। सबसे पहले १९२९ में इलाहाबाद आनेके बाद उन्होंने टंडन जीके साथ भारत सेवक संघकी इलाहाबाद इकाईके सचिवके रूपमें काम करना शुरू किया। इलाहाबादमें रहते हुए ही नेहरू जीके साथ उनकी निकटता बढ़ी। इसके बाद तो शास्त्री जीका कद निरन्तर बढ़ता ही चला गया और एकके बाद एक सफलताकी सीढ़ियां चढ़ते हुए वे नेहरू जीके मंत्रिमंडलमें स्वराष्ट्रमंत्रीके प्रमुख पदतक जा पहुंचे। १९६१ में स्वराष्ट्रमंत्रीके प्रभावशाली पदपर नियुक्तिके बाद उन्हें एक कुशल मध्यस्थके रूपमें प्रतिष्ठा मिली। जवाहरलाल नेहरूके बीमार पड़नेपर उन्हें बिना किसी विभागका मंत्री नियुक्त किया गया और नेहरूकी मृत्युके बाद जून १९६४ में वह भारतके प्रधान मंत्री बने। उन्होंने अपने प्रथम संवाददाता सम्मेलनमें कहा था कि उनकी पहली प्राथमिकता खाद्यान्न मूल्योंको बढ़नेसे रोकना है और उन्होंने ऐसा किया। उनके क्रियाकलाप सैद्धांतिक न होकर पूरी तरहसे व्यावहारिक और जनताकी आवश्यकताओंके अनुरूप थे। निष्पक्ष रूपसे देखा जाय तो शास्त्री जीका शासन काल बेहद कठिन रहा। भारतकी आर्थिक समस्याओंसे प्रभावी ढंगसे न निबट पानेके कारण शास्त्री जीकी आलोचना भी हुई, लेकिन जम्मू-कश्मीरके विवादित प्रांतपर पड़ोसी पाकिस्तानके साथ १९६५ में हुए युद्धमें उनके द्वारा दिखायी गयी दृढ़ताके लिए उनकी बहुत प्रशंसा हुई। उन्हें मरणोपरांत वर्ष १९६६ में भारत रत्नसे भी सम्मानित किया गया। शास्त्रीजीको उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारीके लिए आज भी पूरा भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है। महात्मा गांधीके समान विचार रखने वाले श्री लाल बहादुर शास्त्री भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठ पहचान हैं।

## आत्मबोध

### स्वभावके विपरीत

❐ **ओशो**

शार्टकट तो बिलकुल भी संभव नहीं है और दूसरी बात और ख्यालसे समझ लें, यात्रा इतनी लम्बी नहीं होगी। यात्रा होगी ही नहीं। करीब-करीब हालत ऐसी है कि एक आदमी सूरजकी तरफ पीठ करके खड़ा है और चलता जा रहा है। हजारों मील चल चुका है। हम उससे आज कहते हैं कि तू सूरजकी तरफ चल चुका हजार मील पीठ करके, इसलिए अंधेरेमें भटक रहा है और प्रकाशको खोजना चाहता है तो वह आदमी कहेगा कि क्या सूरजकी तरफ मुंह करनेके लिए मुझे हजार मील फिर चलना पड़ेगा। उससे हम कहेंगे, नहीं हजार मील नहीं चलना पड़ेगा। वह कहे कि क्या कोई शार्टकट हो सकता है कि दो-चार-पांच मील चलनेसे हो जाय। हम कहेंगे कि चलनेकी कोई जरूरत नहीं, तू सिर्फ रुख बदल ले, तू सिर्फ पीठ सूरजकी तरफ किये है, मुंह उधर कर ले। क्योंकि सूरज केवल एक स्थानमें बंधा हुआ नहीं है और जब तू सूरजकी तरफ पीठ करके जा रहा था तब भी सूरज तेरे पीछे साथ ही था। परमात्मा यदि कहीं एक जगह बंधा हुआ होता या स्वभाव कहीं कैद होता, हम उससे दूर निकल सकते थे। हम दूर नहीं निकल सकते हैं हम केवल पीठ ही कर सकते हैं। इसलिए कोई लाखों जन्मोंतक स्वभावसे पीठ किये रहा हो, कोई फर्क नहीं पड़ता। आज मुंह फेरनेको राजी हो गये, स्वभावमें प्रविष्ट हो जायगा। इसलिए न तो मैं कहता हूं कि उतना ही चलना पड़ेगा, जितना आप विपरीत चले हैं और न मैं कहता हूं कि कोई शार्टकट संभव है। शार्टकटकी तो कोई जरूरत ही नहीं है। क्योंकि चलना ही नहीं है, सिर्फ रुख बदलना है। ऐसा समझे कि इस कमरेमें अंधेरा भरा हो हजारों सालसे और हम कहें कि दीया जलाओ। कोई पूछे कि हजारों सालतक दीया जलाते रहेंगे तब अंधोरा मिटेगा। क्योंकि अंधेरा हजारों साल पुराना है और अभी दीया जलेगा तो एकदमसे कैसे अंधेरेको मिटायेगा। इतना पुराना अंधेरा कोई जल्दीका उपाय नहीं है तो हम उससे कहेंगे कि न तो देर लगेगी और न जल्दीका कोई सवाल है। क्योंकि दीया जला नहीं कि अंधेरा मिट जायगा। अंधेरेकी कोई प्राचीनता नहीं होती, अज्ञानकी कोई प्राचीनता नहीं होती। वह कितना ही समय रहा हो, उसकी पर्तें नहीं जमतीं। उसको काटना नहीं पड़ेगा। ज्ञानकी एक किरण और अंधेरा कट जाता है और अज्ञान छूट जाता है और ऐसा किसी व्यक्तिके साथ थोड़े ही है कि वह स्वभावसे दूर निकल गया है। सभी स्वभावसे दूर निकल गये हैं, परन्तु दूर निकलनेका इतना ही मतलब है कि वे पीठ करके चलते रहे हैं। वस्तुत: तो कोई स्वभावसे दूर नहीं निकल सकता। कैसे निकलेंगे। स्वभावका मतलब ही यह है कि जो आप हैं। स्वभावका अर्थ है जिसे अपनेसे अलग नहीं किया जा सकता। लाख उपायसे भी स्वभावसे भिन्न नहीं हो सकते। स्वभावसे विपरीत नहीं हो सकते।

# जीवनका सौन्दर्य एवं सृष्टिका आधार है अहिंसा

❐ **स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी**

आज दुनिया विज्ञान, तकनीक और आर्थिक प्रगतिके जिस दौरमें पहुंची है, उसीके समानांतर हिंसा, आतंकवाद, युद्ध, तनाव, असहिष्णुता और प्रतिस्पर्धाकी प्रवृत्तियां भी बढ़ी हैं। मनुष्यने प्रकृतिपर विजय पानेकी कोशिशमें स्वयं अपने भीतर अशांति पैदा कर ली है। राष्ट्रोंके बीच अविश्वास, समाजोंमें वैचारिक टकराव, परिवारोंमें तनाव, प्रतिशोध एवं प्रतिस्पर्धाका दबाव बढ़ रहा है। ऐसे समयमें अहिंसा केवल नैतिक आदर्श नहीं, बल्कि संतुलित जीवन और शांतिपूर्ण विश्व-व्यवस्थाकी अनिवार्य आवश्यकता बन गयी है। २ अक्तूबरको महात्मा गांधीकी जयंतीके अवसरपर मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस इसी आवश्यकताकी वैश्विक स्वीकृति है। संयुक्त राष्ट्र महासभाने २००७ में २ अक्तूबरको अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित किया था। प्रस्तावमें अहिंसाकी सार्वभौमिक प्रासंगिकता तथा शांति, सहिष्णुता, समझ और अहिंसाकी संस्कृतिको बढ़ावा देनेकी आवश्यकताको रेखांकित किया गया।

अहिंसा जीवनका सौंदर्य, मन, वचन और कर्मकी निर्मलता है। किसीके प्रति घृणा न रखना, अपमानजनक भाषासे बचना और व्यवहारसे दूसरेके मनको अनावश्यक पीड़ा न देना भी अहिंसा है। इसलिए अहिंसा संतुलित जीवनका आधार है। जहां हिंसा है वहां भय है, जहां भय है वहां तनाव और वहां सुख एवं शांतिका स्थायी निवास संभव नहीं। अहिंसाकी सबसे व्यापक और सूक्ष्म व्याख्या जैन दर्शनमें मिलती है। भगवान महावीरने अहिंसाको जीवनका सर्वोच्च धर्म बनाया। जैन दर्शनमें अहिंसा केवल मनुष्यको मनुष्यसे बचानेका सिद्धांत नहीं, बल्कि प्रत्येक जीवके अस्तित्वके सम्मानका दर्शन है।

गांधीने सत्य और अहिंसाको स्वतंत्रता संघर्षके केन्द्रमें रखा। नमक सत्याग्रह सहित उनके आन्दोलनोंने यह दिखाया कि अन्यायका प्रतिरोध हिंसाके बिना भी किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र भी गांधीको अहिंसाके दर्शन और रणनीतिके प्रमुख प्रवर्तकोंमें मानता है और उनके नेतृत्वको विश्वभरके अहिंसक आन्दोलनोंकी प्रेरणासे जोड़ता है। गांधीकी अहिंसा कायरता नहीं थी। वह अन्यायके सामने चुप रहनेका नाम भी नहीं थी। वह सत्यके साथ खड़े होकर अन्यायका प्रतिरोध करनेकी शक्ति थी। गांधीके लिए साधन और साध्यका संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण था-शांतिपूर्ण समाजकी स्थापना हिंसक साधनोंसे नहीं की जा सकती। संयुक्त राष्ट्रके दस्तावेज भी गांधीके विचारोंको इसी संदर्भमें प्रस्तुत करते हैं कि स्थायी परिवर्तनके लिए अहिंसक साधनोंकी आवश्यकता है।

आज युद्ध और आतंकवादने मानवताके सामने गम्भीर प्रश्न खड़े किये हैं। राष्ट्रोंके पास विनाशके पहलेसे अधिक शक्तिशाली साधन हैं। तकनीकने युद्धकी क्षमताको कई गुना बढ़ा दिया है। ऐसे समयमें अहिंसाका अर्थ यह नहीं कि समाज अपनी सुरक्षा और न्यायकी जिम्मेदारी छोड़ दे। आतंकवाद और हिंसाका सामना करते हुए राष्ट्रोंको नागरिकोंकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी ही होती है। लेकिन दीर्घकालीन शांति केवल शक्ति-संतुलनसे नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास, न्याय, सह-अस्तित्व और मानवीय संवेदनासे निर्मित होती है। भारतकी सभ्यताने सदियोंसे वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अनेकांत और सर्वधर्म सद्भाव जैसी अवधारणाओंके माध्यमसे इसी व्यापक दृष्टिको पोषित किया है। ये विचार हमें बताते हैं कि दूसरेकी दृष्टिको समझे बिना स्थायी शांति संभव नहीं। भारतने अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर भी शांति और संवाद की आवश्यकताको लगातार रेखांकित किया है। भारतके वर्तमान नेतृत्वने भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर शांति, संवाद, सह-अस्तित्व और मानव-केन्द्रित विकास जैसे विचारोंको सामने रखा है। लेकिन अहिंसाका वैश्विक संदेश केवल सरकारों या राजनेताओंका दायित्व नहीं है। इसकी शुरुआत व्यक्तिसे होती है-परिवारसे, विद्यालयसे, समाजसे और हमारी रोजमर्राकी भाषा एवं व्यवहारसे। आज मनुष्यको बाहरकी हिंसासे जितना खतरा है, उतना ही भीतरकी हिंसासे भी है। क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार, लोभ और प्रतिशोध मनुष्यके भीतर निरन्तर संघर्ष पैदा करते हैं। इसलिए अहिंसाका पहला प्रयोग अपने भीतर होना चाहिए। अपने क्रोधको करुणामें, प्रतिस्पर्धाको सहयोगमें, प्रतिशोधको क्षमामें और असहमतिको संवादमें बदलना ही आधुनिक अहिंसा है। परिवारमें अहिंसाका अर्थ है-एक-दूसरेको समझना। समाजमें अहिंसाका अर्थ है-विविधताओंका सम्मान करना। राजनीतिमें अहिंसाका अर्थ है-विचारोंके संघर्षको शत्रुतामें न बदलना। अंतरराष्ट्रीय संबंधोंमें अहिंसाका अर्थ है-संवाद और कूटनीतिके रास्ते खुले रखना। अहिंसा कमजोरी नहीं, संयमित शक्ति है। हिंसा तत्काल परिणाम दे सकती है, लेकिन स्थायी शांतिका निर्माण नहीं कर सकती। संयुक्त राष्ट्रने भी गांधीके संदर्भमें इस विचारको रेखांकित किया है कि हिंसापर स्थायी निर्माण संभव नहीं है।

आज जब दुनिया हिंसाकी बढ़ती प्रवृत्तियोंसे चिंतित है, तब भारतकी धरतीसे एक बार फिर यह संदेश मुखर होना चाहिए-अहिंसा केवल भारतकी विरासत नहीं, सम्पूर्ण मानवताका भविष्य है। महावीरकी करुणा और गांधीके सत्याग्रहकी रोशनीमें यदि मनुष्य अपने विचार, वाणी और व्यवहारको बदल सके तो युद्धकी मानसिकताके स्थानपर संवाद, घृणाके स्थानपर मैत्री और संघर्षके स्थानपर सह-अस्तित्वकी नयी विश्व-संरचना संभव है। यही अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवसकी सार्थकता है और यही मानवताके शांत, संतुलित एवं सुंदर भविष्यकी दिशा भी। अहिंसाके इस व्यापक संदेशको समाजके बीच जीवंत बनानेमें महावीरायतन फाउंडेशनकी भूमिका भी उल्लेखनीय है। महावीरायतन फाउंडेशन द्वारा अहिंसा, करुणा, शाकाहार, जीव-दया, पर्यावरण-संरक्षण, प्राणीमात्रके प्रति संवेदना तथा मानवीय मूल्योंको केन्द्रमें रखकर विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक प्रवृत्तियां संचालित की जाती हैं और संगोष्ठियों, सेमिनारों एवं संवाद-कार्यक्रमोंके माध्यमसे भगवान महावीरके अहिंसा-दर्शनको समकालीन जीवनसे जोड़नेका प्रयास किया जाता है। मेरे गुरुदेव आचार्य विद्यासागर जी महाराजने भी अपने संपूर्ण जीवनसे अहिंसक, संयमित और करुणामय जीवनशैलीकी प्रेरणा दी। आज आवश्यकता है कि महावीरकी सूक्ष्म अहिंसा, गांधीके अहिंसा दर्शन और आचार्य विद्यासागर जी महाराजकी जीवन-साधनासे प्रेरणा लेकर अहिंसाको व्यक्तिगत आचरणसे सामाजिक संस्कार और सामाजिक संस्कारसे वैश्विक जीवन-दृष्टि बनाया जाय।

# त्योहारों से पहले सरकार ने चीनी डीलर के लिए स्टाक सीमा घटायी

## भंडारण और जमाखोरी पर रोक का उद्देश्य



नयी दिल्ली। सरकार ने त्योहारों के मौसम में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति और उचित कीमत सुनिश्चित करने के लिए डीलर के पास चीनी रखने की सीमा घटाकर 1,000 क्विंटल कर दी। यह सीमा 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी और डीलर अधिकतम 15 दिन तक का स्टॉक रख सकेंगे। इसके साथ ही, खाद्य मंत्रालय ने कहा कि कोलकाता और उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्र तथा असम में क्षेत्र विशेष की जरूरतों को देखते हुए स्टॉक सीमा 2,000 क्विंटल होगी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि एक अक्टूबर से नए चीनी सत्र की शुरुआत के साथ त्योहारी अवधि में ग्राहकों को उचित कीमत पर चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कदम उठा रही है। मंत्रालय ने कहा, %%चीनी की मात्रा और उसे रखने की अवधि सीमित करके सरकार का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में चीनी की व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं के लिए इसकी लगातार उपलब्धता बनाए रखना है। कोलकाता और उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्र तथा असम के लिए अलग स्टॉक सीमा उस क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर तय की गई है। मंत्रालय ने कहा कि कोलकाता... उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक से चीनी खरीदता है और पूर्वी भारत के साथ पूर्वोत्तर राज्यों को भी इसकी आपूर्ति करता है। मंत्रालय ने कहा कि असम के लिए सीमा तय करते समय भौगोलिक परिस्थितियों, परिवहन सुविधाओं और पूर्वोत्तर के उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। उसने कहा कि संशोधित नियमों का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में चीनी के अनावश्यक भंडारण को रोकना और मिलों से डीलर के जरिये अंतिम उपभोक्ता तक इसकी सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह कदम जमाखोरी, सट्टेबाजी और डीलर द्वारा स्टॉक जमा करने पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। इससे पहले अगस्त में सरकार ने डीलर के लिए देशभर में 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की थी। यह सीमा एक अगस्त से 30 नवंबर तक लागू की गई थी। इसके तहत चीनी मिलने की तारीख से अधिकतम 30 दिन तक स्टॉक रखने की अनुमति थी। बाद में 15 सितंबर से यह सीमा घटाकर 2,000 क्विंटल कर दी गई। मंत्रालय के मुताबिक, चीनी का औसत खुदरा मूल्य अगस्त के उच्चतम स्तर से अब 15 प्रतिशत घट चुका है और आपूर्ति श्रृंखला में कम कीमतों का लाभ मिलने के साथ इसमें आगे भी गिरावट आने की उम्मीद है। मिलों की कीमतों में करीब 28 प्रतिशत की गिरावट आई है और वे पिछले तीन सप्ताह से स्थिर हैं। सरकार ने कहा कि चीनी मिलों, डीलर, थोक विक्रेताओं और अन्य बाजार प्रतिभागियों को चीनी की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करनी चाहिए और जमाखोरी एवं सट्टेबाजी रोकनी चाहिए।

# दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग बढने से गेहूं के भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण बिकवाली घटने से जौ के भाव 90 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। देश में खाद्यान्न उत्पादनों में कमी की आशंका के चलते स्टाकिस्टों की लिवाली बढने से दलहनों में मसूर-अरहर-चना-काबली चने के भाव 50/300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आवक कमजोर होने से सरसों में भी 100 रुपये की सुर्खी रही। जबकि मांग कमजोर होने से सोया व बिनौला तेल के भाव 50/200 रुपये प्रति क्विंटल नीचे आ गए। आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ में भी 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी निकलने से चीनी के भाव भी 20/50 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। किराना जिंसों में उठाव न होने से धनिया व हल्दी के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। जबकि बिकवाली कमजोर होने से मगजतरबूज की कीमतों में 70 रुपये किलो की बढ़ोतरी हुई। **अनाज-दाल**-सरकार द्वारा 2027-28 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 25 रुपये बढ़ाकर 2610 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। फ्लोर मिलों की मांग बढने तथा निचले स्तर पर बिकवाली कमजोर होने से गेहूं 10 रुपये तेज होकर 2960/2985 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। गेहूं में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली घटने से गेहूं उत्पादों के भाव भी 10 रुपये बढकर आटा 1625/1630, मैदा 1685/1695 तथा सूजी के भाव 1725/1785 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। ग्राहकी निकलने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढकर 1121 सेला 10400/10500 रुपये, स्टीम 11100/11200 तथा 1509 चावल सेला 8500/8600 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। माल्ट वालों की मांग बढने से जौ 60/90 रुपये बढकर 2900/2950 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। डॉलर की तुलना में रुपया लुढकने के कारण आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से दलहनों में अरहर 225/400 रुपये उछलकर 9375/9400 रुपये तथा देसी 9950/10000 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। चना भी 150 रुपये बढकर राजस्थानी 7150/7160 रुपये तथा काबली चना 300 रुपये बढकर महाराष्ट का 8300/8500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दहलनों में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली घटने से अरहर दाल 400 रुपये बढकर 12500/13400 रुपये तथा चना दाल 150/200 रुपये बढकर 8150/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। पूछपरख बढने से विदेशी मटर 50 रुपये तेज होकर 4750/4800 रुपये तथ देसी मटर 100 रुपये बढकर 5100/5200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।

**तेल-तिलहन**

देश की विभिन्न मंडियों में 2.5 लाख से घटकर 2 लाख बोरी के लगभग रह जाने तथा तेल मिलों की मांग बढने से सरसों 100 रुपये तेज होकर 8450/8500 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। आपूर्ति कमजोर होने से सरसों तेल के भाव भी 17050 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे। जबकि रिफाइंड वालों की मांग कमजोर होने से बिनौला तेल 200 रुपये घटकर 14500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। राइसब्रान ऑयल भी मांग कमजोर होने से 13000 रुपये प्रति क्विंटल पर दबा रहा। शिकागो तेल वायदा के माइनस में होने के कारण आयातकों की बिकवाली आने से कांदला में सोया रिफाइंड 50 रुपये घटकर 13950 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। औद्योगिक मांग कमजोर होने से अरंडी तेल भी 50 रुपये मुलायम होकर 15800/15900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। **गुड़-चीनी**- उत्तर प्रदेश की मंडियों से नए मालों की आवक न बढने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ के भाव 100 रुपये बढकर पेड़ी 6000/6100 रुपये तथ ढैया 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से शक्कर व खांडसारी की कीमतें भी पूर्व स्तर पर टिकी रहीं। यूपी की कॉपरेटिव व प्राइवेट मिलों द्वारा मिल डिलीवरी चीनी के भाव 4450/4600 रुपये के भाव में सेल दिए जाने से स्थानीय बाजार में मिल डिलीवरी चीनी 4500/4600 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 4900/5000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। **किराना-मेवे**- ग्राहकी कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से हल्दी 200 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 18700/18800 रुपये तथा सेलम फली के भाव 19600/19800 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। धनिया भी उठाव कमजोर होने से बादामी 100 रुपये घटकर 16100/16300 रुपये तथा ग्रीन मालों के भाव 17300/17500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि हाजिर में माल कमी तथा मांग बढने से मगजतरबूज 70 रुपये बढकर 600/610 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गया। छिटपुट मांग बनी रहने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से मेवों की कीमतों में स्थिरता रही। **सर्राफा**-विदेशों के मंदे समाचार आने से सोने के भाव 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 1000 रुपये प्रति किलो घट गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली सुस्त पडने से सोना 35 डॉलर घटकर 4160 डॉलर प्रति ओंस रह जाने के कारण सोना 1200 रुपये टूटकर क्लिोबार 151600 तथा स्टैंडर्ड 152400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। उठाव न होने से 8 ग्राम वाली गिन्नी भी 1000 रुपये घटकर 112000 रुपये गई। विदेशों में चांदी भी 85 सेंट घटकर 6050 सेंट रह जाने से चांदी हाजिर 1000 रुपये घटकर 230000 रुपये प्रति किलो रह गई।

# नई खबर...

## क्रोनिक हार्ट फेलियर से पीड़ित 56-वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन




प्रयागराज-गोरखपुर - वाराणसी- कार्डियाक केयर के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि अपने नाम दर्ज कराते हुए, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश और नोएडा क्षेत्र में पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण कर, 56-वर्षीय मरीज तपस कुमार डे को नया जीवनदान दिया है। इस शानदार उपलब्धि ने एक बार फिर अस्पताल की एक्पर्ट सर्जिकल दक्षता, चौबीसों घंटे क्लीनिकल तत्परता, और प्रशासनिक स्तर पर बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया है। डॉ अजय कौल, चेयरमैन कार्डियाक साइंसेज़, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की मल्टीडिसीप्लीनरी टीम ने इस हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी को पूरा किया। डॉ अजय कौल, चेयरमैन कार्डियाक साइंसेज़, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, श्री डे का हृदय इतना कमजोर पड़ चुका था कि उस पर किसी भी दवा या प्रक्रिया का असर नहीं हो सकता था, ऐसे में नया हृदय ही उन्हें जिंदा रखने का एकमात्र उपाया था। मोहित सिंह, रीजनल डायरेटर, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और नोएडा में पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण हमारे अस्पताल तथा इस क्षेत्र में मरीजों के लिए किसी गर्वीली उपलब्धि से कम नहीं है। यह केवल हमारे डॉक्टरों और क्रिटकल केयर स्टाफ, ट्रैफिक पुलिस और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब एयरपोर्ट अधिकारियों के बीच समन्वय तथा टीमवर्क के चलते ही संभव हो पाया है जिन्होंने डोनर हार्ट को समय पर अस्पताल पहुंचाने में तत्परता का परिचय दिया।

## वी बिज़नेस ने सिस्को के साथ की साझेदारी

आज के दौर में एंटरप्राइज़ क्लाउड को अपना रहे हैं और अपने संचालन को फैला रहे हैं, इस बीच एआई के इस दौर में नेटवर्क ज़रूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बन गया है, जो सुरक्षित, स्केलेबल एवं इंटेलीजेन्ट नेटवर्किंग की मांग बढ़ा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक भारत का एसडी-डब्ल्यूएएन मार्केट 2031 तक 20.5 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़कर 14.6 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। तेज़ी से बढ़ते इस मार्केट में अपनी स्थिति को मज़बूत बनाते हुए, जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी की एंटरप्राइज़ शाखा, वी बिज़नेस ने आज सिस्को के साथ साझेदारी की घोषणा की है। जिसके तहत कंपनी के हाइब्रिड एसडी-डब्ल्यूएएन पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए मेराकी-टू का इस्तेमाल किया जाएगा। इस अवसर पर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के चीफ एंटरप्राइज़ बिज़नेस ऑफिसर, एम पी सुनील कुमार ने कहा आज कंपनियों को सुरक्षित और तेज़ी से बदलने वाले नेटवर्किंग सॉल्यूशन की ज़रूरत है जो उनके बदलते रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हों।

# मरक्युरी ईवी-टेक ने मजबूत किया पैन-इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जुड़े 100 नए डीलर

नई दिल्ली- मरक्युरी ईवी-टेक लिमिटेड ने पिछले चार महीनों में 100 नए डीलरों की नियुक्ति के साथ देश भर में अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और मार्केट प्रेजेंस को और मजबूत कर लिया है। इसके साथ ही कंपनी ने मार्च 2027 तक 200 और नए डीलर जोड़ने का लक्ष्य रखा है। कंपनी को गुजरात एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी से भी अपने बैटरी चालित इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स और थ्री-व्हीलर्स की मार्केटिंग के लिए मंजूरी मिल गई है, जिससे योग्य ग्राहक मौजूदा योजना के तहत लागू सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे।100 नए डीलरों के जुड़ने से प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन बाजारों में कंपनी का रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन और आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क मजबूत हुआ है। मार्च 2027 तक 200 और डीलरों को जोड़ने की योजना के साथ, कंपनी का उद्देश्य अपनी भौगोलिक पहुंच का विस्तार करना, ग्राहकों के लिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना और शहरी तथा अर्ध-शहरी बाजारों में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ करना है। संस्थापक जयेश ठक्कर के विजन के तहत, कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों को भविष्य के सबसे बेहतरीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस में से एक के रूप में पहचाना और टू-व्हीलर्स, थ्री-व्हीलर्स व कमर्शियल फोर-व्हीलर्स के क्षेत्र में मजबूत आरएंडडी क्षमताएं और तकनीकी विशेषज्ञता हासिल की।डीलर नेटवर्क का यह विस्तार कंपनी की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की बढ़ती मांग के अनुरूप डिस्ट्रीब्यूशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के उसके उद्देश्य के बिल्कुल अनुकूल है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सं० MC/Wheel press/AMC/02/26

दिनांक : 29/09/2026

व०मं०यॉ०अभि०/समाडि/पू०म०रे० डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई-निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं० MC-Wheel press-AMC-02-26 दिनांक: 28/09/2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है।

**कार्य का विवरण :** डब्ल्यूसीसी/डीडीयू के मशीन शेड में स्थापित हाइड्रोलिक व्हील प्रेस 500T मशीन एस०ओ० संख्या 11000363 का व्यापक एएमसी। **कार्य का अनुमानित लागत :** Rs. 73,98,330.00/- तीहत्तर लाख अनठानबे हजार तीन सौ तीस मात्र। **धरोहर राशि :** Rs.1,48,000.00/- एक लाख अड़तालीस हजार मात्र। **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांक : 07.10.2026 से 21.10.2026 तक समय 15:00 बजे तक। **वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS website: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नही किया जायेगा।

**नोट:** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**व०मं०यॉ० अभि०/समाडि/पू०म०रे०/डीडीयू**

पीआर/1038/डी०डी०यू०/सी एण्ड डब्ल्यू/टी/26-27/40



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र संख्या 4**

**संदर्भ : ई-निविदा सं.**

**उप मु.इं.-नि.-II-जीकेपी-पीसी-01-2026**

उपरोक्त निविदा के अंतर्गत निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किये जा रहे हैं।

**क्रमांक : 01, मद का नाम : निविदा बंद होने की तिथि एवं समय - पूर्व में दिया गया मानक : 15.10.2026 15:00, संशोधित मानक : 03.11.2026 15:00. क्रमांक : 02, मद का नाम : बिड प्रारंभ करने की तिथि - पूर्व में दिया गया मानक : 01.10.2026, संशोधित मानक : 20.10.2026.** अन्य शर्तें पूर्वतः की भांति लागू रहेंगी। शुद्धि पत्र वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I/गोरखपुर

मुजाधि/डब्ल्यू-363 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.:- DRM/C/AGRA/Parcel/E-AUCTION दिनांक : 30.09.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| श्रेणी : पार्सल | कैटलॉग संख्या : AGRA-LEASING-52 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्स :** 1. गाड़ी संख्या 14854 में (01) (F1) एसएलआर
2. गाड़ी संख्या 20178 में (01) (F1) एसएलआर
3. गाड़ी संख्या 12195 में (01) (R1) एसएलआर
4. गाड़ी संख्या 12180 में (01) (F1) एसएलआर

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांक :- 15.10.2026, समय :- 12:00**

**ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांक :- 15.10.2026, समय :- 13:10**

**नोट :-** उक्त ठेकों के आवटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट-**www.ireps.gov.in** के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **2232/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 26/46 **दिनांकः** 29.09.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30262027 | सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर) फॉर जनरेटर कार साइड-2 | 220 नग | 20.10.2026 |
| 2 | 64265114A | स्क्यूजिंग सिलेण्डर | 288 नग | 02.11.2026 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2220/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** Dy. CPM-GSU-20 **दिनांकः** 29.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति यूनिट / प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा- डबल पैकेट प्रणाली):-

| **निविदा सं.:** GSU-20 | **अनुमानित मूल्य (रु):** ₹ 304399656.12 |
|---|---|
| **कार्य का विवरणः** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के प्रयागराज डिवीज़न में बरहन-एटा सैक्शन के 'D' क्लास कुशवा और जवाहरपुर कामसुन स्टेशनों को 'B' क्लास स्टेशन में बदलना। | |
| **बयाने की रकम (रु):** ₹ 6088000.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 12 महीने |
| **निविदा खुलने की तिथिः 21.10.2026 15:30 hrs.** | |

**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अर्न्तगत सिमिलर कार्यः For Civil work :** Any Civil engineering work. **For Electrical work:** Satisfactory execution of any electrical work related to HT/T/LT installation.

**नोट :- (1) आन लाइन निविदा 21.10.2026 को 15:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय **15:30 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि **21.10.2026** तक उपलब्ध है। **2236/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/667** **दिनांक : 29.09.2026**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

| **निविदा सं0** : 230-क0वि0-कार्य ठेका-1056-2026 | |
|---|---|
| **कार्य का विवरण :** प्रयागराज मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय-झींझक खंड में पुराने/कमज़ोर कैटेनरी तार को बदलने का कार्य (3rd Call)। | |
| **अनुमानित लागत** : रू0 80,84,490.00 | **बिड सुरक्षा राशि** : रू0 1,61,700.00 |
| **कार्य अवधि** : 12 महीना | **बोली प्रणाली** : एक पैकेट |
| **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय** : 21.10.2026, 14:00 बजे | |
| **निविदा खुलने की तिथि तथा समय** : 21.10.2026, 15:00 बजे | |

**नोट :- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **2.** उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की बेवसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2231/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सं.: **GSU-ST-JWK-KWW-9-2026** दिनांकः 28.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा, वर्णित खुलने की तिथि को **12:00** बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं.1. | निविदा संख्या : 9 | काम की अनुमानित लागतः ₹ 147751864.08 |
|---|---|---|
| **कार्य का विवरण :** प्रयागराज मंडल के बरहन-एटा खंड पर 'D' श्रेणी के जवाहरपुर कमसन स्टेशन और कुसवा स्टेशन को 2 कॉमन लूप के साथ 'B' श्रेणी के स्टेशन में बदलने के संबंध में नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान। | | |
| **अग्रिम राशि :** ₹ 2955000.00 | **निविदा प्रपत्र की लागत :** ₹ 0.00 | |
| **समापन अवधि :** 24 Months | **निविदा खुलने की तिथि :** 21.10.2026 | |

**2. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

**3. धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूप :** उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदाकर्ता (ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**4. निविदा खुलने का समय तथा स्थान :** निविदा ई-निविदा के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में 12:30 बजे या उसके बाद खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी।

**5. निविदा की वैधता :** निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन।

**6. निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकार :** रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित / संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **2218/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**संख्या 136-ई/उपमुकाधि/नि./पुनःनियुक्ति/ग्रुप-सी/भाग -II** **दिनांकः 23.09.2026**

**अधिसूचना**

निर्माण संगठन/उमरे में सेवाओं की अनिवार्यता हेतु पुनः नियुक्ति के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त एसएसई/पी.वे से निम्नलिखित नियमों और शर्तों के साथ विकल्प मांगे जाते है-

(1) केवल वे ही रिटायर्ड एसएसई/पी.वे पात्र होंगे और उन्हें दोबारा काम पर रखने पर विचार किया जाएगा, जिनका NCR, NR और NER में 'लियन (lien) था। उन्हें उसी 'सबस्टेंटिव पे-लेवल' (substantive pay-level) पर दोबारा काम पर रखा जा सकता है, जिस पर वे रिटायरमेंट के समय थे। (2) पुनः नियुक्त कर्मचारी का मुख्यालय CRS/NE सर्कल/लखनऊ कार्यालय होगा। (3) पुनः नियुक्त किए गए कर्मचारी का वेतन उस बिल युनिट के खाली पद से दिया जाएगा जहाँ एसएसई/पी.वे का पद खाली है। (4) नोटिफाई की गई पोस्ट पर नियुक्ति, रेलवे बोर्ड के RBE नंबर 96/2024 दिनांक 15.10.2024 के तहत जारी पुनः नियुक्ति (re-engagement) के लिए पॉलिसी की अवधि बढ़ाने के आधार पर होगी। (5) रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी नियमानुसार आवेदक को आवेदित पद की चिकित्सा श्रेणी में योग्य होना अनिवार्य है। (6) पुनः नियुक्ति किए जा रहे सेवा निवृत्त कर्मचारी सुरक्षा संबंधी सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार हेतु उदारी कृत सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (एलएआरएसजीईएसएस)/हटाए गए/बर्खास्त किए गए/अनिवार्य सेवानिवृत्त के अंतर्गत कवर नहीं किए गए होने चाहिए। (7) कर्मचारियों की उपयुक्तता/योग्यता का निर्धारण नामित समिति द्वारा किया जाएगा। (8) पुनः नियुक्ति हेतु कर्मचारी डीएआर/सतर्कता मामलों से मुक्त होना चाहिए। (9) पुनः नियुक्ति अधिकतम 65 वर्ष तक होगी। (10) पुनः नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पारिश्रमिक, भत्ते और अवकाश रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और व्यय विभाग, वित्तमंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 09.12.2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ.सं.3-25/20220-ई.IIIA के अनुसार होंगे, जो निम्नानुसार है: (अ) सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन से मूल पेंशन की कटौती करके अनुबंध अवधि के दौरान एक निश्चित मासिक राशि पारिश्रमिक के रूप में स्वीकार्य होगी। इस प्रकार निर्धारित पारिश्रमिक की राशि अनुबंध की अवधि के लिए अपरिवर्तित रहेगी। (ब) अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता और एचआरए की अनुमति नहीं दी जाएगी। (स) निवास और कार्य के स्थान के बीच आवागमन के उद्देश्य से परिवहन भत्ते के रूप में एक उचित और निश्चित राशि की अनुमति दी जाएगी हालांकि, सेवानिवृत्ति के समय उन की पात्रता के अनुसार उन्हें आधिकारिक दौरे पर टीए/डीए, यदि कोई हो, की अनुमति दी जा सकती है। (घ) सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिनों की दर से स वेतन अनुपस्थिति अवकाश की अनुमति दी जा सकती है। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश संचय की अनुमति नहीं दी जाएगी। 11. पुनः नियुक्ति अवधि 01 वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक (पॉलिसी की अवधि बढ़ने की शर्त पर), जो भी पहले हो, के लिए होगी। हालांकि, पुनः नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर, उसकी नियुक्ति की अवधि को एक वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, आगे बढ़ाया जा सकता है। 12. आरआरबी से चयनित उम्मीदवारों के शामिल होने पर पुनः नियुक्त कर्मचारियों को तुरंत हटा दिया जाएगा। 13. पुनः नियुक्त कर्मचारियों को इकाई का प्रभारी नहीं बनाया जाएगा। पुनः नियुक्त कर्मचारियों को वित्तीय और डीएंडएआर शक्तियां नहीं दी जाएंगी और उनहें कोई सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत नहीं किया जाएगा। पुनः नियोजित कर्मचारी वित्तीय एवं अन्य मामलों पर अपने सुझाव नियमित या सेवारत कर्मचारियों/अधिकारियों को दे सकते हैं। 14. केवल वे सेवानिवृत्त कर्मचारी जो अधिवर्षिता के कारण सेवा निवृत्त हुए हैं वो सेवानितृत्त के समय धारित वेतन लेवल एवं सेवानिवृत्ति विभाग में ही आवेदन करने के पात्र हैं। 15. चयनित आवेदक को निर्माण संगठन/एनसीआर के किसी भी स्टेशन पर तैनात किया जा सकता है। 16. पुनः नियोजित कर्मचारियों को पुनःनियोजित होने की सभी शर्तों का पालन करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। 17. पुनः नियुक्त का कार्य/आचरण असंतोषजनक पाया जाता है तो प्रशासन पुनः नियोजित कर्मचारियों की सेवा अवधि पूरी होने से पहले ही 7 दिन का नोटिस देकर समाप्त करने के लिए स्वतंत्र है। पुनः नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी हो अपनी सेवाएं समाप्त करने से पहले 7 दिन का नोटिस देना होगा।

**आवेदन कैसे करें:**

योग्य एवं इच्छुक सेवानिवृत्त एसएसई/पी.वे निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-'अ'संलग्नक) में आवेदन को तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें जैसे-स्व-सत्यापित (i) पी.पी.ओ. की फोटो कॉपी (ii) सेवा प्रमाण पत्र (iii) पेंशन पहचान पत्र तथा (iv) हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो की 02 प्रतियां। आवेदन को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण कार्यालय, हॉलसंख्या-02, एच-ब्लॉक, भागीरथी बिल्डिंग, सूबेदारगंज, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज-211015 (यूपी0 में **अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2026** तक भेजना आवश्यक है।

यह अधिसूचना एन सी आर की वेबसाइट **http://ncr.indianrailways.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

(इफ्तिखार अहमद खान)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/निर्माण
कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

2246/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं GEM/2026/B/8083256** **दिनांकः 30.09.2026**

**ई-निविदा सूचना**

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर **दिनांक 21.10.2026** तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| **जेम बिड सं.:** GEM/2026/B/8083256 दिनांक 30.09.2026 | **अनुमानित मूल्य (रू):** 41,97,600.00 |
|---|---|
| **कार्यों का विवरणः** सहायक मण्डल इंजीनियर चुनार के अन्तर्गत वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर चुर्क एवं वरिष्ठ खण्ड इंजीनियर चुनार के लिए 9 टन क्षमता वाले 2 नं0 ट्रक वाहन की आपूर्ति का कार्य। | |
| **अग्रिम धन राशि मूल्य (रू):** 83,960 | **कार्य समापन की अविधः** 24 माह |
| **निविदा बंद होने की तिथिः** 21.10.2026 | |

**पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः** सप्लाई आफ रोड वेहिकल्स आन हायरिंग बेसिस टू सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट सेमी गवर्नमेंट बाडीज आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट एवं पब्लिक सेक्टर अन्डर टेकिंग आफ सेन्ट्रल/स्टेट गवर्नमेंट

**नोटः-1.** आनलाइन निविदा **बंद होने** की तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर निविदा **बंद होने** की तिथि तक उपलब्ध है।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR **2235/26(K)**



**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/663** **दिनांकः 29.09.2026**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है -

| **निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-1052-2026, **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के चोला (CHL) और वैर (WIR) स्टेशनों पर पुराने FOB को नए FOB से बदलने के कारण 25kV OHE में संशोधन का कार्य। | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (₹)** : 1,09,70,480.38 | **बिड सुरक्षा राशि (₹)** : 2,19,400.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय** : 21.10.2026, 14:00 बजे | **कार्य अवधि** : 12 महीना |
| **निविदा खुलने की तिथि तथा समय** : 21.10.2026, 15:00 बजे | **बोली प्रणाली** : एक पैकेट |

**नोट :- (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई. बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2229/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी**

पत्रांक- सा.191/26 [illegible] दिनांक- 01/10/2026

**सार्वजनिक सूचना**

श्री राजेश कुमार पुत्र स्व0 राज किशोर लाल, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती रेणी श्रीवास्तव पत्नी श्री उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती सोनू रानी पत्नी श्री विशाल सक्सेना व रूपाली श्रीवास्तव पुत्री स्व0 एस0आर0 श्रीवास्तव द्वारा आराजी सं0-150/1, मौजा-हील, परगना-शिवपुर, वार्ड-सारनाथ, तहसील-सदर, वाराणसी पर होटल का निर्माण कराया गया है। [illegible]

नगर नियोजक / प्रभारी अधिकारी (मानचित्र), वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।



# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
# जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

(E-mail:- sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक: 4871/एस.ई.टेण्डर/जौ.गा. वृत्त/2026 दिनांक: 23.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0 जौनपुर द्वारा प्रतिशत दर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी ए0 श्रेणी में भवन कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि रू0 लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | अन्धऊ हवाई पट्टी पर निर्मित फ्यूल रूम की मरम्मत, गेस्ट हाउस में रंगाई-पुताई, दीवाल की मरम्मत, डी0जी0 बैट्री, खिड़की-दरवाजा व हवाई पट्टी की बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य। | 300.00 | 17.00 | 2714 | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, गाजीपुर | 5 माह | ए |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879 (1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 07.10.2026 अपरान्ह 12.00 से दिनांक 15.10.2026 अपरान्ह 12.00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 15.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 15.10.2026 को 12.00 बजे के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा।
- शा0सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(बी0एल0गौतम)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
गाजीपुर

(एस0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.:- 257316

दिनांक:- 30.09.2026

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।



# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
# जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

पत्रांक:- 4850/एस.ई.टेण्डर/जौ.गा.वृत्त/2026 दिनांक:- 23.09.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना ( एस.बी.डी.; )**

**( ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना )**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो.नि.वि. के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर दिनांक 07.10.2026 से दिनांक- 15.10.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड 15.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो.नि.वि. के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाईनेन्शियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। कार्यालय बन्द हाने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं./ लॉट सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु. में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष-2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में । | | | | | | |
| 1 | अन्धऊ हवाई पट्टी गाजीपुर के रनवे के मरम्मत का कार्य। | 500.00 | 10.00 | 05 माह | रु. 5,590.00 | ए |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी.एस.टी. को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा आनलाईन दिनांक 07.10.2026 से दिनांक 15.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 15.10.2026 को 12.30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय,दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो उसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.10.2026 को 12.00 बजे के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा।
- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017(22) दिनांक 03.1.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेखों को व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत ने किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।

( बी.एल. गौतम )
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., गाजीपुर

( एस.के. सिंह )
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

उ.प्र.:- 257340

दिनांक:- 30.09.2026 वेबसाइट- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

# स्टे में उतरे करेण्ट ने ली युवक की जान

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के कौड़िहार गांव में बुधवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया। विद्युत पोल में लगे स्टे में उतरे करेण्ट की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार चंदौली थाना क्षेत्र के डिग्घी गांव निवासी रामदुलारे का छोटा पुत्र बॉबी कुमार काफी समय से कौड़िहार गांव में अपने मामा श्रीराम के घर रह रहा था। वह पढ़ाई के साथ मजदूरी भी करता था। बुधवार की रात करीब 10 बजे वह गांव स्थित रविदास मंदिर के समीप पहुंचा। इसी दौरान विद्युत पोल के स्टे में उतरे 440 वोल्ट के करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही सैदूपुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। बॉबी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पिता रामदुलारे, भाई सनी, मामा श्रीराम सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# विधान परिषद चुनाव के लिए चंदौली में १० मतदान केंद्र

## २३ अक्तूबर को होगी वोटिंग

**चंदौली।** वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2026 के एमएलसी चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार 01 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 6 अक्टूबर से शुरू होगी। 7 अक्टूबर को नामांकनों की जांच की जाएगी, जबकि 9 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा और मतगणना 27 अक्टूबर को कराई जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनावी कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें ताकि चुनाव निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में मतदान के लिए कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने तैनात जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि वे तुरंत अपने-अपने क्षेत्रों के केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करें और पेयजल, बिजली व शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। यदि कोई कमी पाई जाती है, तो उसे समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार,अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रतन वर्मा, डीसी एनआरएलएम श्वेता सिंह और एआरटीओ सर्वेश गौतम मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम। छाया: आज

## घर आने से पहले सैनिक ने क्षेत्र को किया सलाम

**कमालपुर।** स्थानीय क्षेत्र के बहेरी गांव के मूल निवासी हवलदार मनोज कुमार ने सेना से सेवा निवृत्त होने के पश्चात गुरुवार को सर्व प्रथम क्षेत्र के लोगों को सलाम किए। मनोज कुमार सर्व प्रथम सन 2000 में दिल्ली जाकर भारतीय थल सेना में एक सिपाही के पद पर भर्ती हुए। देश भक्ति, लगन,अनुशासन, कठिन परिश्रम तथा सदैव आगे बढ़ने की प्रबल इच्छा मनोज कुमार को हवलदार पद पर आसीन हुए। सिपाही से लेकर अधिकारी तक भारतीय थल सेना में अनुशासित रहकर अपने से बड़ों तथा छोटों द्वारा हमेशा सम्मान पाते रहे। अपने सर्विस काल में सदैव आगे बढ़ना सिखा, पीछे कभी भी मुड़ कर नहीं देखा जिसका जीता जागता उदाहरण एक अधिकारी के पद से भारतीय थल सेना ने मनोज कुमार को सेवानिवृत कर घर भेजा। डी डी यू नगर रेलवे स्टेशन से उतर कर कमालपुर कस्बा पहुंचते ही बाजे गाजे, फोर ह्वुलर गाड़ियों और भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता के बीच घूम कर सभी को हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए पैतृक गांव बहेरी जाकर सर्व प्रथम माता जी का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ली।

# ५० हजार हेल्थ कार्ड बनवाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा दिलाने का संकल्प- डा. कृष्णानंद

मुगलसराय। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर क्षेत्र की बहनों के स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर किए गए संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 380 विधानसभा मुगलसराय के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कृष्णानंद पाण्डेय ने अमोघपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को हेल्थ कार्ड वितरित किए। रक्षाबंधन के अवसर पर डॉ. कृष्णानंद पाण्डेय ने बहनों को हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने और उनके स्वास्थ्य संबंधी हितों के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही थी। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम में हेल्थ कार्ड वितरित कर इस पहल को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णानंद पाण्डेय ने कहा, हमारी बहनें परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला हैं। वे अपने संस्कार, स्नेह और जिम्मेदारियों के माध्यम से दो परिवारों को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षा की चिंता करना केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने भविष्य की योजना का उल्लेख करते हुए कहा, यदि आने वाले समय में मुझे मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिलता है, तो इस अभियान को व्यापक स्वरूप देते हुए लगभग 50 हजार हेल्थ कार्ड बनवाने का प्रयास किया जाएगा। हमारा संकल्प है कि इन हेल्थ कार्डों के माध्यम से क्षेत्र की बहनों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बहन के आवश्यक उपचार में बाधा न बनें। डॉ.कृष्णानंद पाण्डेय ने कहा, बहनों का स्नेह और विश्वास मेरे लिए अमूल्य है। उनके सम्मान, स्वास्थ्य और हितों से जुड़े विषयों पर मैं सदैव उनके साथ खड़ा रहूंगा। जनसेवा का उद्देश्य केवल संकल्प लेना नहीं,बल्कि उसे धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य करना है।



## तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के बभनीयाव रायपुर गांव में एक दिव्यांग किशोरी की बुधवार को देर सायं अबुझ हाल में तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी। मृतका किशोरी की पहचान कुमारी आरजू (13) के रूप में हुई हैं जो दिनेश की बेटी थी। वह बिहार के शिव की रहने वाली थी और अपने नाना रामदुलार के घर बभनीयाव रायपुर में रहती थी। आरजू एक हाथ और एक पैर से दिव्यांग भी थी। इस संबंध में धानापुर थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। इसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजा जा रहा है। किशोरी पोखर में कैसे गिरी और उसकी मौत कैसे हुई, इसके सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

# 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान में डीआरएम ने लिया हिस्सा

**मुगलसराय।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान अभियान के तहत पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग क्षेत्र एवं ऑटो स्टैंड में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के नेतृत्व में रेल अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने स्वयं श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की। इस दौरान स्वच्छता को केवल अभियान नहीं,बल्कि दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने ऑटो चालकों से संवाद करते हुए कहा कि जैसे हम अपने घर की साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं, वैसे ही अपने कार्यस्थल और ऑटो स्टैंड को भी स्वच्छ रखना चाहिए। ऑटो चालक अपने दिन का अधिकांश समय कार्यस्थल पर बिताते हैं, इसलिए वहां स्वच्छ वातावरण बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने चालकों से आग्रह किया कि वे अपने वाहनों और स्टैंड को स्वच्छ रखें, यात्रियों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें तथा कूड़ा इधर-उधर न फेंकें। उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं पर भी जागरूक करते हुए गुटखा आदि खाकर इधर-उधर न थूकने तथा स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों का ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई करना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह प्रयास करना है कि गंदगी उत्पन्न ही न हो। 'न खुद गंदगी करें, न अपने आसपास किसी को गंदगी करने दें' की भावना को व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों एवं ऑटो चालकों के बीच स्वच्छता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा रेल अधिकारियों, रेलकर्मियों एवं यात्रियों की भागीदारी से हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

## संक्षिप्त

### जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर किया स्वागत

**चहनियां।** चहनिया कस्बा के रहने राकेश जायसवाल को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने पर बुधवार की शाम को माला पहनाकर स्वागत किया गया । लोगो ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ने कहा कि एक सरल स्वभाव के रहने वाले राकेश जायसवाल को संगठन की जिम्मेदारी मिली है, उसको हर संभव निभाने का प्रयास करेंगे । एक शिक्षक समाज में उस आइने की तरह होता है, जो समाज में फैले कुरीतियों को बच्चों के अंदर से निकालकर उन्हें सही मार्ग पर ले जाते है । संगठन की जिम्मेदारी भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है । इस दौरान शिवलाल जायसवाल, गोपाल गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, एड० योगेंद्र मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, विजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### पास्को एक्ट कानून के बारे में बच्चों को किया जागरूक

**चहनियां।** कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में प्रभारी मनोज गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र छात्राओं को पॉस्को एक्ट के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने पॉक्सो एक्ट के बारे में कहा की 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ लैंगिक अपराध होने पर कड़े कानून बनाए गए है। जिसमे 10- 20 साल की सजा का प्रावधान है। भारत सरकार द्वारा यह कानून 14 नवंबर 2012 को बनाया गया। जिससे बच्चों पर होने वाले लैंगिक अपराध पर लगाम लग सके। उन्होंने बताया कि मदद लेने हेतु 1098,112 तथा बाल कल्याण समिति और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता ले सकते है। गुड टच और बाद टच के बारे में भी बच्चों को नाटक द्वारा दिखाया गया। किसी अजनवी या अपने पास पड़ोस के द्वारा दिए गए लालच में नहीं पड़े। तुरंत सक्षमव्यक्ति को सूचित कर सहायता ले। इस अवसर पर लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, गौतम लाल, रूबी सिंह, ममता रानी गुप्ता सहित सभी शिक्षक कर्मचारी तथा बच्चे उपस्थित रहे।

### चोरों ने जेवर, नकदी समेत अन्य सामानों पर किया हाथ साफ

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के बिरना गांव में बीती रात हौसला बुलंद चोरो ने एक रिहायसी मकान का ताला तोड़कर लाखो रूपये का सोने चांदी के जेवर नकदी एवं अन्य सामान चुरा लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल में जुट गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक धानापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बिरना निवासी भानु मौर्य के बंद घर से चोरों ने बुधवार रात को बंद मकान के मेन गेट में लगा दरवाजा का ताला तोड़कर घर में घुस कर चोरों ने कमरे में रखी अलमारी व सूटकेश में रखे 1 लाख 60 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, सोने की अंगूठी और अन्य आभूषण चुराकर फरार हो गये सुबह होने पर जब भुक्त भोगी के परिजनों ने कमरे में बिखरा हुआ सामान देखकर ढंग रह रहे और आस पास के लोग मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना डायल 112 को सूचित किया मौके पर जाकर पुलिसने घटना की विस्तृत जानकारी ली और जाँच पड़ताल में जुट गयी।

### ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रतिरोध मार्च

**चकिया।** वामपंथी दलों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बुधवार को लालपुर स्थित पार्टी कार्यालय से उपजिलाधिकारी कार्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने और मतदाता सूची से हटाए गए नामों को बहाल करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। सभा में माले के राज्य स्थायी समिति सदस्य एवं चंदौली जिला सचिव अनिल पासवान ने कहा कि निर्वाचन आयोग को लेकर सामने आए खुलासों के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त को इस्तीफा देना चाहिए। माले नेता परमहंस राम ने आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों का जवाब देने की मांग की। मार्च में रामायण राम, धर्मपाल राम, सुदामा राम, वैजयंती माला, रामसनेही, शिवलोचन, राधिका देवी, शिव चौहान, कमली वनवासी, रामबचन वनवासी,चंद्रभान चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सकलडीहा तहसील परिसर में आवारा कुत्तों का आतंक

**सकलडीहा।** तहसील परिसर इन दिनों आवारा कुत्तों का अड्डा बना हुआ है। बड़ी संख्या में कुत्ते दिनभर परिसर में घूमते रहते हैं और फरियादियों के बैठने के लिए बनी बेंचों पर कब्जा जमाए रहते हैं। इससे तहसील में आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुत्तों के झुंड में घूमने और बेंचों पर बैठे रहने से फरियादियों में भय का माहौल है। कई लोग डर के कारण अपना रास्ता बदलने को मजबूर हैं। गुरुवार को भी करीब आधा दर्जन आवारा कुत्ते तहसील परिसर में घूमते दिखाई दिए, जिनमें कुछ कंक्रीट की बेंचों पर बैठे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तहसील परिसर में तैनात कर्मचारी और होमगार्ड/पीआरडी जवान आवारा कुत्तों को हटाने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीण बसंत, सरोज, नित्यानंद पांडेय,रमाशंकर सिंह और अजय बहादुर सिंह ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

### दिव्य ज्योति ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**सैयदराजा।** नगर पंचायत सैयदराजा के लोहियानगर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा दिव्य ज्योति पांडेय ने विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी प्रदान करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.रमेश कुमार सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में किया गया, जिसमें वाराणसी एवं चंदौली जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा दिव्य ज्योति पांडेय ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## डिग्री कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**चकिया।** चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव गुरुवार को विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में अनिल कुमार सिंहए राघव सिंह तथा रामचंद्र सोनकर मौजूद रहे। चुनाव के बाद प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें प्रबंधक पद पर अमरनाथ यादव, अध्यक्ष पद पर भगवान दास यादव, उप प्रबंधक पद पर लालचंद वर्मा, मंत्री पद पर शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर कन्हैया शर्मा तथा उपाध्यक्ष पद पर काशी सिंह का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान समिति के सदस्यों एवं अन्य उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर राम गुलाब सिंह, विनोद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंजीनियर प्रवीण कुमार यादव सिंह, उपेंद्र यादव, बाबूचंद जयसूर यादव, सुरेश यादव, मिठाई सिंह, शांति प्रसाद, अरविंद यादव, दशरथ यादव, श्रीप्रकाश,समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे इंटर कालेज में पुरातन छात्र समागम का आगाज

**मुगलसराय।** पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय पुरातन छात्र समागम का गुरुवार को भव्य आगाज हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के पुरातन छात्र एवं सेवानिवृत्त आईएएस निर्मलजीत सिंह कलसी तथा विशिष्ट अतिथियों एयर मार्शल गुरनाम सिंह, मानस पोद्दार,पंकज कुमार सिंह और डीआरएम उदय सिंह मीना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। समागम में वर्ष 1965 से 2025 तक विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके विभिन्न बैचों के सैकड़ों पुरातन छात्र-छात्राएं और पूर्व शिक्षक शामिल हुए। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले पुरातन छात्रों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया। कोई पुराने दोस्तों से गले मिलकर यादें ताजा करता दिखा तो कोई विद्यालय की कक्षाओं, मैदान और अपने छात्र जीवन के किस्से साझा करता रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय से जुड़े विभिन्न पीढ़ियों के पुरातन विद्यार्थियों को एक मंच पर लाना और उनकी पुरानी स्मृतियों को साझा करना है। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कई दिनों से इसकी तैयारियां चल रही थीं। समागम की भावना को विद्यालय परिसर में लगाए गए संदेशों ने और भावुक बना दिया। 'ईंटों से इमारत बनती है, यादों से विद्यालय', 'यहां सिर्फ किताबें नहीं पढ़ीं, जिंदगी के मायने भी सीखें' और कुछ रिश्ते कभी पुराने नहीं होते जैसे संदेश पुरातन छात्रों को उनके छात्र जीवन की यादों से जोड़ते नजर आए। समागम में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके पुरातन छात्रों के साथ पूर्व शिक्षक भी शामिल हुए। इनमें एयर मार्शल गुरनाम सिंह, भारतीय रेलवे के बेंगलुरु से सेवानिवृत्त जीएम मानस पोद्दार, उत्तर रेलवे नई दिल्ली के प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह, अनिल कुमार सैनी, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, बृजेश कुमार सैनी सहित सैकड़ों पुरातन छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# खंडवारी पीजी कालेज की छात्राओं ने जीता गोल्ड मेडल

**चहनियां।** अंतर महाविद्यालयी प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खंडवारी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मेडल और कप जीतकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रौशन किया है । इसे लेकर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है । संस्थापक प्रबंधक ने बच्चियों को साधुवाद दिया। वाराणसी स्थित एक निजी विद्यालय में 30 सितंबर बुधवार को अंतर महाविद्यालयी प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था । जिसमें मां खंडवारी पीजी कॉलेज सहित कई पीजी कॉलेज ने प्रतिभाग किया था । खंडवारी पीजी कॉलेज की सिंगल में याशिका सिंह, डबल्स में यशिका सिंह और स्वेता पाल ने प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मेडल के साथ कप जीता है । याशिका सिंह ने लगातार तीसरी बार कालेज को प्रथम स्थान दिलाया है । दोनों बच्चियां गुवाहाटी आसाम में नेशनल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जायेगी। संस्थापक प्रबंधक डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों बच्चियों को साधुवाद देते हुए बताया कि कोच संतोष सिंह के नेतृत्व में दोनों बच्चियों ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया है । बच्चियों को जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्रबंध निदेशक डॉ.आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक अवनीश सिंह, सच्चिदानंद सिंह,अरुण गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।




# सेवा संकल्प अभियान के स्वास्थ्य शिविर में २८९ मरीजों का उपचार

**धानापुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को ब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुल 289 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया और चिकित्सकीय परामर्श दिया। मरीजों को आवश्यकता के अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित खान-पान रखने तथा बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक ने शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने से लोगों को अपने क्षेत्र में ही जांच और उपचार की सुविधा मिलती है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम और अभियान से जुड़े लोगों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी आशा मित्रों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, चिकित्सा अधीक्षक रमेश प्रसाद, राजेश सिंह, गोपाल बिंद और रमेश द्विवेदी समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय गर्ल्स हैंडबाल टूर्नामेंट २०२६ का शुभारंभ

**बबुरी।** 1 अक्टूबर 2026 से 5 अक्टूबर 2026 तक चलने वाला पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026 जिसका आयोजन जे एस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हो रहा है। इस कड़ी में छात्रों के शैक्षिक गतिविधि के साथ साथ शारीरिक संवर्धन के लिए सीबीएसई तत्पर रहती है और सीबीएसई के इन्हीं नियमों का पालन करते हुए अपने विद्यालयों में यह कार्यक्रम होता रहता है। जिसका सौभाग्य जे एस पब्लिक स्कूल को लगातार ये पांचवीं बार प्राप्त हुआ है। जे एस पब्लिक स्कूल पूर्व में ही क्लस्टर जोनल और नेशनल सभी प्रतियोगिताएं अब तक करा चुका, जिसमें 4 साल से लगातार नेशनल प्रतियोगिता को अपने प्रांगण में कराने में सक्षम है और सीबीएसई का पूरा विश्वास कायम है। चंदौली जनपद में यह पहला विद्यालय है जिसने लगातार 2022 से ही कबड्डी बाल प्रतियोगिता क्लस्टर, हॉकी प्रतियोगिता 2023 में क्लस्टर-5 खो खो प्रतियोगिता 2024 में, नेशनल बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता 2025 में पुन:वर्तमान समय में नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026 करा रहे है जिसका शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष से ही नहीं अपितु विदेशी टीमें भी ओमान,कतर और यूएई से प्रतिभाग कर रही है। कुल 33 टीमों को आना था जिसमे 26 टीमों ने प्रतिभाग किए। जिसमें 20 टीमें भारतवर्ष से तथा 6 टीमें विदेशी हैं। खिलाडियों की कुल संख्या 350 व उनके कोच व मैनेजरों की कुल संख्या 55 है। साथ ही खेल के निर्णायक मंडल की संख्या 20 है। यह प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 ग्रुपों में बंटी हुई है। टूर्नामेंट का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि एस डी एम राजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर मुगलसराय अशोक कुमार सिंह, शिवतपस्या पासवान चेयरमैन आफ कार्पोरेशन आफ इण्डिया, तहसीलदार मुगलसराय संदीप सिंह आब्जर्वर महिवर्धन सिंह राठौर,महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जयपुर, टेक्निकल ऑब्जर्वर डॉक्टर निशांत सिंह संबिम अकैडमी, वाराणसी उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों का सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य व विद्यालय कमेटी सदस्य राणाप्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वेद मंत्रों के उच्चारण व शंख नाद से प्रारम्भ हुआ और मुख्य अतिथि द्वारा झंडा फहराकर मशाल टीम द्वारा प्रदत्त मशाल को यथा स्थान स्थापित कर किया गया। वेद मंत्रों के उच्चारण व शंख नाद से पूरा वातावरण गुलजार हो उठाए तालियों की गड़गड़ाहट से सबने एक दूसरे का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर विधुभूषण सिंह ने विद्यालय, खेल व खेलकूद से संबंधित अन्य जानकारियों का साझा किए। विद्यालय के प्रेसिडेंट राणा प्रताप सिंह ने भी बच्चों मे जोश भरने का काम किया। अंत में राष्ट्रीय गान कर उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ और खेल प्रारंभ करने की अनुमति मुख्य अतिथि जी द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में देश विदेश से आए खिलाडियों संग उनके कोचेज व मैनेजर, अभिभावक गण कर्मचारी व समस्त अध्यापक गण मौजूद रहे।



# सीआरपीएफ जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चकिया।** क्षेत्र के सोनहुल स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ग्रुप केंद्र की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत गुरुवार को काली माता मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जवानों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया। 'एक दिन, एक घंटा श्रमदान' कार्यक्रम में ग्रुप केंद्र के अधिकारियों, करीब 120 जवानों और 15 सिविल कर्मियों ने सहभागिता की। जवानों ने मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उप-महानिरीक्षक रेंज केरिपुबल चंदौली संजय कुमार, उप-महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र केरिपुबल राकेश कुमार सिंह तथा कमांडेंट पंकज पीटर शाह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा ग्रुप केंद्र केरिपुबल चंदौली और जिला संयुक्त चिकित्सालय चंदौली के संयुक्त सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें सीआरपीएफ जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।




# सेवा संकल्प शिविर में कई विभागों के स्टाल नदारद

**सकलडीहा।** सकलडीहा विकासखंड सभागार में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत बहुउद्देशीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना था। चंदौली में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर का उद्घाटन सीपीसी प्रभारी डॉ.बीके प्रसाद एवं बीडीओ विजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। शिविर में बीडीओ विजय कुमार सिंह, एएचओ रजनीकांत राय,शाहिद आलम अंसारी, जगदीश यादव, पवन दुबे, संदीप गौतम, भावेश त्रिपाठी, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। हालांकि, आपूर्ति, पशुपालन और बाल विकास समेत कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में मौजूद नहीं रहे और उनके स्टॉल भी नहीं लगाए गए। संबंधित योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे लोगों को कर्मचारियों के नहीं मिलने से निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में बीडीओ विजय कुमार सिंह ने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के स्टॉल नहीं लगाए जाने की जानकारी सामने आई है और संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी जाएगी। स्थानीय लोगों ने मांग की कि ऐसे शिविरों में सभी संबंधित विभागों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी और लाभ मिल सके।

# प्रीतमपुर में पीडीए जनपंचायत का आयोजन

**सैयदराजा।** विधानसभा क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव में बुधवार को पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार को भ्रष्ट व तानाशाह करार देते हुए कहा कि यह सरकार अंबानी व अडानी के दबाव में नीतियां बना रही है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। दावा किया कि वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनने जा रही है। पूर्व विधायक मनोज सिंह 'डब्लू' ने कहा कि सपा सरकार में हुई सेना भर्ती ऐतिहासिक रही और सरकार बदलते ही इस इतिहास को दोहराया जाएगा। कहा कि डबल इंजन की सरकार केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। पिछले नौ सालों में सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि सैयदराजा की जनता अपने विधायक को बदलने के लिए आतुर है। इस बार जनता जाति-धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर मतदान करेगी। सपा सरकार बनने पर स्कूलों को बेहतर बनाया जाएगा और पीजी तक की पढ़ाई नि:शुल्क की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजन्म मौर्य व संचालन विधानसभा अध्यक्ष रामजनम यादव ने किया। इस अवसर पर मुन्नीलाल मौर्य, अजय मौर्य, छाया गोंड, बलिराम यादव, सोनू सिंह,संतोष उपाध्याय, लालमणि पाल,अवधेश राय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम

**सैयदराजा।** नगर नगर पंचायत सैयदराजा स्थित, नेशनल इंटर कॉलेज सैयदराजा में सेवा संकल्प अभियान: मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह के द्वारा मां सरस्वती तैल प्रतिमा पर माल्यार्पण के द्वारा शुरू किया । इस कार्यक्रम में चंदौली जनपद के 20 से अधिक माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागिता का स्तर, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रहा। पेंटिंग/पोस्टर प्रतियोगिता में संपन्न हुई। पेंटिंग ध्पोस्टर के कनिष्ठ संवर्ग में प्रथम स्थान जास्मिन खातून, द्वितीय स्थान निखत एवं तृतीय स्थान प्रतिज्ञा ने प्राप्त की। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर लकी विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान पर स्वाती एवं तृतीय स्थान पर प्रीति कुमारी ने सफलता प्राप्त किया।

## पिकअप की टक्कर से ग्यारह हजार विद्युत पोल टूटा, बिजली आपूर्ति बाधित

सरायख्वाजा। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित भकुरा मोड़ पर एक पिकअप के जोरदार टक्कर से हाईवोल्टेज विद्युत पोल धराशाई हो करपिकअप के उपर गिर गया, जिसके कारण सरायख्वाजा देवकली पावर हाउस से सम्बन्धित गांवों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई है। बताया जाता है कि गुरुवार को दोपहर बाद एक तेज रफ्तार पिकअप चालक जौनपुर शाहगंज एन एच 35 हाइवे पर कुछ सामग्री लेकर आ रहा था तभी भकुरा मोड़ पर एक कुत्ते को बचाने के चक्कर में वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप ने ग्यारह हजार विद्युत पोल मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे विद्युत तार सहित पोल धराशाई होकर पिकअप के उपर गिर गया। संयोग ही था कि उस समय करेंट नहीं था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत पोल धराशाई होने के कारण समूचे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था फेल हो गई है। विद्युत कर्मचारी पोल को लगाने में जुटे रहे।

# धूमधाम से मनेगी गांधी-शास्त्री जयंती

### जनपद में होंगे विविध कार्यक्रम

जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को जनपद में पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी। समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित कर दी है। सुबह 6 से 7 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। विद्यालयों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि पर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। सुबह 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण, राग-धुन और विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। कलेक्ट्रेट कार्यक्रम के बाद खरका तिराहे स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इंदिरा गांधी स्टेडियम, सिद्दीकपुर में सुबह 9 बजे 5 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस आयोजित होगी। जिला कारागार में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कैदियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता और फल वितरण किया जाएगा। जिले की मलिन बस्तियों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साफ-सफाई के साथ चूने का छिड़काव भी कराया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। गांधी ग्रामों और ग्राम पंचायतों में श्रमदान रैली व स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही गांधी जी के 'ग्राम स्वराज' और दलित उत्थान की अवधारणा पर परिचर्चा होगी। पंचायत भवनों पर ग्राम प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की ओर से खादी के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। लोगों को चरखा चलाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। विद्यालयों में विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। अवैध मादक पदार्थों और दोहरा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विधिक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। सैयद अलीपुर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच फल वितरित किए जाएंगे और उनके स्वास्थ्य व सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अंगदान संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी देखरेख मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य करेंगे। सभी विकास खंड मुख्यालयों के शहीद स्तंभों एवं अमृत सरोवरों पर 'वीर गाथा' और सैनिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में दिव्यांगजन सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की देखरेख में संपन्न होगा। सभी नगर निकायों में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने और वितरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

## वित्तीय अनियमितता के आरोप में हटाये गये शेषपुर ग्राम पंचायत के प्रशासक

### एडीओ पंचायत करंजाकला को मिला ग्राम पंचायत का चार्ज

सुइथाकला। विकासखण्ड क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत शेखपुर में 5,01,965.72 रुपये की वित्तीय अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में जिलाधिकारी जौनपुर सैमुअल पॉल एन ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में दोषी पाए जाने पर निवर्तमान प्रधान एवं प्रशासक मोतीलाल चौरसिया को प्रशासक पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर सहायक विकास अधिकारी करंजाकला को ग्राम पंचायत का प्रशासक नामित किया गया है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत शेखपुर निवासी पंकज कुमार सिंह ने पंचायत में 5,01,965.72 रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद वित्तीय अनियमितता के आरोप सही पाए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए मोतीलाल चौरसिया को प्रशासक पद से अलग कर दिया। नए प्रशासक के रूप में नामित एडीओ पंचायत करंजाकला अब ग्राम पंचायत शेखपुर के विकास कार्यों और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। पंचायत से संबंधित समस्त कार्य उनकी देखरेख में संपादित किए जाएंगे।यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका में पारित आदेश तथा अवमानना वाद में पारित आदेश के अनुपालन में की गई है। साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन का भी निस्तारण किया गया है। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र पंचायत कार्यालय से लेकर ग्राम प्रधानों के बीच चर्चा तेज हो गई है।

## विधायक के प्रस्ताव पर गोसाईपुर सेवई नाला मार्ग के लिए १८.७५ करोड़ स्वीकृत

गौराबादशाहपुर। क्षेत्रीय विधायक जगदीश नारायण राय के प्रस्ताव पर गोसाईपुर सेवईनाला मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने 18 करोड़ 75 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। उक्त मार्ग के कुल 10.400 किलोमीटर तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ बाजार और गांव के मध्य नाली निर्माण कराया जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग जौनपुर द्वारा निर्माण कार्य की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। जाफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही बाजार व गांवों में जलनिकासी की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक जगदीश नारायण राय ने क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए शासन के समक्ष इस मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव रखा था। शासन से स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी है।

## श्रीराम कथा के लिए बीआरपी मैदान में ज्ञान प्रकाश सिंह ने सपत्नी किया भूमिपूजन

### कथा को ऐतिहासिक बनाने के संकल्प के साथ रामभक्तों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



जौनपुर। बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में सेवाभारती, काशी प्रांत के नेतृत्व में 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के लिए गुरुवार को मुख्य आयोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने सपत्नी विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के इस पावन अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में रामभक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भूमिपूजन के साथ ही श्रीराम कथा के भव्य आयोजन के लिए भव्य पंडाल निर्माण कार्य का भी शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने कहा कि आगामी 20 अक्टूबर को भव्य झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुरली पाल (प्रांत कार्यवाह, काशी प्रांत), बड़े भाई भुवनेश्वर सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, पूर्व सभासद विनय सिंह, अरविंद सिंह (माउंट लीटरा), प्रदीप त्रिपाठी, प्रदीप सिंह रिंकू, मिंटू पाठक, संजय सिंह, डॉ. दिनेश तिवारी, ब्रह्मेश शुक्ल, पप्पू माली (राष्ट्रीय महासचिव, अपना दल एस), डॉ. मधुकर तिवारी, रमेश सिंह रामा, बबलू दूबे, मयंक नारायण, जेपी श्रीवास्तव, मीना यादव, रूचि सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रेखा तिवारी, प्रीति गुप्ता, डॉ. अंजना श्रीवास्तव, बिट्टू किन्नर, मिलन श्रीवास्तव, विमला श्रीवास्तव, मीरा अग्रहरी, किरण सिंह, नेहा सिंह, पूनम पटेल सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता एवं रामभक्त उपस्थित रहे।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

### एसपी के आदेश पर पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

पवांरा। दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एसपी को दी गई तहरीर के अनुसार थाना बक्सा थाना क्षेत्र के ग्राम बदौना पोस्ट फतेहगंज जिला-जौनपुर गांव निवासी रूबी गौतम का विवाह 13 जून 2021 को पवांरा थानाक्षेत्र के गौहानी गांव निवासी कन्हैया लाल गौतम पुत्र पंचम गौतम के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के अगले दिन 14 जून को विदाई के बाद रूबी अपने ससुराल पहुंची और पति के साथ रहने लगी। पीड़िता का आरोप है कि कुछ समय तक सब ठीक रहा, लेकिन बाद में पति दहेज में मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। रूबी के अनुसार मांग पूरी नहीं होने पर पति उसे गाली-गलौज कर प्रताड़ित करने लगा। कई बार उसने मायके से रुपये लाने को कहा और धमकी दी कि यदि दो लाख रुपये नहीं मिले तो उसे घर से निकालकर दूसरी शादी कर लेगा। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता, भाई और चाचा को दी। परिजनों ने ससुराल पहुंचकर पति को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। तहरीर में रूबी ने आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2026 को करीब 10 बजे उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और उसके स्त्रीधन के आभूषण भी अपने पास रख लिए। आरोप है कि इसमें सोने की सिकड़ी, चांदी का पायल, चांदी का करधन सहित अन्य सामान शामिल था। इसके बाद उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता का कहना है कि इसी दौरान गांव की एक लड़की से न्यायालय में कोर्ट मैरेज कर लिया । इस पर वह अपने ससुराल पहुंची तो पति ने उसके साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी गई। पुलिस उसे थाने ले गई, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई न करके उसको छोड़ दिया। थाने पर लिखित तहरीर दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## फ्रंटलाइन वर्कर्स का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

मछलीशहर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में जीरो डोज़ कार्यक्रम के तहत आयोजित दो-दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन पिछले सत्रों में बताई गई तकनीकों का पुनरावलोकन किया गया। कार्यक्षेत्र में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों और टीकाकरण से हिचकिचाने वाले परिवारों की सटीक ट्रैकिंग पर विशेष जोर दिया गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ.अजय कुमार सिंह ने कार्य क्षेत्र में आशा की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए, उन्हें वंचित बच्चों की पहचान, ड्यू-लिस्ट के अद्यतनीकरण और निरंतर फॉलो-अप के व्यावहारिक गुर सिखाए गए। समुदाय में संवाद स्थापित करने के लिए बैठकों के प्रभावी संचालन की रणनीति बनाई गई। इसमें ग्राम प्रधानों, कोटेदार स्थानीय धर्मगुरुओं और प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग लेकर भ्रांतियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

## नाबालिग को भगाने के आरोप में युवक पर मुकदमा

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के ग्रामोदय इंटर कॉलेज पढ़ने गई 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, पिलखुआँ निवासी बिन्दू देवी पत्नी संदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री आंशिका बीते 28 सितंबर को सुबह लगभग 8 बजे घर से ग्रामोदय इंटर कॉलेज गौराबादशाहपुर जाने के लिए निकली थी। आरोप है कि गौराबादशाहपुर बाजार में पूर्व से घात लगाए परमानन्दपुर थाना केराकत निवासी विकास कुमार पुत्र रामसागर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब गांव की एक लड़की छात्रा की साइकिल वापस लेकर घर पहुंची। काफी खोजबीन और प्रयास के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला और आरोपी का मोबाइल फोन बंद आने लगा, तो पीड़िता की मां ने थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर आरोपी विकास कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम गठित कर आरोपी की तलाश और नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का सम्मान




जौनपुर। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के द्वारा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करना था। रक्तदान शिविर में करीब 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 11 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें मुख्य रूप से देवजयचंद, अरुण यादव, उमाकांत, रामावतार आदि रहे। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर सैफ खान, डॉक्टर अर्पित सिंह, एच के कुशवाहा, चंद्रशेखर, शालिनी मौर्या सहित ब्लड बैंक के स्टाफ उपस्थित रहे। सभी रक्तदाताओं को संस्था की तरफ़ से संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर उनका आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से प्रमुख रूप से सौरभ सिंह विक्की, अंकिता सिंह, सद्दाम, तौकीर आदि उपस्थित रहें।

## स्कूल के बच्चों ने डांडी यात्रा निकाल कर दिया जरूरी संदेश

जफराबाद। स्थानीय थाने के पास स्थित एक विद्यालय के नौनिहालों ने गुरुवार को एक सिम्बोलिक दांडी यात्रा निकाल कर सत्य, अहिंसा, अनुशासन तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। नौनिहालों ने दांडी यात्रा में गांधी जी सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का रूप बनाकर यात्रा में शामिल हुए। विद्यालय से निकली यह रैली जफराबाद थाने के प्रांगण में पहुंची। वहां पर एसआई अरविंद यादव, अम्बेश सिंह, शालिनी यादव ने बच्चों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद रैली के बच्चों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। बच्चों को सड़क और चलने तथा सड़क पर बनाये गए सिम्बल के बारे में विस्तार से बताया गया। रैली में प्रधानाचार्य श्वेता राय, अंजुलता मौर्या, भार्गवी यादव, रिमझिम यादव आदि रहे।

## सेवा संकल्प शिविर का पहला दिन रहा फ्लाप

मुफ्तीगंज। प्रदेश सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत मुफ्तीगंज ब्लॉक परिसर में गुरुवार से पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन शुरू हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में पहले दिन अधिकांश स्टॉलों पर लाभार्थियों की भीड़ नहीं पहुंची। इससे शिविर का पहला दिन फीका रहा। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। खाद्य एवं रसद तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल को छोड़कर अन्य विभागों के स्टॉल पर एक भी लाभार्थी नजर नहीं आया। शिक्षा विभाग की ओर से दिव्यांगजन विभाग समेत समाज कल्याण, कृषि और स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी लगाए गए थे, लेकिन यहां पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।खाद्य एवं रशद विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर सप्लाई इंस्पेक्टर गायत्री प्रजापति ने बताया कि एक दर्जन से अधिक राशन कार्ड बनाने व नाम बढ़ाने का आवेदन प्राप्त हुआ वही स्वास्थ विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल पर डॉ कमलेश पटेल ने बताया कि कुल 63 ओ पी डी 21 खून की जांच व दस आयुष्मान कार्ड बनाने का आवेदन प्राप्त हुआ। ग्रामीण रविशंकर पांडेय दुर्गा राय विपिन तिवारी अर्जुन विश्वकर्मा बिलखावन राम रविन्द्र यादव का कहना है कि शिविर के आयोजन की पर्याप्त जानकारी ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सकी। यदि गांवों में पहले से प्रचार-प्रसार कराया जाता तो अधिक संख्या में लोग पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ प्राप्त कर सकते थे। लोगों ने अभियान के आगामी दिनों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की मांग की है, ताकि शिविर का उद्देश्य पूरा हो सके। शिविर में बी डी ओ सीमा कुमारी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ए डी ओ पंचायत आलोक सिंह सचिव अनूप दीक्षित श्लोक सिंह रविशंकर सुरेश चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्टेट बैंक के मैनेजर ने किया पौधारोपण

जफराबाद। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जफराबाद क्षेत्र के हौज स्थित संकठा प्रसाद एकेडमी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा जफराबाद की शाखा प्रबंधक अनुभूति श्रीवास्तव व उनके स्टाफ द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अनुभूति श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पेड़ लगाने से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण भी मिलता है। सभी को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश एवं विद्यालय स्टाफ ने स्टेट बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस दौरान स्टेट बैंक जफराबाद के स्टाफ नरेंद्र भारतीय, निखिल प्रताप सिंह, बृजेश यादव, विष्णु मौर्य और विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

## एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जौनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के समाधान में आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया।

## भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

### मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

सरायख्वाजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के दिशा-निर्देशन में गुरूवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालयमें विश्वविद्यालय स्तरीय मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में



युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल एवं अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### सांड़ के हमले में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के कोदहूं गांव में सांड़ के हमले से गंभीर रूप से घायल वृद्ध की गुरुवार भोर में निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के कोदहूं गांव निवासी शिव प्रसाद उर्फ कल्लू सरोज (70 वर्ष) सोमवार को अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान तीन सांड़ वहां से गुजर रहे थे। सांड़ों को घर के आस पास से भगाने के लिए शिव प्रसाद ने लाठी उठाई। इसी बीच एक सांड़ ने उन पर हमला कर दिया और मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। वृद्ध के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन मौके की ओर दौड़े। लोगों के पहुंचने से पहले ही सांड़ वहां से भाग गया। आस-पास के लोगों के साथ परिजन गंभीर रूप से घायल शिव प्रसाद को उपचार हेतु एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह शिव प्रसाद की मौत हो गई। वृद्ध की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### अधेड़ ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

सरायख्वाजा। जौनपुर-शाहगंज रेलवे स्टेशन के बीच मिहरावां रेलवे स्टेशन के क्रासिंग के पास गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति ने ट्रे न के सामने कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञातव्य है कि अज्ञात व्यक्ति गुरुवार को सुबह मेहरावां क्रॉसिंग के उत्तरी सिग्नल के पास शाहगंज की तरफ से आ रही एक सवारी रेल यात्री एक्सप्रेस गाड़ी को आते देख रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच कूद कर आत्महत्या कर लिया सूचना पर आसपास के लोगों के भीड़ लग गई रेलवे स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचित किया मौके पर पहुंचे पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम मर्चरी हाउस में भेज दिया पुलिस ने बताया की आसपास के क्षेत्र में पहचान हेतु पता लगाया गया लेकिन पहचान नहीं हो पाई इसलिए 72 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम होगा।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर सफाई अभियान आज

मुंगराबादशाहपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य के नेतृत्व मे शुक्रवार 2 अक्टूबर को सुबह 8 बजे बहोरिक पुर वार्ड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नगर पालिका के सभासदों, क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों एवं पत्रकार बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता के इस महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागिता निभाएं और मुंगराबादशाहपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

### कालेज जा रही छात्रा से छेड़खानी, पिता को भी धमकाया

बरसठी। थाना क्षेत्र के एक गांव से कॉलेज जा रही 19 वर्षीय अल्पसंख्यक छात्रा का रास्ता रोककर हाथ पकड़ने और छेड़खानी करने का आरोप लगा है। छात्रा के शोर मचाते ही राहगीर मदद के लिए दौड़े तो आरोपी बाइक से भाग निकला। आरोप है कि जाते-जाते उसने शिकायत करने पर छात्रा को रास्ते से उठवा लेने की धमकी दी। बेटी के साथ हुई घटना की शिकायत लेकर बरसठी थाने पहुंचे पिता से भी गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने फैजान, इम्तियाज और सादान निवासी रायपुर, थाना बरसठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ महिला घायल

पवांरा। सड़क पार कर रही अधेड़ महिला जो बाइक की जोरदार टक्कर से गंभीररुप से घायल हो गयी। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के पवांरा बाजार निवासी गीता मोदनवाल (55)पत्नी साहब लाल मोदनवाल जो गुरुवार की सुबह करीब सवा दस बजे बाजार में ही सड़क पार कर रही थी कि मुंगराबादशाहपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर लगने से वह गंभीररुप से घायल हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचवायी, जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन जिला अस्पताल न ले जाकर उसे सरोखनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गये, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस बाइक व बाइक चालक को गिरफ्त में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### चोरी की गयी तीन बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न स्थानों से चुराई गई चोरी की तीन बाइकों के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी सरायपोख्ता राहुल रंजन और चौकी प्रभारी सिपाह आलोक त्रिपाठी रात्री में सहयोगी जवानों के साथ गस्त कर रहें थें, तभी सूचना मिली कि चोरी की मोटर साइकिल बेचने के फिराक में एक व्यक्ति शाही ईदगाह के पास मौजूद है। सूचना पर विश्वास करके चौकी प्रभारी सहयोगी जवानों के साथ पहुंचें और रामनैन निषाद निवासी पोखरियापुर थाना बक्शा को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी गई तीन मोटर साइकिल जिसमें एक मोटर साइकिल चौकी सरायपोख्ता क्षेत्र से चुराई गई थी अन्य दो मोटर साइकिल अलग अलग स्थानों से चुराई गई थी। अन्य स्थानों से चुराई गई मोटर साइकिल के बारे में पुलिस पता लगाने में जुट गई है। पकड़े गयें आरोपी का पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायलय भेज दिया है।

### छुट्टे पैसों के विवाद में दुकानदार के परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

बरसठी। थाना क्षेत्र के निगोह गांव में किराना दुकान पर छुट्टे पैसे को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि युवक ने परिजनों के साथ दुकानदार के घर में घुसकर महिला, उसके पति, बहू और बच्चों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हो गए। निगोह-कटवार मार्ग पर दुकान चलाने वाले दुकानदार की पत्नी निर्मला देवी के अनुसार, बुधवार की रात साधू गौतम छुट्टे पैसे न मिलने पर गाली-गलौज करने लगा और उनके पति को थप्पड़ मार दिए। आरोप है कि कुछ देर बाद साधू, गुलाब, जयसूर्या, नान्हक, लालदेई , समेत अन्य लोग पहुंचे और घर में घुसकर मारपीट की। निर्मला के हाथ व शरीर, पति के सिर व हाथ तथा बहू के सिर में चोटें आई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बृहस्पतिवार को पीड़िता की तहरीर पर बरसठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने इसकी पुष्टि की।

### हेल्दी बेबी शो में बच्चों के स्वास्थ्य, मातृ पोषण पर दिया जोर

सुइथाकला। विकास खंड स्थित सभागार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना की ओर से हेल्दी बेबी शो एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के स्वास्थ्य, गर्भवती महिलाओं के पोषण तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों का पारंपरिक रीति-रिवाज से अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती महिलाओं को पोषण योजना के तहत आवश्यक पौष्टिक सामग्री एवं किट वितरित की गई। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं कृषि विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही मजबूत समाज की आधारशिला हैं। माताओं और बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देकर ही स्वस्थ एवं सशक्त पीढ़ी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बाल विकास विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अरविंद वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,मंडल अध्यक्ष अवधेश दुबे, महामंत्री अरविंद वर्मा, एडीओ एसटी राकेश बहादुर सिंह व एडीओ आईएसबी ब्रह्मानंद यादव मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य के पैमाने पर आयुष अव्वल

**ब्लाक स्तर पर करेंगे बड़नपुर का प्रतिनिधित्व, हेल्दी बेबी शो में बच्चों के शारीरिक-मानसिक व बौद्धिक विकास की हुई परख**



खुटहन। बच्चों के स्वस्थ और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बड़नपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत हेल्दी बेबी शो आयोजित किया गया। राज्य पुरस्कार से सम्मानित आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता के साथ उनकी गतिविधियों और आत्मविश्वास की भी परख की गई। प्रतियोगिता में बच्चों की उम्र व लंबाई के अनुरूप वजन, शारीरिक सक्रियता, गतिविधियों में सहभागिता, आत्मविश्वास तथा मानसिक और बौद्धिक विकास को मूल्यांकन का आधार बनाया गया। समग्र आकलन में आयुष उपाध्याय ने प्रथम, रियानसी पासवान ने द्वितीय और मीनाक्षी विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न गतिविधियों में आरुषि के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में बेहतर संतुलन पाया गया। प्रथम स्थान हासिल करने वाले आयुष शनिवार को ब्लॉक स्तर पर होने वाले हेल्दी बेबी शो में बड़नपुर केंद्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीडीपीओ सुरेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के समग्र विकास को परखने के साथ अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, साफ-सफाई और नियमित स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को फल, केक, पेन और चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस अवसर पर पंचायत सहायक वंदना कश्यप, और प्रतिभा सिंह के पति दिग्विजय सिंह उर्फ बबलू मौजूद रहे।

# तेल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश

## तीन पुश्तों का आशियाना बचाने सड़क पर उतरा परिवार

मड़िहान। कस्बा स्थित तिराहे के पास गुरुवार को जमीन विवाद ने उस समय बेहद भावुक और तनावपूर्ण रूप ले लिया, जब विवाद से परेशान एक पक्ष के लोगों ने कथित रूप से अपने ऊपर तेल



सड़क पर बैठी महिलाएं। छाया:आज

छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रोक लिया और समझा-बुझाकर स्थिति को संभाला। घटना के बाद तिराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सड़क पर बैठे परिवार के सदस्यों के चेहरे पर चिंता, बेबसी और अपने आशियाने को खोने का डर साफ दिखाई दे रहा था। महिलाएं और परिवार के अन्य सदस्य अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचाने की मांग करते रहे। पुलिसकर्मी लगातार उन्हें शांत कराने और किसी भी तरह का आत्मघाती कदम न उठाने के लिए समझाते रहे। विवादित पक्ष के एक परिवार का दावा है कि वे तीन पुश्तों से उक्त स्थान पर बसे हुए हैं, लेकिन अब दूसरे पक्ष की ओर से जमीन पर अपना मालिकाना हक जताया जा रहा है। परिवार का कहना है कि वर्षों से जिस जगह को उन्होंने अपना घर और जीवन का सहारा माना, आज उसी जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो जाने से उनके सामने बेघर होने की आशंका पैदा हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। उच्च अधिकारियों के पहुंचने तक परिवार के लोगों को काफी देर तक समझाया गया। फिलहाल जमीन के वास्तविक स्वामित्व और दोनों पक्षों के दावों की स्थिति राजस्व अभिलेखों एवं सक्षम अधिकारियों की जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की निगाह प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## ५५ संविदा स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर, कार्य प्रभावित

छानबे। क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर तैनात 34 एएनएम और 21 सीएचओ बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर जाने से क्षेत्र में टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच समेत कई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। उपकेंद्रों पर पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को बिना जांच के वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं, टीकाकरण कराने पहुंचे लोगों को भी बैरंग लौटना पड़ा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने बताया कि संविदा स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर जाने से विशेष रूप से टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच का कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि कुल 55 संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर परेशानी बढ़ गई है।

# एनएचएम कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

चील्ह। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पर आज गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक हड़ताल करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एमओआईसी डॉ. धीरज जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। अपनी मांगों के बारे में जानकारी देते हुए बीपीसीएम सच्चिदानंद भारती ने बताया कि आज से हम लोग तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी कर्मचारी पिछले 15 से 20 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन हमें समान कार्य के बदले समान वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। एनएचएम कर्मियों ने बताया कि हमारे साथ ही उसी पद पर कार्य करने वाले नियमित डॉक्टर, एएनएम और अन्य कर्मचारियों को सरकार पूरी तनख्वाह और सभी भत्ते दे रही है, जबकि हम लोगों को बहुत कम मानदेय पर काम कराया जा रहा है। यह हमारे साथ घोर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो आने वाले 8 अक्टूबर से हम सभी कर्मचारी लखनऊ में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे और पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। कर्मचारियों की मुख्य मांग समान कार्य के बदले समान वेतनमान, नियमितीकरण, और अन्य सुविधाएं प्रदान करने की है। कर्मियों का कहना है कि सरकार को उनकी वर्षों की सेवा को देखते हुए मानवीय आधार पर उनकी मांगों पर विचार करना चाहिए। इस अवसर पर भारी संख्या में डॉक्टर, एएनएम और कर्मचारी मौजूद रहे, जिनमें डॉ. अशोक प्रताप सिंह, शब्या सिंह, कु. लक्ष्मी, सुशीला यादव, छाया कौर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

मीरजापुर। वामदलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशव्यापी विरोध कार्यक्रम का आह्वान किया है। वामदलों ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में मतदाता पंजीकरण, नाम हटाने-बहाल करने और एसआईआर से जुड़े फैसलों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की। वामदलों ने स्क्रूरोकने, गलत तरीके से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने और आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति व्यवस्था में बदलाव की मांग भी उठाई है। 28 सितंबर को भगत सिंह जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की गई है।

# मानदेय, प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग

मीरजापुर। आशा कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और कार्य के बढ़ते दायित्वों को देखते हुए अपने मासिक मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि में वृद्धि किए जाने की मांग की है। इस संबंध में आशा कार्यकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे पिछले करीब 10 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करना, टीकाकरण, बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी, क्षय रोग नियंत्रण, संचारी रोगों की रोकथाम तथा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने जैसी जिम्मेदारियां उनके द्वारा लगातार निभाई जा रही हैं कार्यकर्ताओं ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन में आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। इसके बावजूद वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें मिलने वाला मासिक मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि काफी कम है। सीमित आय के कारण परिवार का भरण-पोषण और दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो रहा है आशा कार्यकर्ताओं ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि उनके कार्य की प्रकृति, जिम्मेदारियों और वर्तमान महंगाई को देखते हुए मासिक निश्चित मानदेय में पर्याप्त वृद्धि की जाए। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में भी बढ़ोतरी की जाए।

## प्रधानाध्यापक के विरुद्ध डीएम को दिया पत्रक

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी इन्द्र कुमार ने प्राथमिक विद्यालय बिलरा पटेहरा के प्रधानाध्यापक देवेंद्र शुक्ला पर समय से विद्यालय नही आने व एमडीएम में बच्चों को सही तरीके से भोजन नही देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में इन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक देवेंद्र शुक्ला के समय से विद्यालय नही आने पर ग्रामीणों के साथ इसका विरोध किया और समय से आने की बात कही तो उन्होंने कहा कि प्रयागराज से आते हैं देर तो होगी ही। उन्होंने कहा कि तुम गांव वाले होते कौन हो पूछने वाले नौकरी हम सरकार की किए हैं कि तुम्हारी। हम लोगों के विरोध करने पर डाट फटकार कर विद्यालय से भगा दिया। प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

# चलती ट्रक में पीछे से घुसी कार, युवक की मौत



पड़री। थाना क्षेत्र के कपसौर गांव के सामने मिर्जापुर-वाराणसी हाईवे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक्सयूवी कार चालक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार सवार दो अन्य युवक बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि मध्यप्रदेश के रीवा जिले के चौरहटा थाना क्षेत्र के किटवरिया गांव निवासी अखिल तिवारी (36) पुत्र रामायण प्रसाद एक्सयूवी कार से अपने साथी साहिल (26), कृष्ण मुरारी मिश्रा (30) पुत्र उमेश मिश्रा निवासी केवरी, थाना गढ़, रीवा और शुभांशु पांडेय (26) पुत्र प्रकाश पांडेय निवासी गायत्री नगर, रीवा के साथ वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग एक्सयूवी से वापस घर लौट रहे थे। गुरुवार को पड़री थाना क्षेत्र के कपसौर के पास हाईवे पर पहुंचते ही सर्विस रोड से एक ट्रक हाईवे पर आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक्सयूवी कार ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री पहुंचाया। वहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने अखिल तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल साहिल को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार में सवार कृष्ण मुरारी मिश्रा और शुभांशु पांडेय सुरक्षित बताए गए।

# लसकरिया पुल पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

## कमर भर पानी में आवाजाही को ग्रामीण मजबूर

इमिलियाचट्टी। मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के लसकरिया पुल पर पानी बढ़ने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुल के ऊपर कमर तक पानी बहने के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर आर-पार कर रहे हैं। स्कूली बच्चों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठाकर पुल पार कराया जा रहा है। जरा सी चूक होने पर बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक लसकरिया-बहेरी-बहेरा गांव के पास बना यह पुल ग्रामीणों के लिए मुख्य मार्ग है। इसी रास्ते से बनमिलिया, करहिया होते हुए सत्तेशगढ़, इमिलिया चट्टी बाजार और वाराणसी की ओर लोग आते-जाते हैं। पुल पहले से क्षतिग्रस्त है और जगह-जगह गड्ढे भी हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक से कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार जल्द पुल बनवाने का आश्वासन मिला। जरगो बांध में पानी अधिक होने के कारण पुल नीचे होने से पानी उसके ऊपर बह रहा है। बुधवार को एक युवक मोटरसाइकिल लेकर पानी में फंस गया। स्थानीय लोगों ने रस्सी की मदद से उसे बाहर निकाला। इसी दिन एक पिकअप भी पुल के किनारे फंस गई, जिसे स्थानीय लोगों और ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।



पुल से गुजरती ट्रैक्टर। छाया:आज

# स्नातक, शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक

मीरजापुर। शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव 2026 की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी जिला कार्यालय पर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रहे। बैठक में वाराणसी शिक्षक एमएलसी संयोजक अजीत रावत एवं स्नातक एमएलसी संयोजक पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संगठन की सक्रिय भूमिका तथा मतदाता संपर्क एवं चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी संगठन पूरी गंभीरता के साथ तैयारियों में जुटा है और आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करते रहे। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक स्नातक एमएलसी डॉ. सी. एल. बिन्द ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, मनोज जायसवाल, बालेंदुमणि त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, गौरव उमर, सुनीता शर्मा, बैजनाथ प्रजापति, उदयभान तिवारी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दिया।



बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि व अन्य। छाया:आज

## सुबह दस से शाम चार बजे तक खुलेंगे केंद्र

हलिया। मौसम में बदलाव के साथ स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन हो गया है। एक अक्टूबर से स्वास्थ्य केंद्र अब सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। इमरजेंसी छोड़ कर नए समय के अनुसार मरीजों को इसी अवधि में चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की सुविधा मिलेगी गौरतलब है कि अप्रैल से सितंबर तक गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाता है। वहीं, अक्टूबर माह शुरू होते ही स्वास्थ्य केंद्रों के समय में दो घंटे का बदलाव किया गया है। अब सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होंगी और शाम 4 बजे तक मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि अप्रैल से सितंबर तक स्वास्थ्य केंद्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होते हैं।

# पति को मृत दिखाकर विधवा पेंशन का आवेदन, जांच में खुला मामला

## तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा, विभाग ने आवेदन किया निरस्त

कछवां। विकासखंड मझवां क्षेत्र के सरावां गांव में पति के जीवित रहते उसे मृतक दर्शाकर विधवा पेंशन के लिए आवेदन किए जाने का मामला सामने आया है। आवेदन में विकासखंड मझवां के सरावां गांव की महिला को विकासखंड सीखड़ के लालपुर गांव का निवासी दर्शाया गया था। विभागीय सत्यापन के दौरान जब लालपुर गांव में आवेदक का पता नहीं चला तो मामले की जांच शुरू की गई। जांच में आवेदक की पहचान सरावां गांव निवासी संगीता देवी पत्नी अशोक कुमार के रूप में हुई। मामला सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को सीखड़ ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विनोद शुक्ला सरावां गांव पहुंचे और आवेदन के संबंध में सत्यापन किया। विभाग की ओर से महिला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, संबंधित विधवा पेंशन के आवेदन को विभाग ने निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार सरावां गांव निवासी संगीता देवी पत्नी अशोक कुमार के नाम से विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया गया था। आवेदन में उनके पति अशोक कुमार को मृतक दर्शाया गया था। खास बात यह रही कि आवेदन में महिला का पता विकासखंड सीखड़ के ग्राम पंचायत लालपुर का दर्ज था, जबकि वह वास्तव में विकासखंड मझवां के सरावां गांव की निवासी हैं। विभागीय स्तर पर जब आवेदन का सत्यापन किया गया तो सीखड़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत लालपुर में इस नाम की कोई महिला नहीं मिली। इसके बाद विभाग ने आवेदन में दर्ज दस्तावेजों और पते की पड़ताल शुरू की। जांच आगे बढ़ने पर आवेदक का संबंध सरावां गांव से होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ने मौके पर पहुंचकर मामले का सत्यापन किया मामले में संगीता देवी ने बताया कि उनके पति अशोक कुमार जीवित हैं और उन्होंने स्वयं विधवा पेंशन के लिए आवेदन नहीं किया है। उनका कहना है कि उनकी ननद की देवरानी ने पैसे का लालच देकर किसी फार्म को भरने की बात कहते हुए आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मांगे थे। भरोसा होने पर उन्होंने दस्तावेज उपलब्ध करा दिए थे। बुधवार को ब्लॉक से फोन आने पर उन्हें जानकारी हुई कि उनके नाम से विधवा पेंशन का आवेदन किया गया है। सीखड़ के सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विनोद शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला के किसी रिश्तेदार ने पैसे का लालच देकर उसके दस्तावेज लिए थे। उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर सीखड़ ब्लॉक से महिला के पति को मृतक दर्शाते हुए मृतक प्रमाणपत्र बनवाकर विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया गया। सत्यापन के दौरान जब सीखड़ ब्लॉक के लालपुर गांव में आवेदक का पता नहीं चला तो मामले की जांच की गई। जांच में आवेदक सरावां गांव की निवासी मिली। उन्होंने बताया कि महिला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले की जांच की जा रही है और संबंधित विधवा पेंशन आवेदन को निरस्त कर दिया गया है।

## संक्षेप

### समर्थ पोर्टल पर प्रवेश की बढ़ गयी तिथि

मीरजापुर। माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो. शोभा गौड़ की अध्यक्षता में परीक्षा से संबंधित आर रही विभिन्न समस्याओं पर दिनांक एक अक्टूबर को समस्त संकायाध्यक्ष, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने में आ रही समस्याओं पर बिन्दुवार चर्चा की गयी। चर्चा के उपरांत कुलपति, प्रो. शोभा गौड़ द्वारा कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक को तत्काल समस्याओं का समाधान कराने एवं परीक्षा फार्म की तिथि 12 अक्टूबर तक बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कुलपति द्वारा कुलसचिव को यह भी निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समस्त पाठ्यक्रम अपलोड करा दिये जाए। कुलसचिव द्वारा कुलपति को अवगत कराया गया कि महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर प्रवेश तिथि विस्तारित करने हेतु लगातार अनुरोध किया जा रहा है। कुलपति द्वारा समर्थ पोर्टल पर प्रवेश की तिथि को दिनांक छह अक्टूबर तक विस्तारित करने का निर्देश दिया गया तथा यह भी कहा गया कि शासन द्वारा निर्गत शैक्षणिक कैलेण्डर सत्र 2026-27 के अनुसार ही परीक्षाएं आयोजित की जाएं। उक्त बैठक में कुलपति प्रो. शोभा गौड़, संकायाध्यक्ष-प्रो. अशोक सिंह, प्रो. भवभूति मिश्र, प्रो. गौरी शंकर द्विवेदी, प्रो. देवेन्द्र पाण्डेय, प्रो. राजमोहन शर्मा, प्रो. सूबेदार यादव, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में नशा उन्मूलन पर संगोष्ठी

चुनार। गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन विषयक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश सिंह यादव रहे। इस अवसर पर डॉ. अवधेश सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रचनात्मक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. चन्दन साहू ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। संयोजक डॉ. विनोद यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।



जानकारी देते संयोजक। छाया:आज

## गड्ढों से परेशान ग्रामीणों को मिली राहत

इमिलियाचट्टी। मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के कदवां गांव में लंबे समय से खराब पड़ी सड़क को लेकर ग्रामीण परेशान थे। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो जाने से आवागमन में दिक्कत हो रही थी। स्कूल जाने वाले बच्चों और ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिला। इसके बाद ग्रामीण खुद सड़क को गड्ढामुक्त करने में जुट गए। इसी बीच इसकी जानकारी अहरौरा के पूर्व नगरपालिका चेयरमैन एवं समाजसेवी गुलाब मौर्या को हुई। उन्होंने आगे बढ़कर सड़क पर भस्सी और गिट्टी गिरवाकर मरम्मत का कार्य कराया, जिससे सड़क गड्ढामुक्त हो गई।

# दुर्गापूजा और मूर्ति विसर्जन को लेकर बैठक

चुनार। दुर्गा पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने और मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था को लेकर गुरुवार शाम चार बजे कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनेग सिंह ने की। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों के आयोजकों और शांति समिति के सदस्यों के साथ विसर्जन मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और साफ-सफाई को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने आयोजकों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने के निर्देश दिए। आयोजकों की मांग पर मूर्ति विसर्जन के लिए स्थान का चयन बालू घाट पर किया गया। प्रशासन ने बताया कि विसर्जन के दौरान घाट पर पर्याप्त पुलिस बल, गोताखोर और लाइट की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। सभी पूजा समितियों को समय से विसर्जन करने और जुलूस के दौरान डीजे की आवाज मानक के अनुसार रखने के लिए कहा गया। बैठक में क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, कोतवाल विजय शंकर सिंह, अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव, सफाई इन्स्पेक्टर लालमणि यादव, गौरव पांडेय, राहुल कुशवाहा सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# लोभ, चोरी, झूठ, मदिरालय, स्वर्ण में रहता कलयुग का निवास

## पिता के अपमान पर ऋषि पुत्र ने तक्षक सर्प के डसने से मौत का दिया श्राप-पं. विष्णु शंकर

नरायनपुर। विकास खंड नरायनपुर के बैकुंठपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दुसरे दिन बुधवार की शाम वाराणसी से आये कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर महराज ने कहा जन्म जन्मांतर का पुण्य उदय होता है तब कथा यज्ञ का आयोजन होता है। कथा से ही मुक्ति मिलती है। परमात्मा ही सत्य है बाकी सब मिथ्या है।भागवत पुराण स्वयं साक्षात नारायण स्वरूप हैं। शुकदेव नारद प्रसंग में बताया कि नारद ने कहा कि आपने धर्म काम मोक्ष का जितना वर्णन किया उतना वासुदेव के लीला का वर्णन नही किया। नारद के जन्म की कथा में बताया कि देवदासी के गर्भ से जन्म लिया। संतो का संकीर्तन सुनकर भगवत प्रेमी, तत्वज्ञानी हो गए। राजा परीक्षित की जन्म कि कथा में बताया कि उत्तरा के गर्भ से जन्म हुआ। बाद में राजा बने। चार पुत्र पैदा हुए। दिग्विजय यात्रा किए। कलयुग के आगमन कथा में बताया कि कलयुग के निवेदन पर लोभ, चोरी, झूठ, मदिरालय, नीचे कुकृत्य, तथा स्वर्ण में रहने को कहा।



जानकारी देते कथावाचक। छाया:आज

# सरकारी राशन में घटतौली का आरोप

## दूसरे कांटे से वितरण का आरोप लगने पर कोटेदार को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

हलिया। विकास खंड हलिया के चककोटार गांव में सरकारी राशन वितरण में घटतौली और अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन देने, सरकारी कांटे के साथ निजी कांटा इस्तेमाल करने और दूसरे कांटे से राशन वितरण किए जाने का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज कार्यालय की ओर से संबंधित कोटेदार सुषमा मौर्या को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। चककोटार गांव निवासी प्रिय शुक्ला रवि जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय सूचना एवं मानवाधिकार मिशन की शिकायत पर मामले की जांच कराई गई। शिकायतकर्ता ने उचित दर पर राशन वितरण में अनियमितता किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सरकारी कांटे पर राशन तौलने के साथ निजी कांटा भी रखा जाता है और वास्तविक तौल दूसरे कांटे से की जाती है। शिकायत के बाद कराई गई जांच के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से बताए गए। समय और स्थान पर कई कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए। नोटिस में दर्ज बयानों के अनुसार कई पात्र गृहस्थी कार्डधारकों ने निर्धारित मात्रा से कम राशन मिलने की बात कहीं है। एक कार्डधारक ने बताया कि करीब पांच महीने पहले तक राशन मिलने में कमी की समस्या रही। दूसरे कार्डधारक ने निर्धारित मात्रा से करीब डेढ़ से दो किलोग्राम कम राशन मिलने की बात कही। वहीं एक अन्य लाभार्थी ने केवल एक बार राशन मिलने तथा कोटेदार की दुकान पर जाने की बात जांच के दौरान दर्ज कराई। नोटिस में दर्ज अन्य बयानों के अनुसार कुछ लाभार्थियों ने 25 किलोग्राम निर्धारित राशन के स्थान पर करीब डेढ़ किलोग्राम कम, जबकि एक लाभार्थी ने एक किलोग्राम कम राशन मिलने की बात कही। एक अन्य लाभार्थी ने सरकारी कांटे के बजाय दूसरे कांटे से राशन दिए जाने और करीब दो किलोग्राम तक कम राशन मिलने का आरोप लगाया। वहीं, एक पात्र गृहस्थी कार्डधारक ने करीब पांच किलोग्राम कम राशन दिए जाने की बात कही। एक अन्य लाभार्थी ने आरोप लगाया कि उसे निर्धारित मात्रा से 2.5 से तीन किलोग्राम तक कम राशन दिया जाता है। उपजिलाधिकारी लालगंज कार्यालय की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस में शिकायत और जांच के दौरान दर्ज कार्डधारकों के बयानों के आधार पर राशन वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर संबंधित कोटेदार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### सेवा संकल्प अभियान तहत खेल प्रतियोगिता

पटेहरा। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज सुगापाख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सुशासन अवसर के पर सेवा संकल्प अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल सिंह ने किया प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिता एवं बालिका वर्ग की रस्सा कसी की प्रतियोगिता कराई गई। विधायक ने खिलाड़ियों को उद्बोधित किया जिसमें उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, प्रतिदिन कम से कम एक घंटा नियमित तौर पर अपने शरीर को खेल गतिविधियों में व्यस्त रखें। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आदर्श इंटर कालेज बेचन सिंह, जिला पंचायत सदस्य मनीष सिंह, जिला मंत्री राकेश सिंह, गप्पू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर तैयारियों की समीक्षा

मीरजापुर। आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत आगामी तीन अक्टूबर से शुरू होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## बिहार समाचार

### पर्व त्योहारों पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर- डीएम

डेहरी ऑन सोन (आससे)। डेहरी नगर परिषद सभागार में गुरुवार को अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने की।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दशहरा, दिवाली, छठ और मोहर्रम जैसे सभी प्रमुख पर्व हम सभी के हैं, इन्हें शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। पर्व त्योहारों के मौके पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर। उन्होंने कहा कि पूजा समितियों द्वारा रखी गई सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित एसपी मि राज ने कहा कि सभी लोग पर्व का आनंद लें और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें, ताकि बेवजह कानूनी परेशानी में न पड़ना पड़े। उन्होंने विशेषकर पढ़ने वाले और नौकरी की तैयारी करने वाले युवाओं से अपील की कि वे भीड़-प्रदर्शन वाली जगहों से दूर रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें। मौके पर उपस्थित डेहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि यह हमारा डेहरी ऑन सोन एक आदर्श नगर है इसकी पवित्रता हमें बनाए रखनी है।

### साइबर अपराधों की जांच में तकनीकी दक्षता बढ़ायें- डीआईजी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। शाहाबाद जोन के पुलिस उप-महानिरीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश ने डेहरी ऑन सोन में रोहतास साइबर थाना का विस्तृत निरीक्षण किया। साइबर थाना पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी गौरव कुमार यादव से थाना की कार्यप्रणाली एवं साइबर अपराध से जुड़े मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने साइबर अपराधों की जांच प्रक्रिया, केस डायरी, तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता एवं स्थिति, साक्ष्य संरक्षण की व्यवस्था तथा ऑनलाइन शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया।डीआईजी ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जांच-पद्धति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, हैकिंग, फेक न्यूज, हेट स्पीच समेत अन्य साइबर अपराधों की जांच और साक्ष्य संकलन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई।

### औरंगाबाद में चार को आमसभा करेंगे तेजस्वी यादव-पूर्व मंत्री

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने कहा है की आगामी चार अक्टूबर को औरंगाबाद के गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजन किया गया है जिसमें बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जनसभा को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम की सफलता के लिए राष्ट्रीय जानता दल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वार ज़ोर शोर से तैयारी की जा रही है।इसी कार्यक्रम में जदयू के रफ़ीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जानता दल में शामिल नेता प्रतिपक्ष के उपस्थिति में सामिल होंगे।अशोक कुमार सिंह के राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने से पार्टी को मज़बूती मिलेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी का आगमन औरंगाबाद में ऐसे समय में हो रहा है।

### २५ से ३० दिसंबर तक आयोजित होगा नाटकों का महाकुंभ

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था,अभिनव कला संगम(परिवार) इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब, डेहरी में आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी 25 दिसंबर से 30 दिसंबर 2026 तक होने वाले अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाटक प्रतियोगिता एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई।संस्था के निदेशक, संजय सिंह बाला ने अवगत कराया कि इस महोत्सव में देश के लगभग 12 से 15 राज्यों की 30 प्रतिष्ठित नाट्य संस्थाएं प्रतिभागिता हेतु अपनी सहमति प्रदान कर चुकी हैं।समस्त कार्यक्रमों का आयोजन इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब परिसर में ही किया जाएगा।

### इंद्रपुरी सोन बराज परिसर में अवैध आवास खाली करने का निर्देश

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जल संसाधन विभाग, बिहार पटना के निर्देश के आलोक में अवर प्रमंडल पदाधिकारी, बराज एवं शिविर अवर प्रमंडल, इंद्रपुरी द्वारा आवश्यक सूचना जारी की गई है। पत्रांक 239,1. अक्टूबर.2026 के अनुसार सोन बराज एवं शिविर परिसर के अनावंटित आवासों में अवैध रूप से रह रहे सभी व्यक्तियों को 30 दिनों के अंदर आवास खाली करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय में आवास खाली न करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। साथ ही यदि कोई अवैध आवासी बराज संचालन के लिए क्रय की गई विद्युत का उपयोग करते पाया गया तो उसके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई होगी।

### रोहतास पुलिस में तबादला, तीन थानों में नये पदाधिकारी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। एसपी रोहतास के आदेश पर अंचल निरीक्षक/थानाध्यक्ष का तबादला किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पु0नि0 मनोज कुमार-2 को विधि-व्यवस्था शाखा से अंचल निरीक्षक नोखा,पु0अ0नि0 अमित कुमार को पुलिस केन्द्र डेहरी से थानाध्यक्ष परसथुआ और पु0नि0 प्रमोद कुमार को अंचल निरीक्षक नोखा से थानाध्यक्ष कोचस बनाया गया है।

# गांधी जयंती पर प्रदेशभर में चला खाद्य सुरक्षा अभियान

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में जनस्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं

### मरीजोंकी थाली की शुद्धता पर विशेष नजर

औषधि प्रशासन विभाग ने गांधी जयंती के अवसर पर राजकीय चिकित्सालयों एवं मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया। महात्मा गांधी के स्वच्छता, सेवा और जनस्वास्थ्य के मूल्यों को व्यवहार में उतारते हुए विभागीय टीमों ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में राजकीय चिकित्सालयों एवं राजकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध भोजनालयों और कैंटीनों का विशेष निरीक्षण किया। अभियान के तहत करीब 42 राजकीय मेडिकल कॉलेजों तथा 150 जिला एवं अन्य राजकीय चिकित्सालयों से संबद्ध भोजनालयों-कैंटीनों की व्यवस्थाओं को परखा गया। इन स्थानों पर भर्ती मरीजों के साथ उनके तीमारदारों के लिए भी भोजन तैयार एवं उपलब्ध कराया जाता है। विभाग ने केवल भोजन की गुणवत्ता की जांच तक अभियान को सीमित न रखते हुए भोजन तैयार होने से लेकर उसके भंडारण, संरक्षण, परिवहन और मरीज तक पहुंचने की पूरी श्रृंखला को खाद्य सुरक्षा के मानकों पर परखा।अस्पताल में भर्ती मरीज अपनी उपचार व्यवस्था के लिए अस्पताल प्रशासन पर निर्भर होता है। बीमारी की स्थिति में उसकी खाद्य संबंधी आवश्यकताएं भी सामान्य व्यक्ति से अलग हो सकती हैं। ऐसे में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित रखरखाव सीधे मरीज के स्वास्थ्य और उपचार व्यवस्था से जुड़े विषय हैं।

### विदेश भेजने वाले फर्जी ऑफिससे ११ पासपोर्ट, १० एटीएम और सोना बरामद, दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली पुलिस ने इजराइल और इराक के वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कम से कम 46 लोगों से कथित तौर पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना और एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अबीर पोइलान (45) और दिल्ली के संगम विहार निवासी मुस्तकीम (38) के रूप में हुई है। दोनों कथित तौर पर नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक कार्यालय से डायनेमिक ओवरसीज के नाम पर गिरोह चला रहे थे।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अगस्त को सुभाष प्लेस थाने में आयोजित जन सुनवाई के दौरान मिली शिकायत से मामले का खुलासा हुआ। आरोपियों ने कथित तौर पर इस्राइली का वीजा दिलाने के लिए प्रति व्यक्ति 1.70 लाख रुपये और इराक के वीजा के लिए 70,000 रुपये लिए और विदेश में नौकरी दिलाने का वादा किया।

# ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे की मांग तेज

मुंबई (आससे.)। लोकतंत्र में चुनाव और वोट को सबसे अहम माना जाता है, लेकिन जब चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर सवाल उठते हैं तो विवाद भी गहरा जाता है। अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने देशभर में प्रदर्शन का एलान किया है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा है कि 2 अक्तूबर से मुंबई के शिवाजी पार्क से आंदोलन शुरू होगा। उनका कहना है कि जब तक ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।मुंबई प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में अभिजीत दीपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार को पद छोड़ना चाहिए और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। दीपके ने कहा कि सीजेपी का विरोध केवल मुंबई तक सीमित नहीं रहेगा। पार्टी का कहना है कि 2 अक्तूबर को शिवाजी पार्क से प्रदर्शन शुरू करने के बाद इसे देश के अलग-अलग हिस्सों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा। सीजेपी संस्थापक ने बताया कि आंदोलन को कई राज्यों तक ले जाने की योजना है। पार्टी के मुताबिक प्रदर्शन इन जगहों पर किए जाएंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:-
**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्या: उप मु०इं०-नि०-पुल-ईपीसी-02-2026 दिनांक 02-12-2026 कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के सहजनवा-दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के संबंध में, बांसगांव (अपवर्जित) (चेनज 76000) से बरहलगंज (समाविष्ट) (चैनज 43060) तक, 32.940 किमी लंबी नई एकल ब्रॉड गेज रेल लाइन के सिविल इंजीनियरिंग, विद्युतीकरण एवं सिग्नलिंग कार्यों के लिए इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (EPC) निविदा का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 7,72,39,33,828/-, बयाना राशि (रू.): ₹ 15,44,78,7000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: 0.00/-, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 900 (दिन) 2.5 वर्ष।
**नोट:** ♦ बिड प्रारम्भ करने की तिथि: दिनांक 18-11-2026, ♦ उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि: दिनांक 02-12-2026, 15:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 02-12-2026, 15:00 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/पुल, गोरखपुर**
मुजाधि/डब्लू-365
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एव उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-
**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: ईएलएस/सैदपुर भितरी-निरीक्षण बे में बदलाव और रखरखाव पिट्स का निर्माण, लैब बिल्डिंग, व्हील पार्किंग शेड तथा अन्य सुविधाओं का निर्माण। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-143, अनुमानित लागत(₹): ₹ 15,25,48,078/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 30,51,000/-,निविदा बन्द होने की तिथि: 28-10-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-143 दिनांक 28-10-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.), वाराणसी**
मुजाधि/डब्लू-366
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा स0- GSU-ST-SKB-7-2026 — दिनांक: 29.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म पर खुली ई-निविदा, वर्णित खुलने की तिथि को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| क्र. स.1 निविदा संख्या: 7 | काम की अनुमानित लागत: ₹ 29279762.94 |
| **कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल के शिकोहाबाद स्टेशन पर विद्यमान माल लाइन (GT-2) को पूर्ण लंबाई तक बढ़ाने के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) तथा उससे संबंधित सिग्नल एवं दूरसंचार (S&T) कार्यों में संशोधन/परिवर्तन। | |
| अग्रिम राशि: ₹585600.00 | निविदा प्रपत्र की लागत: 0.00 |
| समापन अवधि: 12 Month | निविदा खुलने की तिथि: 23.10.2026 |

2. **निविदा प्रपत्र की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 3. **निविदा खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा ई-निविदा के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में 12.30 बजे या उसके बाद खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी। 2238/26(AK)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र संख्या :- 146-मेड/सैन/परीक्षण/जल एवं खाद्य/प्रयागराज/2026 दिनांक : 30.09.2026

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रयागराज/उत्तर मध्य रेलवे के अधीन **जल नमूनों के रासायनिक परीक्षण, जल नमूनों के जीवाणु विज्ञानी (Bacteriological) परीक्षण तथा खाद्य नमूनों** के गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण हेतु अधिकृत/इच्छुक प्रयोगशालाओं/एजेंसियों से दरें प्रस्तुत करने हेतु यह सूचना जारी की जाती है।

इच्छुक एजेंसी द्वारा प्रत्येक प्रकार के परीक्षण हेतु प्रति नमूना (Per Sample) दर प्रस्तुत की जाएगी। प्रस्तुत दर में नमूने से संबंधित सभी व्यय एवं कर सम्मिलित होने चाहिए। विशेष रूप से प्रस्तुत दर में निम्नलिखित सभी खर्च सम्मिलित माने जाएंगे:
1. प्रयागराज से नमूना उठाने/संग्रह करने एवं परीक्षण हेतु प्रयोगशाला तक ले जाने का समस्त व्यय।
2. नमूना संग्रहण एवं परिवहन हेतु आवश्यक कंटेनर/बोतल आदि उपलब्ध कराने का व्यय।
3. संबंधित नमूने के परीक्षण हेतु आवश्यक सभी प्रकार के परीक्षण शुल्क, रसायन, अभिकर्मक, उपकरण एवं अन्य संबंधित व्यय।
4. परीक्षण रिपोर्ट तैयार करने एवं उपलब्ध कराने से संबंधित समस्त व्यय।
5. लागू सभी प्रकार के **कर, शुल्क एवं अन्य वैधानिक देयताएँ।**

अतः एजेंसी द्वारा प्रस्तुत **प्रति नमूना दर उपर्युक्त सभी व्ययों को सम्मिलित करते हुए पूर्ण एवं अंतिम दर** होगी तथा इसके अतिरिक्त किसी पृथक मद के लिए अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

रेट प्रस्तुत करने हेतु प्रारूप नीचे संलग्न है:-

| SI NO. | NAME OF TESTS | RATES PER SAMPLE ALL TYPES OF EXPENDITURE INCLUDING IN RUPEES |
|---|---|---|
| 01 | जल नमूने का रासायनिक परीक्षण (Chemical Test of Water Sample (80 Parameters) | |
| 02 | जल नमूने का जीवाणु संबंधी (बैक्टीरियोलॉजी) परीक्षण (Bacteriology Test of Water Sample) | |
| 03 | खाद्य नमूने का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण (Quality Control Test of Food Sample) | |

उपरोक्त कार्य संलग्न नियम एवं शर्तों के अनुसार संपादित किया जाएगा। परीक्षण से संबंधित आवश्यक समस्त जानकारी एवं तकनीकी विवरण इस सूचना के साथ संलग्न किए गए हैं।
विवरण की विस्तृत परीक्षण सूची पत्र के साथ संलग्न है, अधिक जानकारी के लिए NCR Medical की Website पर या https://ncr.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=0&id=0,1,283,370,1848,2049 या कार्यालय Sr. DMO/H/PRYJ, Central Hospital/NCR/PRYJ या मो. न.- 8957410794 पर संपर्क करें। (NCR website>Department>Medical>Central Hospital Prayagraj>Rate Quotation)
इच्छुक एजेंसी द्वारा अपनी दरें प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित पता अंकित किया जाए:
**वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/प्रयागराज**
**सैंट्रल हॉस्पिटल, प्रयागराज-211001**
**नोट :-** यह सूचना किसी प्रकार की निविदा अथवा कार्यादेश जारी करने हेतु नहीं है। इसका उद्देश्य केवल प्रस्तावित कार्य की **अनुमानित लागत के आकलन हेतु बाजार दर/रेट प्राप्त करना है।** रेट प्रस्तुत करने से किसी भी एजेंसी को कार्य प्राप्त करने का कोई अधिकार अथवा आश्वासन प्राप्त नहीं होगा। **रेट प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी प्रकार का भुगतान अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी।**
2249/26 (C) — वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/स्वास्थ्य/प्रयागराज

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड** — Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** ऑफिस नं. 501 एवं 503, पांचवी मंजिल, लाईटब्रिज, साकी विहार रोड़, अंधेरी पूर्व, मुम्बई सबअर्बन (जिला) महाराष्ट्र 400072
**जौनपुर शाखा:** प्रथम मंजिल, मकान नंबर 478, प्लॉट 87/1 एवं 87/2, ग्राम सराय काजी कदन, सिविल कोर्ट रोड, एक्सिस बैंक के पास, हुसेनाबाद मियांपुर परगना हवेली, तहसील सदर, जिला जौनपुर, उत्तर प्रदेश-222002

प्राधिकृत अधिकारी - प्रवेश कुमार, मोबाइल नंबर 9760090694

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्ति की बिक्री के हेतु सूचना**

चूँकि **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। और चूँकि प्राधिकृत अधिकारी ने पहले ई-नीलामी नोटिस जारी किए थे लेकिन कोई सफल बोलीकर्ता को आकर्षित नहीं कर सका, और अब उसने नीचे दी गई सुरक्षित संपत्ति को निजी समझौते के माध्यम से विक्रय करने का फैसला किया है। प्राधिकृत अधिकारी को इस संबंध में कुछ इच्छुक व्यक्तियों से सुरक्षित संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्राधिकृत अधिकारी एतद् द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए आम तौर पर उधारकर्ताओं को यह नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| क्रं. | लोन कोड नं. /शाखा | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि 25-09-2026 तक | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | (लोन कोड नं. 16310000284 / जौनपुर शाखा) | एस के मोहम्मद असलम (ऋणी) राफिका बेगम (सह-ऋणी) एस के समद उल्लाह (जमानतदार) | 10-12-2025 & ₹ 10,19,578/- | ₹ 8,50,000/- | ₹ 11,45,421/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नंबर 183/0.065 हेक्टेयर, 189/0.093 हेक्टेयर कुल 02 प्लॉट, क्षेत्रफल 0.158 हेक्टेयर जिसमें 13 फीट X 25 फीट यानी कुल 325 वर्ग फीट या 30.21 वर्ग मीटर, ग्राम/मोहल्ला-मुफ्ती, परगना-हवेली स्थित, तहसील सदर, जिला जौनपुर (उ.प्र.). **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पश्चिम - एल/ओ अज्जन आदि, उत्तर - टिनशेड गोमती देवी, दक्षिण - एल/ओ अफसाना |

**यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 15 दिन का बिक्री नोटिस** जो उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं जमानतदार को दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है और जिसका **सांकेतिक कब्जा** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसा है जहाँ है', 'जैसी है वैसी है', और 'जो भी है' के आधार पर निजी समझौते के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि की वसूली की जा सके। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) के पास कोई ऐसा खरीदार है जो दी गई आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) को **22-10-2026** से एक दिन पहले AHFL को सूचित करना होगा, जिसके बाद AHFL उस खरीदार को वरीयता देगा। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) **22-10-2026** से एक दिन पहले सूचित करने में विफल रहते हैं, तो AHFL ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री के लिए आगे बढ़ेगा। यह संपत्ति AHFL को ज्ञात या अज्ञात, सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित जांच पड़ताल करनी चाहिए। क्रेता बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा। **विक्रय की दिनांक 22-10-2026 तय की गई है।** यह समाचार पत्र एवं इसमें निहित जानकारी सामान्य जन-प्रसार के लिए है। इस विज्ञापन के किसी भी हिस्से या पूरे भाग को किसी भी रुप या माध्यम से-चाहे वह प्रिंट, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन, ई-मेल, वेब प्रकाशन हो या कोई अन्य तरीका-पुनः प्रस्तुत करना, वितरित करना, प्रसारित करना या फिर से प्रकाशित करना पूरी तरह से वर्जित है। किसी भी माध्यम से इस सामग्री का कोई भी अनधिकृत उपयोग किए जाने पर AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : उत्तर प्रदेश, दिनांक : 02-10-2026** — सही/- प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


### दरोगा भर्ती-२०२५ : नियुक्ति पत्र वितरण पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगायी रोक

प्रयागराज (आससे.)। उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (सिविल पुलिस), प्लाटून कमांडर पीएसी, अग्निशमन अधिकारी, विशेष सुरक्षा बल और महिला उप निरीक्षक समेत विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी की शुद्धता को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक भर्ती के तहत नियुक्ति पत्र जारी करने पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार गुप्ता की एकल पीठ ने श्याम सुंदर व दो अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता संजय यादव ने बताया कि 2025 की दरोगा भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी।


**ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड** के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022437
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।



यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।


सूर्योदय : ०५.५०
सूर्यास्त : ०५.४५
तापमान
अधि. : ३५.०
न्यून. : २४.०

## शेष

### ईसीके...

गया है। दूसरे दिन जिला मार्च की तैयारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए ब्लॉक स्तर पर संयुक्त बैठकें आयोजित की जाएंगी. तीसरे दिन इंडिया ब्लॉक के दलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर जिला स्तरीय मार्च निकाला जाएगा, जो बी.आर. आंबेडकर प्रतिमा, महात्मा गांधी प्रतिमा या जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जाएगा.

### परचून...

घर पर मौजूद नहीं थे। गांव के प्रशासक अनुज सिंह ने उन्हें खेत से बुलाया। प्रशासक ने कार्रवाई का कारण पूछा, लेकिन टीम ने जानकारी देने से मना कर दिया। ईडी टीम ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोशाकीलाल के खाते में करीब एक अरब रुपये की रकम डाली और निकाली गई। पोशाकीलाल ने दावा किया है कि उन्होंने एसबीआई की उस शाखा में कभी खाता खुलवाया ही नहीं, जहां यह लेनदेन हुआ।

### यूपीएससी...

भूमिका निभाएंगे।केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में यूपीएससी के माध्यम से करीब 65 हजार नियुक्तियां हुईं, जबकि पिछली सरकार के 10 वर्षों में यह संख्या करीब 45 हजार थी। यूपीएससी अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा में सफल उम्मीदवारों में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। आयोग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से डुप्लीकेट आवेदन की पहचान, दस्तावेजों की रियल टाइम ओसीआर जांच और परीक्षा केंद्रों पर फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकों को अपनाया है।

### राहुलने...

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी करे। आदिवासी परिवारों को उनका वन अधिकार पट्टा मिलना चाहिए। मनरेगा के तहत उन्हें रोजगार और बच्चों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार कहती है कि 24 घंटे विकास हो रहा है, लेकिन 24 घंटे भ्रष्टाचार हो रहा है। लेकिन जब हमारे आदिवासी भाइयों को मदद की जरूरत है, तब उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि एक और बात है। अगर किसी महिला को एक सरकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है, तो लाड़ली बहना योजना का पैसा काट लिया जाता है। अगर सरकार दो योजनाएं चला रही है, तो लोगों को दोनों योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। हमारी सरकार आने पर आदिवासी समुदाय की हरसंभव मदद की जाएगी। वन अधिकार कानून के तहत उन्हें उनका अधिकार दिलाया जाएगा और शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हम उन्हें वनवासी नहीं, बल्कि आदिवासी कहते हैं। वे इस देश के मूल निवासी हैं।

### कानूनकी...

नागरिकों से अलग सुविधा नहीं दी जा सकती। जस्टिस बागची की पीठ ने कहा कि किसी मामले की शीघ्र सुनवाई का निर्देश देने से उन असंख्य याचिकाकर्ताओं के साथ अन्याय होगा, जो अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, चाहे कोई बस का चपरासी हो या राज्य का प्रमुख सचिव, सभी को न्याय तक समान पहुंच का अधिकार है। अदालत ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट को प्राथमिकता से सुनवाई का निर्देश केवल गंभीर चूक, अनुचित कार्रवाई या असाधारण परिस्थितियों में ही दिया जा सकता है।

### शिक्षामित्रों...

कर लिया था। मामला वसीम अहमद एवं 220 अन्य बनाम राज्य सरकार से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता जैन अब्बास ने शिक्षामित्रों का पक्ष रखा था। शिक्षामित्रों के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षामित्र लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे हैं और बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों का करीब 26 वर्षों से बतौर शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ साथ निर्वाचन कार्य, चुनाव ड्यूटी, एसआईआर, जनगणना, मतगणना, बालगड़ना, विद्यालय संचालन प्रभार, सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में कक्ष निरिक्षक ड्यूटी, गुणवत्ता संवर्धन हेतु विभाग द्वारा कराए जाने वाले समस्त प्रशिक्षण अध्यापक के समान अनुभव है। विशेष टीईटी में आवेदन के अवसर को लेकर शिक्षामित्रों के साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है, जबकि अन्य श्रेणियों में कार्यरत शिक्षकों एवं विशेष शिक्षकों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया है।

### ब्रह्मोस...

का हो सकता है। इन सौदों के साथ ब्रह्मोस का कुल निर्यात 600 मिलियन डॉलर से ज्यादा पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा सचिव ने इसे भारत की उभरती रक्षा निर्यात क्षमता के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।भारत की ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों तक पहुंच रही है। इनमें फिलीपींस के साथ इंडोनेशिया और वियतनाम शामिल हैं। रक्षा सचिव के मुताबिक, फिलीपींस को करीब 330 मिलियन डॉलर की प्रणाली दी जा चुकी है, जबकि इंडोनेशिया और वियतनाम के लिए करीब 200 मिलियन डॉलर और 100 मिलियन डॉलर के शुरुआती निर्यात का अनुमान है। इस तरह ब्रह्मोस भारत की रक्षा निर्माण क्षमता को विदेशी बाजारों में पहुंचाने वाली प्रमुख प्रणालियों में शामिल हो गई है। ब्रह्मोस मिसाइल में पारंपरिक वारहेड के साथ आधुनिक गाइडेड प्रणाली है। यह लंबी दूरी तक सुपरसोनिक गति से लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम है। इसकी तेज रफ्तार, सटीकता और मारक क्षमता इसे एक उच्च क्षमता वाली मिसाइल प्रणाली बनाती है।

### शाहजहांपुर...

पूछताछ कर रही है। घरवालों का आरोप है कि मंदिर पर कब्जा करने के लिए उनकी हत्या कर दी गई है। मामले की गहनता से छानबीन कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र सूथा से कुछ दूरी पर भोले बाबा मंदिर है जहां पर गांव के ही रहने वाले बाबा बिहारी दास अपने चेला गोपाल दास के साथ मंदिर पर झोपड़ी डालकर रहते थे, और पूजा अर्चना का काम करते थे। बताया जा रहा है कि इसी गांव के ही रहने वाले शिवकुमार सिंह की ओर से थाने में दी गई तहरीर के अनुसार बाबा बिहारी दास और गोपाल दास की झोपड़ी से जब धुआं उठता हुआ देखा, तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो देखा की झोपड़ी बुरी तरह जल रही है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई.स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक दोनों की जलकर मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि गांव का ही रहने वाला सुमित सिंह जिसने झोपड़ी में आग लगाकर दोनों साधुओं को जिंदा जलाकर मार डाला है।

### यूपीमें पीडियाट्रिक...

इमरजेंसी सेवाओं, एंबुलेंस, विशेषज्ञ चिकित्सकों और रेफरल सिस्टम को एक साझा नेटवर्क में जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इस व्यवस्था से हर साल करीब 1,800 जानें बचाने का लक्ष्य रखा गया है। योगी सरकार ने बाल ट्रॉमा को यूनिफाइड इमरजेंसी केयर आर्किटेक्चर विकसित करने की योजना बनायी है। इसका आधार गंभीर रूप से घायल बच्चे को दुर्घटना स्थल से लेकर प्राथमिक उपचार, ट्रॉमा सेंटर, विशेषज्ञ उपचार और आगे की देखभाल तक हर स्तर पर समयबद्ध और समन्वित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### २०१७..से

को साकार किया जा सकता है। यूपी पुलिस की थीम 'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प' इसी भावना को व्यक्त करती है। जब तराई क्षेत्र आतंकवाद की चपेट में था, तब पुलिस व सेना की सुरक्षा में ही आवागमन संभव था। सूर्यास्त के बाद आवाजाही लगभग बंद हो जाती थी। उस समय डीजीपी के रूप में प्रकाश सिंह ने इन चुनौतियों का सामना किया। पुलिस सुधारों के लिए प्रकाश सिंह को सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़ी थी। उत्तर प्रदेश ने पुलिस सुधारों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैचारिकी केवल शब्द या आलेख नहीं होती, बल्कि वह व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों को भी समाहित करती है। प्रकाश सिंह ने अपने सेवाकाल में पग-पग पर इन चुनौतियों का सामना किया और अपनी पूरी सेवा को कुशलतापूर्वक पूरा किया। लंबे समय तक विभिन्न संस्थानों में व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने वाली उनकी वैचारिकी अब पुस्तक के रूप में सामने आई है। आचार और विचार में जब समन्वय होता है और दोनों एक ही दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी परिणाम सामने आता है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय 'यूपी वाला' कहकर लोगों को बाहर कर दिया जाता था। पुलिस के सामने भी बड़ी चुनौतियां थीं। राजनीतिक नेतृत्व में स्वयं निर्णय लेने की सामर्थ्य नहीं हो तो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करना कठिन होता है।


**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722


### आज का राशिफल — शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

- **मेष-** भाग्योदय, व्यापारिक विस्तार, विवाद का समापन, कठिनाइयों में कमी, यात्रा संतोषजनक।
- **वृषभ-** मन प्रसन्न, सम्बन्ध सुधार, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुख शांति, मंगल आयोजन।
- **मिथुन-** आज दिन 3/41 बजे तक जोखिम से हानि, शेष समय अनुकूल, कार्यों में प्रगति।
- **कर्क-** आज दिन 3/41 बजे तक लाभ, यात्रा सुखद, शेष समय निराशाजनक, प्रगति में बाधा।
- **सिंह-** योजना पूर्ति, दायित्व निर्वाह, धन का प्रतिफल, अनुकूल घटनाएँ, यात्रा का सुयोग।
- **कन्या-** सुख के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति, अधिकारियों से सहयोग, लाभ भी।
- **तुला-** आज दिन 3/41 बजे तक जोखिम से हानि, योजना में बाधा, शेष समय में सफलता।
- **वृश्चिक-** आज दिन 3/41 बजे तक आरोग्य सुख, मित्रों से सहयोग, शेष समय कष्टकर, धनहानि।
- **धनु-** निराशा खत्म, व्यवसाय विस्तार, योजना फलीभूत, आकस्मिक लाभ, सद्विचार।
- **मकर-** निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों में कमी, शिक्षा में उपलब्धि, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।
- **कुम्भ-** आज दिन 3/41 बजे तक समस्या प्रभावी, शेष समय संतोषजनक, धर्म में आस्था।
- **मीन-** आज दिन 3/41 बजे तक धन प्राप्ति, दाम्पत्य सुख, शेष समय निराशाजनक, धनहानि।

### आज है जिनका जन्मदिन — 2 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। स्वभाव मृदु व दयालु होगा। किसी भी बात को बढ़ा-चढ़ा कर करने में सक्षम होंगे। अतीन्द्रिय ज्ञान की में अद्भुत क्षमता होगी। अपनी जिम्मेदारियों को पूर्णरूप से निभाने में सक्षम होंगे। भावनात्मक प्रवृत्ति का होने का कारण आपके भावनाओं को बहुत जल्दी ठेस लगेगी। किसी भी कार्य को ज्यादा देर तक नहीं कर पायेंगे। स्पष्टवादी प्रवृत्ति के होंगे। यही स्पष्टवादिता कभी-कभी आपके लिए घातक भी हो सकती है। प्रमुख सिद्धान्त सादा जीवन उच्च विचार होगा दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। जनसम्पर्क का लाभ मिल सकेगा। चन्द्रमात्व की प्रधानता के कारण में स्त्रीत्व गुण की भरमार रहेगी। कला-सौन्दर्य में अधिक रूचि रखेंगे। आपके जीवन में एकाग्रता का अभाव रहेगा। नियमित रूप से इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएँ। दैनिक जीवन में सफेद रंग का प्रयोग अधिकतम करें। सोमवार के दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान भी करें। सदाचार का पालन करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन्त्र | : ॐ सों सोमाय नमः | मास | : अक्टूबर, अक्टूबर एवं नवम्बर |
| व्रत | : सोमवार | वर्ष | : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65 |
| दिन | : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार | रंग | : सफेद एवं क्रीम |
| दिनांक | : 2, 11, 20, 29 | जन्मरत्न | : मोती — उपरत्न : मून स्टोन |
| अंक | : 1, 4, 7 | जड़ी | : अनार की जड़ — दिशा : नैर्ऋत्य |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 [illegible] से 20 अक्टूबर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 |
| 8 | 6 | 4 |
| 3 | 10 | 5 |

### सुडोकू ४०७१

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| | | | 6 | 8 | | | | |
| | 2 | 1 | | | | | | 4 |
| | | 5 | | | 9 | 2 | | |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| 3 | | | | | 7 | | | |
| | | | | | | | 1 | |

हल ४०७० सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 | 8 |

# चांदी ले आयी फ्रांसिस, प्रिंस की नौका

## नौकायन : पुरुषों के स्किफ स्पर्धा में जीता रजत, हर्षिता तोमर-शीतल वर्मा को कांस्य

**नागोया (एजेन्सियां)।** एशियन गेम्स में भारत ने सेलिंग में अपना पहला पदक जीता। गुरुवार को पुरुषों के स्किफ इवेंट में मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने रजत पदक हासिल किया। नौ रेस के बाद वे चीन की जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय जोड़ी ने २३ अंक के साथ रेगाटा (सेलिंग प्रतियोगिता) खत्म किया। चीन की जोड़ी वेन जाइडिंग और लियू तियान ने १६ अंक के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। हांगकांग, चीन के अकीरा ल्यूक सकाई और रसेल आयल्सवर्थ २४ अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फ्रांसिस और नोबल का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा। उनका सबसे अच्छा नतीजा तीसरी रेस में आया जिसे उन्होंने जीता। भारतीय सेलर्स ने रेस तीन जीती और रेस १, ५ और ९ में दूसरे स्थान पर रहे। रेस ८ में उन्होंने कुल २९ अंक हासिल किये। रेस आठ में छठे स्थान पर रहने के नतीजे को हटाकर उनका नेट स्कोर २३ रहा। यह



पदक पुरुषों के स्किफ इवेंट में भारत का पहला एशियन गेम्स रजत पदक था। वरुण टक्कर और केसी गणपति ने जकार्ता २०१८ में कांस्य जीता था। मनु और प्रिंस का रजत एशियन गेम्स में भारत का २८वां सेलिंग पदक भी था। हांगझोउ २०२३ में भारत ने तीन पदक जीते थे। ज्यादातर सेलिंग में कम अंक वाला स्कोरिंग सिस्टम होता है। इसमें रेस जीतने वाली बोट को एक अंक, दूसरे स्थान पर रहने वाली बोट को दो अंक मिलते हैं और इसी तरह आगे भी। सबसे कम कुल स्कोर वाला विजेता बनता है और तय संख्या में रेस होने के बाद सबसे खराब नतीजे को हटा दिया जाता है। हालांकि चीन ने स्टैंडिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाये रखी और नौ में से चार रेस जीतीं। वहीं हर्षिता तोमर और शीतल वर्मा ने महिला स्किफ ओपनिंग सीरीज में कांस्य पदक जीत लिया। नौ रेस के बाद भारतीय जोड़ी २४ नेट प्वाइंट के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय जोड़ी ने नौवीं और आखिरी रेस में चौथा स्थान हासिल किया लेकिन पूरे चरण में शानदार प्रदर्शन के दम पर पोडियम पर जगह बनायी। रजत पदक ३१ साल के फ्रांसिस और ३० साल के नोबल के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। दोनों बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। कोच्चि के रहने वाले इन सेलर्स की इस खेल में शुरुआती दौर में ही दिलचस्पी जग गयी थी और बाद में उन्होंने भोपाल के नेशनल सेलिंग स्कूल और केरल के मुजिरिस याटिंग क्लब में ट्रेनिंग ली। एशियाई खेलों में मिला यह पदक उनकी पिछली कामयाबियों में एक और उपलब्धि है। इससे पहले वे एशियाई सेलिंग चैम्पियनशिप में कांस्य जीत चुके हैं। स्किफ हल्की और छोटी सेलिंग बोट होती है जिसे चलाने के लिए क्रू मेंबर्स के बीच बहुत अच्छे तालमेल की जरूरत होती है। इनमें रेस के नतीजे अक्सर रणनीतिक फैसलों, सही पोजिशनिंग और कई राउंड में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से तय होते हैं। मनु फ्रांसिस और प्रिंस नोबल कुरिसिंकल के लिए सेलिंग का सफर किसी चमक-दमक के बीच शुरू नहीं हुआ था। इसकी शुरुआत कोच्चि के चेराई बीच पर एक जुगाड़ से तैयार की गई नाव से हुई थी। आज यही दोनों खिलाड़ी नागोया की लहरों से जूझते हुए पुरुषों की स्किफ रेस में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। इस पदक के साथ एशियन गेम्स २०२६ सेलिंग में भारत का खाता भी खुल गया।

### हाकी : महिलाओं के सामने होगी चीन की चुनौती

**काकामिगाहारा (एजेंसियां)।** फार्म में चल रही भारतीय टीम एशियाई खेलोंके महिला हॉकी फाइनलमें गत चैम्पियन चीन के विरुद्ध शुक्रवार को उतरेगी तो नजरें ४४ साल बाद स्वर्ण पदक जीतकर लास एंजिलिस ओलम्पिक २०२८ के लिए क्वालीफाई करके पुराने कई मलाल मिटानेपर होंगी। टोक्यो ओलम्पिक २०२० में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलम्पिक २०२४ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी भारतीय टीम के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा लास एंजिलिस में दो साल बाद होने वाले खेलों का सीधे टिकट कटाना है। मौजूदा फार्म और विश्वकप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को देखते हुए यह संभव भी लग रहा है बस अपेक्षाओं के दबाव से पार पाना होगा। भारत ने एशियाई खेलों में एकमात्र स्वर्ण १९८२ में दिल्ली में जीता था जब महिला हाकी को पहली बार इन खेलों में शामिल किया गया था। उसके बाद से भारत १९९८ और २०१८ में फाइनलमें पहुंचा लेकिन क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अब युवा खिलाड़ियों से सजी कोच शोर्ड मारिन की यह टीम लंबे इंतजार को खत्म करने और दमदार प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देने का माद्दा रखती है।



# नितेश खत्म नहीं कर सके स्वर्ण का सूखा

### कुश्ती : रजत से करना पड़ा संतोष, मानसी कांस्य से चूकी

**नागोया (एजेन्सियां)।** नितेश सिवाच को जापान के यूरी नाकाजातो से ०-४ हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियन गेम्स में ग्रीको रोमन शैली के चैम्पियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने ९७ किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक १९६२ में मालवा सिंह (५२ किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (९७ किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे। जापान के पहलवान ने नितेश को आगे धकेलकर स्कोरिंग की शुरुआत की। नितेश को निष्क्रियता के कारण ग्राउंड पोजीशन में आना पड़ा लेकिन उन्होंने शानदार बचाव किया और नाकाजातो को अंक हासिल करने का मौका नहीं दिया। नाकाजातो ने पहले पीरियड के अंत तक २-० की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लाक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर ४-० की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया। वहीं महिला पहलवान मानसी को ६२ किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मानसी को मंगोलिया की अल्तजिन तोगतोख ने ५-२ से हराया और कांस्य पदक अपने नाम किया। अल्तजिन ने शुरुआत में २-० की बढ़त बनायी थी लेकिन मानसी ने वापसी करते हुए स्कोर २-२ कर दिया था। इसके बाद मंगोलियाई पहलवान ने जोरदार वापसी की और मैच अपने नाम कर लिया।

# गणेश मणि को कांस्य चिकिता का सफर खत्म



### तीरंदाजी

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने गुरुवार को एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को १४९-१४४ से हराया। भारत के २० वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए १५ में से १४ तीर १० अंक पर लगाये। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ १४४-१४८ से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। भारतीय तीरंदाज मुकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः २९-३०, २९-३०, २९-२८, २९-३०, २८-३० से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को १४८-१३८ से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उन्होंने शुरुआती दो सीरीज में केवल दो बार नौ अंक का निशाना लगाया जिसके बाद लगातार १० अंक के निशाने साधे। वहीं, चिकिथा तनीपार्थी हालांकि कंपाउंड वर्ग में पदक की हैटट्रिक बनाने से चूक गयीं। उन्होंने बुधवार को महिला टीम और मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते थे। हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में उन्हें इंडोनेशिया की नुरिसा दियान अशरीफाह के हाथों १४३-१४४ (२९-३०, २९-३०, २९-२९, २९-२६, २७-२७) से हार का सामना करना पड़ा। चिकिथा क्वार्टर फाइनल में लय हासिल नहीं कर सकीं और पांच चरण में से केवल एक चरण ही जीत पायीं। पांचवें चरण के पहले शाट में आठ अंक हासिल करने का चिकिता को खामियाजा भुगतना पड़ा और अंततः उन्होंने एक अंक के अंतर से मुकाबला गंवा दिया। भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन टीम इवेंट में तीन स्वर्ण और व्यक्तिगत इवेंट में एक कांस्य पदक के साथ किया। आइची-नागोया में व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा की दोनों कैटेगरी में भारत हांगझोऊ २०२३ में जीते गये अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने में नाकाम रहा। पिछले एशियन गेम्स में भारतीय कंपाउंड तीरंदाज ने सभी पांच स्वर्ण जीते थे।

### भारत ने सेपकटकरा में पक्का किया पदक

नागोया (एजेन्सियां)। भारत ने एशियन गेम्स के पुरुष क्वाड्रेंट सेपकटकरा स्पर्धा में पदक पक्का कर लिया है। भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में म्यांमार को २-१ से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम इंडिया ने ग्रुप के तीनों मैच जीत और अजेय रहते हुए ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ भारत अब सेमीफाइनल में खेलेगा। भारत को उम्मीद के विपरीत म्यमार से कड़ी टक्कर मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने पदक की उम्मीद सजोए हुए म्यमार के खिलाफ अपनी पूरी ताकत झोक दी। इधर म्यमार के खिलाड़ियों ने भी हिम्मत नहीं हारी और जोरदार टक्कर दी लेकिन भारत जीतने में सफल रहा।

# महिला टीम को कांसे से करना पड़ा संतोष

### स्क्वैश : पुरुष टीम सेमीफाइनलमें

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय महिला स्क्वैश टीम को एशियन गेम्स में गुरुवार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टीम को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ १-२ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पुरुष टीम सेमीफाइनल में मलयेशिया का सामना करेगी। सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत भारतीय महिला स्क्वैश टीम के लिए अच्छी नहीं रही। अनाहत सिंह ने चान सिन युक के खिलाफ शानदार शुरुआत की और पहले दो गेम जीते। अनाहत ने पहला गेम ११-९ और दूसरा गेम ११-९ से अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद चान सिन ने शानदार वापसी की और



उन्होंने अगले तीन गेम जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया। तीसरा गेम चान सिन ने ११-६ से जीता तो चौथे गेम को १३-११ और पांचवें गेम को १२-१० से जीता। इस जीत के साथ हांगकांग ने मैच में १-० की बढ़त बना ली। हालांकि, इसके बाद तन्वी खन्ना ने भारतीय टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी ली का यी को बेहतरीन वापसी करते हुए हराया। पहले गेम में तन्वी को ४-११ से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तन्वी ने वापसी की और अगले तीनों गेम जीतकर स्कोर को १-१ से बराबर कर दिया। तन्वी ने दूसरा गेम १३-११, तीसरा गेम ११-९, १३-११ से जीता। निर्णायक मुकाबले में जोशना चिनप्पा ने निराश किया और वह हो त्जे लोक के खिलाफ हार गयीं। हो त्जे ने पहला गेम ११-४ से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी हांगकांग की खिलाड़ी का दबदबा रहा और उन्होंने गेम को ११-७ से जीता। हो त्जे तीसरे गेम में भी हावी नजर आयीं और उन्होंने ११-९ से जीतकर हांगकांग को फाइनल का टिकट दिलाया।

# गोल्फ : प्रणवी के सहारे बढ़ी भारत के दोहरे पदक की उम्मीद

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी शरत उर्स ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में सात अंडर ६३ का कार्ड खेला। कासुगाई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स में प्रणवी ने बिना कोई बोगी किये सात बर्डी लगाईं और इस प्रदर्शन के दम पर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में दूसरे स्थान पर पहुंच गयीं। उनके शानदार प्रदर्शन से भारत की महिला टीम भी पदक की दौड़ में आ गयी है। प्रणवी का दो दौर के बाद कुल स्कोर ११ अण्डर १२९ है और वह शीर्ष पर चल रहीं शैनन टैन से सिर्फ दो शाट पीछे हैं। टैन १३ अंडर के स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं। प्रणवी शुक्रवार को तीसरे दौर में फाइनल ग्रुप में उतरेंगी। प्रणवी ने दूसरे दौर की शुरुआत लगातार दो बर्डी के साथ की। शुरुआती छह होल में उन्होंने चार बर्डी लगायीं। इसके बाद १३वें से १६वें होल के बीच तीन और बर्डी हासिल कर उन्होंने अपना स्कोर सात अंडर तक पहुंचाया। उनकी सबसे खास बात यह रही कि पूरे दौर में उन्होंने एक भी बोगी नहीं की। अपने प्रदर्शन पर प्रणवी ने कहा कि टी से ग्रीन तक उनका खेल काफी मजबूत रहा और उन्होंने ज्यादा गलतियां नहीं कीं। उन्होंने बताया कि फेयरवे और ग्रीन पर लगातार पहुंचना उनकी रणनीति रही जिससे उन्हें एप्रोच शाट के लिए बेहतर स्थिति मिली। प्रणवी की शानदार ६३ का सीधा फायदा भारतीय महिला टीम को मिला। भारत सात अंडर २७३ के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। टीम स्पर्धा में हर दौर के दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर गिने जाते हैं। प्रणवी के अलावा दीक्षा डागर दो राउंड के बाद संयुक्त रूप से २१वें और अदिति अशोक संयुक्त रूप से २५वें स्थान पर हैं। चीन और सिंगापुर भारत से आगे हैं। भारत शीर्ष पर मौजूद चीन से पांच शाट और दूसरे स्थान पर मौजूद सिंगापुर से चार शाट पीछे है। अभी ३६ होल का खेल बाकी है ऐसे में भारत के पास महिला व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में पदक जीतने का मौका है। पुरुषों की स्पर्धा में भारत के सप्तक तलवार दूसरे दौर में दो अंडर ६८ का कार्ड खेलने के बावजूद तीसरे स्थान से खिसककर संयुक्तत सातवें स्थान पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर छह अंडर है। चीनी ताइपे के वांग वे शुआन और चीन के डिंग वेनयी नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जापान के काजुकी हिगा और पूर्व हीरो इण्डियन ओपन चैम्पियन कीता नाकाजिमा आठ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पुरुष टीम स्पर्धा में जापान २६४ के स्कोर के साथ शीर्ष पर है।

# ४९ सेकेण्ड पहले पलटी बाजी से भारत स्वर्ण के करीब



### पुरुष हाकी पाकिस्तानको ४-३ से हराया

**काकामिगाहारा (एजेन्सियां)।** अभिषेक के कमाल से भारतीय पुरुष हाकी टीम ने गुरुवार को चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में ४-३ से हराकर एशियन गेम्स के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत लगातार दूसरी बार एशियाड के खिताबी मुकाबले में पहुंचा है। भारत की पुरुष और महिला स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंची हैं। भारत एक समय पाकिस्तान के खिलाफ ३-० से आगे चल रहा था लेकिन पाकिस्तान ने तीसरे क्वार्टर से वापसी की और स्कोर बराबर कर दिया। अभिषेक ने हालांकि मैच खत्म होने से ४९ सेकेंड पहले मैदानी गोल दागकर भारत को बढ़त दिलायी जो अंत में निर्णायक साबित हुई। मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाये। भारत ने पहले ही क्वार्टर से दबाव बनाना शुरू किया। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी पर गोल कर भारत को १-० से आगे कर दिया है। इससे पहले भारत को चार बार गोल करने के मौके मिले थे लेकिन टीम इससे चूक रही थी। हालांकि हरमनप्रीत ने पांचवें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का मौका नहीं छोड़ा। इसके बाद दिलप्रीत ने भी गोल दागा लेकिन रेफरी ने इसे अमान्य करार दिया। हरमनप्रीत ने इसके बाद १३वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर एक और गोल दागा और भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में सुखजीत सिंह ने २३वें मिनट में मैदानी गोल दागकर स्कोर ३-० कर दिया। भारतीय टीम ने हाफ टाइम तक ३-१ की बढ़त बनाये रखी। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह ने पहले क्वार्टर में दो गोल दागे जबकि सुखजीत सिंह ने दूसरे क्वार्टर में एक गोल किया। हालांकि, पाकिस्तान ने भी गोल का खाता खोला। दूसरा क्वार्टर का खेल समाप्त होने से पहले पाकिस्तान के अबु महमूद ने ३०वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। हाफ टाइम तक ज्यादातर समय गेंद भारत के पाले में रही। इस दौरान भारत को सात और पाकिस्तान को छह पेनल्टी कार्नर मिले। भारतीय टीम ने दो बार पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जबकि पाकिस्तान को एक बार सफलता मिली। हाफ टाइम तक पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की। पाकिस्तान के अहमद बट्ट को ३८वें मिनट में पीला कार्ड दिखाया गया। वहीं, भारत के दिलप्रीत सिंह को ४३वें मिनट में ग्रीन कार्ड दिया गया। तीसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की और हनन शाहिद ने ४५वें मिनट में मैदानी गोल दागा। तीसरे क्वार्टर में भारत एक भी गोल नहीं कर सका। इसके बाद चौथे क्वार्टर की शुरुआतमें वहीद राणा ने ४९वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। हाफ टाइम तक भारत ने बढ़त बनायी लेकिन पाकिस्तान ने तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक-एक गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया। चौथे क्वार्टर के अंतिम समय में भारतीय टीम दबाव में दिख रही थी। इस दौरान टीम का खेल औसत रहा और गोल करने के कई मौके गंवाये। भारत का भाग्य ने साथ दिया और ६०वें मिनट में अभिषेक ने मैदानी गोल किया जिससे भारत अपने पक्ष में नतीजा लाने में सफल रहा। भारत और पाकिस्तान का मैच हाकी के इतिहास की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में से एक है। एक समय इस मुकाबले से ही टूर्नामेंट की अहमियत तय होती थी लेकिन अब वह बात नहीं रही है। पिछले १० वर्षों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत अजेय रहा है। २१ मैचोंमें से भारत ने १९ जीते हैं और सिर्फ दो मैच ड्रा रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलेके लिए मैदान पर जाते समय टीम का जोश काफी ऊंचा लग रहा था। भारतने पाकिस्तानपर अपना दबदबा बरकरार रखा। अब भारत स्वर्ण अपने जीतता है तो वह २०२८ ओलम्पिकका टिकट भी हासिल कर लेगा।

# भारत-पाकिस्तान में होगी पीले तमगे की जंग

### क्रिकेट : ईशानकिशन का अर्द्धशतक श्रीलंका को १२४ रन से हराया

**निशिन (एजेन्सियां)।** ईशान किशन के रेकार्ड अर्द्धशतक (अजेय ८० रन) के बाद जसप्रीत बुमराह (२-७) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सहारे गत चैम्पियन भारत ने श्रीलंका पर १२४ रन की अपनी सबसे बड़ी जीत के साथ एशियन गेम्स क्रिकेट में लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला स्वर्ण पदक के लिए पाकिस्तान से होगा जिसने पहले सेमीपफाइनल में बंगलादेश को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टर्न लेती पिच पर टास हारकर पहले खेलने उतरी भारतीय टीम की हालत एक समय काफी खराब हो गयी थी। सलामी जोड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी अभिषेक शर्मा दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर सात रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद संजू सैमसन (सात), वैभव सूर्यवंशी (३८), कप्तान श्रेयस अय्यर (१३) के रूप में भारत ने १०वें ओवर में ८७ रन पर चार विकेट गंवा दिये लेकिन एक छोर पर डटे रहे बिहार के ईशान किशन ने ४६ गेंदों में चार चौके और पांच छक्के की मदद से ८० रन की पारी खेल दी जिससे भारत २० ओवर में सात



विकेट पर १६९ रन बनाने में सफल रहा। छोटे फार्मेट के अनुभवी खिलाड़ी अक्षेर पटेल (आठ), तिलक वर्मा (दो) और शिवम दुबे (तीन) बड़ा योगदान नहीं दे पाये। वाशिंगटन सुंदर एक छक्के की मदद से सात रन बनाकर अजेय लौटे। भारत की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी वैभव सूर्यवंशी और श्रेयस अय्यर (२० गेंद में ३५ रन) ने की। १७० रनके लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज खाता खोले बगैर चलते बने जिसमें बुमराह के दो विकेट शामिल रहे। नुवांडु फर्नांडो (१५) ही दोहरे अंक में पहुंचे जबकि पांच बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए जिससे श्रीलंका की पारी ६१ गेंद शेष रहते सिर्फ ४५ रन पर सिमट गयी। बुमराह के अलावा अभिषेक शर्मा (२-२), अक्षेर पटेल (२-८) और वाशिंगटन सुंदर (१-१८) ने विकेट लिए। यह टी-२० में श्रीलंका के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत है। भारत ११वीं बार १०० रन के अंतर से जीता है। वह ऐसा करने वाली पहली टीम बन गयी है। कनाडा १० जीत के साथ दूसरे नम्बर पर जबकि आस्ट्रेलिया ने नौ बार ऐसा किया है।

### प्रसिद्ध कृष्णा और सुंदर बाहर

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** वेस्टइण्डीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। बीसीसीआई के अनुसार, प्रसिद्ध के बाहर होने का कारण उनके बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग की चोट है। गुवाहाटी में खेले गये दूसरे मैच के दौरान प्रसिद्ध को यह चोट लगी थी जिसके चलते वह सिर्फ पांच ओवर ही गेंदबाजी कर पाये थे। अंशुल कंबोज इस समय पुडुचेरी में आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेल रहे हैं, जहां से उन्हें सीधा चंडीगढ़ में भारतीय टीम से जुड़ने के लिए बुलाया गया है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-२० शृंखला से हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को बाहर करने का फैसला किया है। यह निर्णय न्यूजीलैण्ड के खिलाफ आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि सुंदर अपने राज्य टीम तमिलनाडु के लिए रणजी ट्राफी मैच खेलकर लाल गेंद के क्रिकेट की तैयारी कर सकें। वाशिंगटन सुंदर की जगह टी-२० टीम में नमन धीर को शामिल किया गया है।
उन्होंने कहा कि न्यूजीलैण्ड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला को ध्यान में रखते हुए

### टेनिस : नागल की हार से चुनौती समाप्त

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय टेनिस दल १९८६ के बाद पहली बार एशियन गेम्स से पदक लिए बिना लौटेगा। सुमित नागल के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर होने से एशियाड में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। पदक की दावेदार युगल टीमों के बुधवार को ही बाहर होने के बाद भारत की उम्मीदों का दारोमदार एकल रैंकिंग में नम्बर एक खिलाड़ी सुमित पर था जो चीन के यिबिंग वू से एक घंटे ३८ मिनट तक चले मैच में ४-६, ४-६ से हार गये। भारत ने १९९० के बाद से हर एशियन गेम्स खेल में टेनिस में पदक जीते हैं और इस बार भी कम से कम तीन पदकों की उम्मीद थी। सोल में डेविस कप में दक्षिण कोरिया से मिली हार के बाद जापान में पदक जीतने से भारतीय टेनिसप्रेमियों को राहत मिलती, लेकिन यहां भी निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। आखिरी बार एकल वर्ग में प्रग्नेश गुणेश्वरन और अंकिता रैना ने भारत के लिए पदक जीते थे। दोनों को जकार्ता में २०१८ में हुए एशियाई खेलों में कांस्य पदक मिला था। हांगझोउ में २०२३ खेलों में भारत को एकल पदक नहीं मिला था। रोहन बोपन्ना और दिविज शरण ने २०१८ में पुरुष युगल स्वर्ण और रोहन बोपन्ना के साथ रूतुजा भोसले ने २०२३ में मिश्रित युगल में स्वर्ण जीता था। युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी से पदक की उम्मीद थी लेकिन वे पुरुष युगल और मिश्रित युगल मे हारकर बाहर हो गये।

# बदले स्वरूपके साथ १४ टीमोंके बीच होंगे ५७ मुकाबले

### एकदिनी विश्वकप-२०२७ का कार्यक्रम घोषित

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में दो अक्तूबर से २१ नवम्बर २०२७ तक होने वाले आईसीसी एकदिनी विश्वकप का कार्यक्रम घोषित हो गया जिसमें १४ टीमों के बीच ५७ मुकाबले होंगे। २०२७ विश्वकप का सबसे बड़ा आकर्षण इसका बदला हुआ प्रारूप है। २०२३ के मुकाबले इस बार टीमों की संख्या १० से बढ़ाकर १४ की गयी है और सेमीफाइनल एवं फाइनल से पहले टूर्नामेंट को तीन चरणों में बांटा गया है। इनमें सुपर सीरीज, ग्रुप चरण और सुपर-सात शामिल हैं। शुरुआत तीन सबसे निचली रैंकिंग वाली टीमों के बीच सुपर सीरीज से होगी। ये तीनों टीमें राउंड-राबिन आधार पर एक-दूसरे से खेलेंगी। इस चरण की विजेता टीम ही अगले चरण में पहुंचेगी, जबकि बाकी दो टीमों का विश्वकप अभियान यहीं समाप्त हो जाएगा। यानी १४ टीमों वाले विश्वकप में मुख्य ग्रुप चरण की शुरुआत १२ टीमों के साथ होगी। सुपर सीरीज के मुकाबले नामीबिया की राजधानी विंडहोक से शुरू होंगे। सुपर सीरीज के बाद १२ टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप में छह-छह टीमें होंगी। हर टीम अपने ग्रुप की बाकी पांच टीमों से राउंड-राबिन आधार पर मुकाबला खेलेगी। इस चरण में कुल ३० मैच खेले जायेंगे। दोनों ग्रुप की शीर्ष तीन-तीन टीमें अगले चरण के लिए क्वालिफाई करेंगी। इसके अलावा दोनों ग्रुप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों में से बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम भी सुपर-सात में जगह बनाएगी। इस तरह कुल सात टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। सात टीमों वाला सुपर-सात चरण इस विश्वकप के प्रारूप में सबसे बड़ा बदलाव है। यहां सभी सात टीमें राउंड-राबिन आधार पर एक-दूसरे से खेलेंगी। इस चरण में कुल २१ मुकाबले होंगे। सुपर-सात की अंक तालिका में शीर्ष चार स्थान पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहले स्थान पर रहने वाली टीम का सामना चौथे स्थान वाली टीम से होगा, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगी। दोनों सेमीफाइनल के विजेता फाइनल में आमने-सामने होंगे। भारत में खेले गए २०२३ विश्वकप में कुल १० टीमें शामिल थीं। सभी टीमों ने लीग चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेला था। इस तरह हर टीम ने नौ लीग मैच खेले और अंक तालिका की शीर्ष चार टीमें सीधे सेमीफाइनल में पहुंची थीं। इसके बाद दो सेमीफाइनल और फाइनल के साथ टूर्नामेंट समाप्त हुआ था।

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP SA·ZIM·NAM·2027

### थम नहीं रहा हाकी इण्डिया का विवाद

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** हाकी इंडिया के भीतर चल रही खींचतान जारी है। अब महासचिव भोलानाथ सिंहने छह अक्तूबरको कार्यकारी बोर्डकी बैठक बुलाई है जिस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अध्यक्ष दिलीप टिर्कीने कहा कि उन्हें बताए बिना और उनसे स्वीकृति लिये बिना यह बैठक बुलाई गयी है। एशियन गेम्स के लिए जापान गए भोलानाथने कार्यकारी बोर्डको गुरुवार बैठक के बावत ई-मेल भेजा है। महासचिव द्वारा भेजे गए ईमेल के अनुसार बैठक के एजेंडे में ओडिशा हाकी संघ के चुनाव का मसला प्रमुख है। इसके अलावा टिर्की द्वारा महासंघ के कुछ अधिकारियों के खिलाफ की गई पुलिस शिकायत का मसला भी शामिल है। इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए टिर्की ने कहा मैं हाकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड की प्रस्तावित १२०वीं बैठक का विरोध करता हूं जो मुझे बताए बिना या मंजूरी लिए बिना बुलाई गई है। इससे पहले भी महासचिव ने मुझसे स्वीकृति लिए बिना या बताये बिना १८ सितंबर को कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक बुलाई थी।

# डीएम ने किया संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने गुरूवार को जिला अस्पताल परिसर से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला अस्पताल परिसर से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर तक गई।संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक तथा दस्तक अभियान 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, दिमागी बुखार सहित अन्य संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के प्रति लोगों को जागरूक




किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता ही अनेक बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। साफ-सफाई एवं स्वच्छता को अपनी दिनचर्या और जीवनशैली का हिस्सा बनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक धनंजय, एसीएमओ डा. संजय गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

रतनपुरा (मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा विकासखंड मुख्यालय के समीप नसीराबाद अंधा मोड़ के आगे बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रतनपुरा-भीमपुरा मार्ग पर बसनहीं पुल के आगे कंपोजिट शराब की दुकान के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार पहदेवाजीत निवासी चिकित्सक डा. अभिमन्यु सिंह के पुत्र अभयजीत सिंह उर्फ गब्बू अपने मित्र राजेश सिंह, पुत्र शिवमुनी सिंह निवासी जोगापुर गाढ़ा के साथ बाइक से पहदेवाजीत स्थित अपने घर से रतनपुरा बाजार स्थित अपने पिता के क्लीनिक संतोष सेवा सदन लौट रहे थे। इसी दौरान नसीराबाद अंधा मोड़ के आगे कंपोजिट शराब की दुकान के पास सामने से आ रही अपाचे बाइक से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया गया कि अपाचे बाइक संख्या यूपी 54 बीसी/1883 पर करउत निवासी श्यामलाल यादव, पुत्र होशिला यादव, उम्र करीब 32 वर्ष, सवार थे। श्यामलाल यादव पुलिस विभाग में कार्यरत बताए गए हैं और अपने घर से नगरा जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभयजीत सिंह उर्फ गब्बू, राजेश सिंह और श्यामलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोगों ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों

## दो की हालत गंभीर



ने अभयजीत सिंह उर्फ गब्बू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राजेश सिंह और श्यामलाल यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मऊ रेफर कर दिया गया। श्यामलाल यादव को मऊ के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जबकि राजेश सिंह को जिला चिकित्सालय से वाराणसी स्थित सर सुंदरलाल चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। अभयजीत सिंह उर्फ गब्बू की मौत की खबर मिलते ही रतनपुरा बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग डा. अभिमन्यु सिंह के क्लीनिक संतोष सेवा सदन पहुंच गए। बेटे की असमय मौत से चिकित्सक पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों और परिचितों को सांत्वना देने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही।मृतक अभयजीत सिंह उर्फ गब्बू अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गुरुवार को पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। पुलिस ने दुर्घटना में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए दोनों बाइकों को अपने कब्जे में लेकर के पुलिस चौकी में आमद कर लिया है।

## पुलिस ने ठगी के रुपये कराये वापस

मधुबन(मऊ)। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित संतोष यादव पुत्र स्व. किशोर प्रसाद यादव निवासी बाउडीह के खाते से 37,980 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। जिसे वापस करा दिया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में सिमरन ने मारी बाजी

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। 'चित्रकला प्रतियोगिता' में पूरे जनपद के प्रतिभागियों को चुनौती देते हुए कंपोजिट विद्यालय माहपुर की होनहार छात्रा सिमरन,ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया,तथा कंपोजिट विद्यालय मुहम्मदाबाद गोहना-2 की छात्रा दिशा पटवा,तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श मोहम्मदाबाद गोहाना के अबुसाद ने अपनी उपस्थिति बहुत ही दमदार तरीके से दर्ज कराकर परम आदरणीय जिला विकास अधिकारी मऊ,जिला विद्यालय निरीक्षक मऊ एवं डायट प्राचार्य मऊ के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित होकर इन होनहार बच्चों ने अपने विद्यालय के साथ ही साथ पूरे ब्लाक का गौरव बढ़ाया है,सभी होनहार बच्चों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा कर्मठ अध्यापक बंधुओं को बहुत-बहुत साधुवाद दिया।

## शांतिभंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कस्बे में बीती रात्रि ग्राम रावतपुर थाना बांसगांव गोरखपुर निवासी एक वहां पर सवार लगभग आधा दर्जन लोग राहग. ीर से चुंगी के निकट वाद विवाद करने तथा मारपीट करने के मामले में क्षेत्र के उप निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय एवं उनके पुलिसकर्मियों ने विशाल, अंशुमान ,दीपक ,हेमंत दुबे ,सत्यपाल दुबे इन लोगों का गुरुवार को प्रातः शांतिभंग में न्यायालय चालान किया है।

# डा.आरके अग्रवाल अध्यक्ष,डा. राहुल कुमार आईएमए के सचिव बने

मऊ। सेहत की सुरक्षा के लिए उपचार से पहले जागरुकता होना अति आवश्यक है। इस दिशा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा संचारी रोग के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सतत जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए भी आईएमए प्रतिबद्ध रहेगा। इस वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य व समाजसेवा के साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में संगठन द्वारा रचनात्मक कार्य किया जाएगा। नव नियुक्त आईएमए सचिव डॉ राहुल कुमार से यह उद्गार व्यक्त किया। आईएमए की नई कार्यकारिणी के चुनाव के बाद वह मीडिया से संबोधित थे। वित्तिय वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी



के गठन के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ राजकुमार सिंह ने नेतृत्व में चुनाव कराया गया। इसमें वरिष्ठ सर्जन डॉ आरके अग्रवाल को अध्यक्ष तथा वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, शारदा नारायण हास्पिटल डॉ राहुल कुमार को सचिव के रुप में चयनित किया गया। अध्यक्ष एवं सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ आरएम मिश्रा, डॉ अमित कुमार रंजन, डॉ एचएन सिंह, डॉ आरके चौहान, डॉ पीएल गुप्ता सहित सभी आईएमए सदस्य उपस्थित रहे।

# करेंट से एक की मौत

मधुबन(मऊ)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 ककराडीह मे विद्युत पोल से लटकते नंगे तार के चपेट मे आने से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले मे पुलिस ने मृतक के भतीजे की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है । राहुल साहनी पुत्र सुबाष साहनी का आरोप है कि मेरे चाचा सुग्रीम साहनी पुत्र स्व. शिवभजन 29 सितम्बर की शाम लगभग सात बजे कटघराशंकर मोड़ से अपने घर आ रहे थे कि ज्यो ही प्रा0वि0 के पीछे पहुंचे थे की हाई टेंशन तार के चपेट मे आकर गंभीर रूप से झुलस गये । जिनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई । जिसकी जानकारी देने के लिए ग्रामीणों एवं वार्ड के सभासाद ने विद्युत विभाग के अधिकारी एस डी ओ और उन के कर्मचारी भोला को फोन किया। मगर, किसी का फोन नहीं उठा तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सब स्टेशन जा कर सूचना दिया तो दिन में विद्युत व्यवस्था बंद हुई। उसके बाद गांव के सुसील मौर्या पुत्र व्यासमुनि के कहने पर कर्मचारी अनिल कुमार ने तार के साथ छेड़छाड़ करते हुए बीना बताए लाइट चालू कर दिया। जिसके वजह से मेरे चाचा की विद्युत तार के चपेट में आने से मौत हो गई । इस मामले में पुलिस ने मृतक के भतीजे की तहरीर पर अनिल कुमार और सुशील मौर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



















# मानक के अनुरूप बजायें डीजे, नहीं तो होगी काररवाई-सीओ

चिरैयाकोट(मऊ)। स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक तहसीलदार मुहम्मदाबाद गो. हना सुधांशु शेखर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से शारदीय नवरात्रि का पर्व मनाने की अपील किया। वहीं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना जितेन्द्र सिंह ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों को धीमी आवाज में मानक के अनुरूप बजाने की हिदायत दिया एवं दुर्गा पूजा पंडाल के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था का पर्याप्त ध्यान देने के लिए आयोजकों से कहा। थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में 21 दुर्गा पूजा पंडाल बनेंगे। इस अवसर पर एसआई मनोज सिंह, कमला प्रसाद, रितेश तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

यादव, विनोद यादव, महिला उप निरीक्षक अंजलि पाण्डेय सहित आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। साथ ही रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचन्द मौर्य, मनोज दी ग्रेट, राक. ेश मद्धेशिया, महेंद्र मद्धेशिया , दुर्गा पूजा कमेटी के आकाश वर्मा, राज. ेश पाण्डेय, राम प्रताप सिंह, पिंटू सिंह, रमेश सेठ आशीष वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सफाई मित्रों के बीच पहुंचे मंत्री

मऊ। नगर पालिका परिषद मऊ के कम्युनिटी हाल परिसर में कैम्प लगाकर आम नगरवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें सरकार की कई लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। आज के इस शि. विर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग मा0 ए0के0 शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि पालिक. ाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने पालिका टीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2026, सेवा मेरा संकल्प-कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्ति अभियान शिविर और सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर की व्यवस्था को चाक व चौबन्द बनाये रखा।

## वामपंथी दलों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

मऊ। गुरूवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त वामपंथी मोर्चा के बैनर तले विभिन्न वाम दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने देशव्यापी आंदोलन के तहत एक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग से जुड़े गंभीर मुद्दों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबो. धित एक ज्ञापन जिलाधिकारी, मऊ के माध्यम से सौंपा गया। प्रदर्शन में भाकपा, माकपा, भाकपा -माले, एम सी आई (यू), ई एम के,जनवादी मंच,एन बी एस, एक्टू सीटू एटक, शामिल रहे।

## दोहरीघाट नगर पंचायत कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दोहरीघाट(मऊ)। बुधवार को नगर पंचायत दोहरीघाट कार्यालय परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सफाई मित्रों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सफाई कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार यादव बड़े बाबू सुशांत तिवारी नगर अध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल सभासदगढ़ एवं-कर्मचारी, सफाई नायक एवं सफाई मित्र मौजूद रहे। अधिक. ारियों ने सफाई मित्रों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। शि. विर के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सुरक्षित तरीके से कार्य करने का संदेश भी दिया गया।

## आशीर्वाद लेने वृद्धाश्रम पहुंचे डीएम, अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बांटे उपहार

मऊ। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन ने मोहम्मदाबाद गोहना स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत वरिष्ठजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धजनों को मिष्ठान एवं वस्त्र वितरित किए और उनके साथ आत्मीयता से संवाद करते हुए उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजन समाज और परिवार की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने वृद्धजनों को आश्वस्त किया कि वे उनके सुख-दुख में सहभागी रहेंगे तथा जब भी आवश्यकता होगी, वृद्ध आश्रम पहुंचकर उनसे मुलाक. ात करते रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने बुजुर्गों से आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना अर्चना अग्निहोत्री, तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा उपस्थित रहे।

## बड़रांव ब्लाक सभागार में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

अमिला (मऊ)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़रांव ब्लाक सभागार में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यक्रम में बुधवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में कई गर्भवती चार महिलाओं निशा, रेखा, प्रिंयंका,अंशु सिंह की विधिवत गोद भराई कराई गई, जबकि दो बच्चों पिंकी, मोनू का अन्नप्राशन कराया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास का मार्ग भी बदहाल

रतनपुरा(मऊ)। रतनपुरा-ठैंचा मार्ग , बिंदु अस्पताल मार्ग भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य के आवास को जाने वाला मार्ग भी बदहाल है।

## लड़की भगाने के मामले में एक गिरफ्तार

मधुबन(मऊ)। दीपक कन्नौजिया निवासी सरायसादी को लड़की भगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता, कांस्टेबल देवदत्त भारती, उमेश कुमार व महिला कांस्टेबल ममता यादव शामिल रही।

## १० वाहनों का चालान

मऊ। एआरटीओ की टीम ने दस वाहनों का चालान और एक को सीज किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से घरों में घुसा पानी

सूरजपुर (मऊ)। मधुबन तहसील क्षेत्र के सूरजपुर में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी फैल गया है। कई घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों को घरों में रखे सामान को सुरक्षित स्थानों पर रखना पड़ रहा है।पानी बढ़ने के कारण ग्रामीणों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है। नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के लोगों में बाढ़ को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीण लगातार नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

## बेलौली में १२ अक्तूबर से शुरू होगी रामलीला

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के बेलौली स्थित प्राचीन लक्ष्मण जी मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। रामल. ीला का शुभारंभ 12 अक्टूबर, सोमवार को होगा। इसकी जानकारी लक्ष्मण जी मंदिर के महंत बद्री दास ने दी। उन्होंने बताया कि रामलीला के तहत विभिन्न प्रसंगों का मंचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। 20 अक्टूबर, मंगलवार को विजयादशमी, 21 अक्टूबर, बुधवार को भरत मिलाप और 22 अक्टूबर, गुरुवार को राज्याभिषेक का कार्यक्रम होगा। विजयादशमी के अवसर पर 20 अक्टूबर को मेला भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## मुदब्बिरा शम्स ने आयुष में प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान

दोहरीघाट(मऊ)। कस्बा निवासी डा. शमशुज्जुहा की पुत्री मुदब्बिरा शम्स ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें लखनऊ में आयोजित समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनय जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार जायसवाल अनवारूल डा. फजल महमूद, नवल किशोर शर्मा, अशोक साहू अफजल जफरी जुबैर अहमद , पंकज मद्धेशिया समेत अन्य लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जुआ खेलते समय चार गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। हलीमाबाद निकट देशी शराब दुकान के बगीचे में गुरूवार प्रातः कुछ लोगों द्वारा ताश खेलते हुए पाए जाने पर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनील कुमार, शेषनाथ, प्रद्युम्न एवं दिलीप सोनकर निवासी हलीमाबाद एवं गालिबपुर को पकड़ा एवं तलाशी के दौरान इन लोगों के पास से 1140 रुपए नगद तथा 52 ताश पत्ती के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक वैभव कुमार पांडे कांस्टेबल मनोज शर्मा ,मोनू ,अखिलेश यादव ,नवीन रंजन सिंह ,पूछे जाने पर उप निरीक्षक वैभव कुमार पांडे ने बताया कि आए दिन इन लोगों द्वारा जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने गुरुवार को प्रातः जुआ खेलते हुए पाए जाने पर इन लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर चालान किया है।

## संचारी रोगों की रोकथाम को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता छोटू प्रसाद ने फीता काटकर अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक फैयाज अहमद, वरिष्ठ चिकित्सक डा. संतोष यादव, डा. आनंद कुमार, डा. शारिक, प्रवीण यादव समेत अस्पताल के चिकित्सक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टाउन एरिया में वृद्धों का सम्मान

घोसी(मऊ)। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बुजुर्गों का सम्मान किया। सम्मान पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी नजर आई। इसके बाद बुजुर्गों से पौधरोपण कराया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक राकेश पांडेय, लिपिक अनिल, शादाब खान, सुजीत, शैलेश सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सब रजिस्ट्रार कार्यालय में डीआईजी स्टांप ने किया औचक निरीक्षण

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।सब रजिस्ट्रार कार्यालय का गुरुवार को डीआईजी स्टांप आजमगढ़ सुरेश कुमार त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लिपिक नीतीश कुमार यादव समेत उप निबंधक कार्यालय के सहयोगी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्राद्ध कर्मके लिए कुतुप, रोहिणी मुहूर्त

## पितृपक्ष



पितृपक्ष हिंदू धर्म में पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का विशेष समय माना जाता है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक की अवधि को महालया, पितृपक्ष, श्राद्ध आदि कहते हैं। इस अवधि में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोज जैसी परंपराओं का पालन किया जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन कर्मों के माध्यम से व्यक्ति अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करता है और उनके लिए शांति एवं सद्गति की कामना करता है। पितृपक्ष के दौरान आपके अपने घरों या दूसरे घरों में देखा होगा कि श्राद्ध का ब्राह्मण भोज दोपहर के समय किया जाता है।

**श्राद्ध कर्म के लिए कुतुप मुहूर्त, रोहिणी मुहूर्त**

पितृपक्ष में श्राद्ध का समय अपराह्न काल यानी दोपहर का समय महत्वपूर्ण माना गया है। श्राद्ध कर्म के लिए कुतुप मुहूर्त, रोहिणी मुहूर्त और उसके बाद दोपहर का समय महत्वपूर्ण माना गया है. आमतौर पर यह समय लगभग 11 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 15 मिनट के बीच में होता है. शहरों के बीच यह समय थोड़ा ऊपर नीचे हो सकता है।

**दोपहर में ही क्यों होता है ब्राह्मण भोज?**

पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म के लिए दोपहर का समय विशेष माना गया है. धर्मशास्त्रीय परंपराओं में दिन के इस हिस्से को पितृ कर्म के लिए उपयुक्त बताया गया है। मान्यता है कि दोपहर के समय सूर्य आकाश में ऊंचाई पर होता है और इसी अवधि में पितरों के निमित्त किए जाने वाले श्राद्ध, तर्पण तथा पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। शास्त्रों में अलग-अलग समय को अलग-अलग कार्यों के लिए तय किया गया है। सुबह और शाम का समय देव कार्यों के लिए बताया गया है, तो दोपहर का समय पितरों के लिए माना गया है। वहीं रात के समय को नकारात्मक शक्तियों से जोड़ा गया है. इसलिए कहा जाता है कि दोपहर के समय देवी-देवताओं की पूजा अर्चना नहीं करना चाहिए क्योंकि दिन का मध्यकाल पितरों का समय माना गया है. दरअसल पितर मृत्यु लोक और देव लोक के मध्य लोक में निवास करते हैं, जो चंद्रमा के ऊपर बताया गया है. दिन का मध्य समय पितरों को समर्पित होने की वजह से इस समय श्राद्ध कर्म में ब्राह्मण भोज कराया जाता है. दूसरी वजह यह भी है कि सूर्यदेव पूर्व दिशा की ओर होता है, जो देवताओं की दिशा मानी जाती है. दोपहर के समय सूर्य आकाश मध्य भाग में होते हैं, जिससे पितरों को सूर्य के माध्यम से उनका अंश प्राप्त होता है। इसी वजह से दोपहर का समय श्राद्ध के लिए उपयुक्त माना गया है.

**कुतुप काल से क्या है संबंध?**

श्राद्ध के समय से जुड़ा एक महत्वपूर्ण शब्द कुतुप काल है, पापों का शमन करने के कारण इस बेला को 'कुतुप' नाम दिया गया है. पारंपरिक हिंदू मान्यताओं में इसे दिन के उस विशेष समय से जोड़ा जाता है, जो श्राद्ध कर्म के लिए शुभ माना जाता है और यह हिंदू पंचांग का आठवां मुहूर्त माना जाता है. सामान्यतः कुतुप काल दोपहर के आसपास आने वाला समय माना जाता है, जो आमतौर पर दोपहर 11 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक होता है, इसकी अवधि 48 मिनट की होती है. इस समय सूर्य की किरणें और ऊर्जा का प्रभाव ऐसा होता है कि अर्पित किया गया भोजन और जल सीधे पितरों तक पहुंचता है. इसी अवधि को पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और अन्य श्राद्ध कर्म करने के लिए सबसे उत्तम माना गया है.

**ब्राह्मण भोज का महत्व**

पितृपक्ष में ब्राह्मण को श्रद्धापूर्वक भोजन कराने की भी पुरानी परंपरा है. धार्मिक दृष्टि से इसे पितरों को भोजन अर्पित करने के प्रतीकात्मक माध्यम के रूप में देखा जाता है. श्राद्ध में सात्विक भोजन तैयार करके पहले पितरों को स्मरण किया जाता है और फिर ब्राह्मण को भोजन कराया जाता है. भोजन के बाद यथाशक्ति दक्षिणा और अन्य सामग्री अर्पित करने की परंपरा भी कई परिवारों में है।

## मोक्षके पवित्र द्वार



भारत की मोक्ष यात्राओं का कोई भी आख्यान मध्य प्रदेश और गुजरात की जीवनरेखा नर्मदा के उल्लेख के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। स्कंद पुराण के 'रेवा खंड' सहित कई प्राचीन भारतीय ग्रंथों में नर्मदा को 'रेवा' या 'रेवा' के नाम से संबोधित किया गया है। वायु पुराण में नर्मदा की उत्पत्ति के रहस्य को स्पष्ट करते हुए इसे 'पितरों की पुत्री' बताया गया है, जो इस नदी की आध्यात्मिक महिमा को पिंडदान के संदर्भ में सर्वाधिक प्रासंगिक बना देता है। शास्त्रीय मान्यताओं में यह स्पष्ट उल्लेख है कि रेवा (नर्मदा) के तट पर किसी भी स्थान पर किया गया श्राद्ध, पितृ तर्पण और पिंडदान मनुष्य को 'अक्षय' (कभी नष्ट न होने वाला) पुण्य प्रदान करता है। अन्य नदियों के विपरीत, नर्मदा में केवल स्नान करने से ही नहीं, बल्कि इसके दर्शन मात्र से भी पापों का नाश माना गया है. नर्मदा के तल से प्राप्त होने वाले स्वयंभू 'नर्मदेश्वर' या 'बाण लिंग' की पूजा बिना किसी प्राण-प्रतिष्ठा के की जा सकती है, जो इस नदी की अद्वितीय प्राणिक ऊर्जा का प्रमाण है. पितृ पक्ष के दौरान अमरकंटक से लेकर भरूच तक फैले रेवा के विस्तृत तटों पर पिंडदान करने से पूर्वज तृप्त होते हैं और आत्मा को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलती है।

# पढ़नेसे सचमें खुल जाता है दिमाग

वो कहावत को आपने भी सुनी होगी, 'पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब' मम्मी-पापा या बड़े लोग अक्सर बच्चों को पढ़ाई की अहमियत समझाते नजर आते हैं। क्योंकि पढ़ने से हमारा दिमाग खुल जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा सच में भी होता है। अलग-अलग भाषाएं हमारे दिमाग के अलग-अलग हिस्सों को सक्रिय करती हैं। इसके पीछे गहरा विज्ञान है। वैज्ञानिकों ने लंबे रिसर्च के बाद जाना कि जैसे आंखों से देखना या आवाज निकालने के सर्किट हमारे दिमाग में नॉर्मल हैं, हम इसके साथ ही पैदा होते हैं, लेकिन पढ़ना, मानव मस्तिष्क के लिए कोई सामान्य क्षमता नहीं है, जो हमें जन्मजात मिलती है, तो आखिर पढ़ने से हमारे दिमाग में ऐसा क्या होता है कि पढ़ने से दिमाग तेज होता है? ये पूरा विज्ञान काफी मजेदार है। वैज्ञानिक बताते हैं, जैसे-जैसे विकास हुआ, मानव मस्तिष्क और शरीर कई चीजों के लिए तैयार हुआ। दिमाग ने कई चीजों के लिए सर्किट तैयार किए हैं। पर हमारे दिमाग के पास पढ़ने के लिए अलग सर्किट बनाने का समय नहीं रहा। इसलिए पढ़ने का नेटवर्क बनाने के लिए हम दिमाग के उन हिस्सों को इस्तेमाल करते हैं जो देखने, सुनने, भाषा, ध्यान और भावनाओं से जुड़े होते हैं। यानी पढ़ते समय ये सारे सर्किट काम में आते हैं. अलग-अलग भाषाएं हमारे दिमाग के अलग-अलग हिस्सों को सक्रिय करती हैं। वैज्ञानिक अब जानते हैं कि पढ़ने से दिमाग सक्रिय होता है, जिससे अक्षर और शब्द ध्वनियों और अर्थों से जुड़ जाते हैं। पढ़ना असल में पूरे दिमाग की प्रक्रिया है। इसमें कॉर्टेक्स के सभी चार लोब सक्रिय होते हैं। पढ़ने वाला दिमाग विकसित होने से, दिमाग की गतिविधि, संरचना और कनेक्टिविटी सब बदल जाता है. ये भी अहम है कि जो भाषा हम पढ़ते हैं, वह भी दिमाग को आकार देती है. जैसे चीनी अक्षर लॉगोग्राफिक सिस्टम हैं। हर वस्तु या विचार को अक्षरों के समूह की बजाय एक प्रतीक से दिखाया जाता है। शोध बताते हैं कि लॉगोग्राफिक लेखन प्रणाली सीखने से दिमाग के अलग हिस्से सक्रिय होते हैं, जबकि वर्णमाला-आधारित भाषा जैसी हिंदी या अंग्रेजी सीखने से अलग हिस्से. इसमें दृश्य स्मृति और दृश्य जुड़ाव वाले हिस्से ज्यादा काम करते हैं। यानी आप कौनसी भाषा सीख रहे हैं, वो भी आपके दिमाग के अलग-अलग हिस्से खोलती है। चाहे कोई भी भाषा हो, पढ़ना सिर्फ दिमाग को प्रभावित नहीं करता, बल्कि शारीरिक स्तर पर भी असर डालता है। पढ़ते वक्त हम किसी किरदार की घबराहट या दर्द को अपने अंदर महसूस कर सकते हैं और से सिर्फ भावुक होने से नहीं जुड़ा है। असल में, एंटीरियर इंसुला नाम का हिस्सा, जो पेट की हलचल, मतली, दर्द और असुविधा की भावनाओं के लिए जिम्मेदार है, कई सहानुभूति प्रक्रियाओं से भी जुड़ा होता है. गट-माइंड कनेक्शन के चलते ये भी प्रभावित होता है।



## भारत का करोड़पति बंदर, मौत के बाद मंदिर में लगी मूर्ति!




आपने बहुत से बंदरों के बारे में सुना होगा। बंदरों को अक्सर पेड़ों पर उछलते-कूदते या लोगों के आसपास घूमते देखा जाता है लेकिन आज हम आपको एक ऐसे बंदर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी जिंदगी किसी आम बंदर से बिल्कुल अलग थी। यह बंदर सिर्फ एक परिवार का प्यारा सदस्य ही नहीं था, बल्कि उसके नाम करोड़ों की संपत्ति भी थी। जी हां, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक कपल ने इस बंदर को अपने बेटे की तरह पाला और बाद में अपनी पूरी संपत्ति उसके नाम करने की वसीयत तक तैयार कर दी। इतना ही नहीं इसके मरने के बाद मंदिर में इसकी मूर्ति भी लगवाई गई। हम जिस बंदर के बारे में बताने जा रहे है उसका नाम था 'चुनमुन'. दरअसल, यूपी के रायबरेली के रहने वाले राजेश श्रीवास्तव हिंदू थे, जबकि शबिस्ता मुस्लिम थीं। दोनों ने धर्म की दीवारें तोड़कर शादी की, लेकिन इसके बाद समाज और उनके अपने परिवारों ने उन्हें अपनाने से इनकार कर दिया। सामाजिक बहिष्कार के चलते यह कपल कई सालों तक अकेलेपन का सामना करता रहा। इसी तन्हाई को दूर करने के लिए साल 2005 में उनकी जिंदगी में 'चुनमुन' की एंट्री हुई। 500 रुपये में घर आया था चुनमुन बताया जाता है कि चुनमुन को 500 रुपये में खरीदा था। उसकी मां की बिजली का झटका लगने से मौत हो चुकी थी। मां के बिना वह छोटा बंदर अकेला था। कपल ने उसे अपने पास रख लिया और धीरे-धीरे उससे उनका लगाव बढ़ता चला गया। राजेश और शबिस्ता ने चुनमुन को कभी सिर्फ पालतू जानवर की तरह नहीं देखा। दोनों उसे अपने बेटे की तरह पालने ल। उसकी हर जरूरत का ख्याल रखा जाता था और घर में उसके लिए अलग इंतजाम किए गए थे।

# ८५० रुपये किलो नींबू, ६८० का टमाटर, खीरा भी 300 का



नॉर्वे के एक सुपरमार्केट में सब्जियों के दाम सुनकर लोग हैरान हैं। एक भारतीय शख्स नींबू, टमाटर और खीरे की कीमत बताता है. इन दामों की भारत से तुलना भी की गई है. लेकिन सब्जियों की कीमत से शुरू हुई यह चर्चा अब किसानों की कमाई और उन्हें मिलने वाले दाम तक पहुंच गई है। आखिर नॉर्वे में रोजमर्रा की सब्जियां इतनी महंगी क्यों हैं और भारत से कितना है अंतर नॉर्वे की खूबसूरत जगहें और वहां की लाइफस्टाइल लोगों को काफी पसंद आती है। विदेश में रहने वाले कई भारतीय वहां की जिंदगी से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं लेकिन इस बार नॉर्वे का एक वीडियो अपनी खूबसूरती नहीं, बल्कि सब्जियों की कीमतों की वजह से वायरल हो रहा है। सुपरमार्केट में मिलने वाली रोजाना इस्तेमाल की सब्जियों के दाम उन्हें भारतीय रुपये में बताता है। इन कीमतों को देखकर भारत और नॉर्वे में सब्जियों के दाम का बड़ा फर्क साफ नजर आता है. नॉर्वे में ऑर्गेनिक नींबू करीब 850 रुपये किलो है। लाल टमाटर की कीमत करीब 680 रुपये किलो है। वहीं, एक खीरा करीब 300 रुपये का मिल रहा है. अब भारत की कीमतों पर नजर डालें. यहां बड़े शहरों में नींबू करीब 90 से 110 रुपये किलो मिल जाता है. टमाटर की कीमत करीब 60 से 80 रुपये किलो रहती है।

## वैदिक झोपड़ी

महानगरों की लाइफस्टाइल थका देती है. 5-6 दिन मशीन की तरह काम करने के बाद वीकेंड पर आराम के लिए शांत-एकांत प्रकृति के करीब जाने का मौका मिल जाए तो शरीर तरोताजा हो जाता है। खेत-खलिहान के बीच सात्विक भोजन मिल जाए तो ऐसी ताजगी मिलती है जो महीनों याद रहती है। अगर कोई ऐसी जगह मिल जाए जहां पूरा शरीर डिटॉक्स हो जाए, तनाव दूर भाग जाए तो फिर क्या कहना. राजस्थान के झुंझुनूं जिले में अनोखी वैदिक झोपड़ी बनी हुई है। यह झोपड़ी प्रकृति के करीब है। यहां पर प्राकृतिक विधियों से बीमारियों को भी दूर किया जाता है. देश-विदेश से लोग यहां पर भारतीय अनुभव पाने के लिए आते हैं.राजस्थान के झुंझुनूं जिले में ऐतिहासिक गांव मंडावा है। मंडावा में ही पीके-बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों की शूटिंग हुई है। मंडावा में बड़ी-बड़ी हवेलियां हैं जिन्हें फिल्मों में दिखाया जाता है। मंडावा के पास गोविंदपुरा गांव है। यह गांव भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दरअसल, इस गांव में वैदिक झोपड़ियां बनी हुई है। यह इलाका शेखावटी कहलाता है। वैदिक झोपड़ी में नेचुरोपैथी से इलाज भी किया जाता है। यहां शुद्ध और सात्विक राजस्थानी भोजन परोसा जाता है। राजस्थानी संस्कृति, लोक संगीत और हस्तकला से परिचय कराया जाता है. प्रकृति के बीच ये वैदिक झोपड़ियां बनाई गई हैं। कॉटेज किराए पर भी मिलती हैं। ग्रामीण परिवेश के हिसाब से ये कॉटेज तैयार की गई हैं।

# 30 हजार फीटपर मौतसे जंग- कैप्टन स्मितने हवामें बचाई १८० लोगों की जान



स्मित माच्छर इस वक्त दुनिया के लिए हीरो बन गए हैं। बुधवार यानी 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान के दौरान कॉकपिट में साथी पायलट के हमले के बाद वह बुरी तरह घायल हो गए। बावजूद इसके उन्होंने उड़ान संभालने की कोशिश की और 150 से अधिक यात्रियों की जान बचा दी। अभी तक की रिपोर्ट के मुताबिक साथी पायलट खुद विमान हाईजैक करने की कोशिश में थे। उससे विमान को बचाने की कोशिश में ही वह घायल हुए। अब उनकी बहादुरी की चर्चा भारत से लेकर दुनिया तक हो रही है लेकिन करीब 40 साल पीछे चलें तो एक और भारतीय नाम सामने आता है। वह नाम है नीरजा भनोट वह सिर्फ यात्रियों को बचाते-बचाते शहीद ही नहीं हुई थीं, बल्कि उनकी कहानी आज भी विमान में मौजूद किसी भी आपात स्थिति में साहस की मिसाल मानी जाती है। दोनों की घटनाएं एक जैसी नहीं थीं। नीरजा भनोट का सामना आतंकियों से हुआ था, जबकि स्मित माच्छर के मामले में उड़ते विमान के कॉकपिट में ही हिंसक हमला हुआ। नीरजा की जान चली गई, जबकि स्मित माच्छर घायल होने के बाद बच गए. लेकिन दोनों मामलों में एक चीज कॉमन रही। वह यह कि कुछ ही सेकंड में लिए गए फैसले सैकड़ों यात्रियों की जिंदगी तय कर सकते थे। 5 सितंबर 1986 को पैनएम की फ्लाइट 73 मुंबई से फ्रैंकफर्ट होते हुए न्यूयॉर्क जा रही थी। विमान कराची में रुका था। बोइंग 747 में यात्रियों और चालक दल समेत 379 लोग सवार थे। इनमें 193 भारतीय थे। इसी दौरान चार हथियारबंद आतंकी एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों के भेष में विमान में दाखिल हुए और उन्होंने विमान पर कब्जा कर लिया। ये आतंकी अबू निदाल संगठन से जुड़े थे। इसके बाद करीब 17 घंटे तक हाईजैक संकट बना रहा। विमान में सीनियर फ्लाइट पर्सर थीं नीरजा भनोट। उन्हें जैसे ही हाईजैक का पता चला, उन्होंने कॉकपिट में मौजूद पायलटों को खतरे का संकेत दिया। पायलट, को-पायलट और फ्लाइट इंजीनियर आपात रास्ते से विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहे। विमान उड़ने की स्थिति में नहीं रहा। लेकिन अंदर मौजूद यात्रियों की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी केबिन क्रू पर आ गई। हाईजैकर्स यात्रियों के पासपोर्ट मांग रहे थे। उनका मकसद खास तौर पर अमेरिकी नागरिकों की पहचान करना था। नीरजा और उनके साथियों ने कई अमेरिकी यात्रियों के पासपोर्ट छिपा दिए। इससे आतंकियों के लिए अमेरिकी यात्रियों को अलग करना मुश्किल हो गया। घंटों तक नीरजा और बाकी क्रू यात्रियों को शांत रखने की कोशिश करते रहे। बाहर सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच बातचीत चल रही थी, लेकिन फिर हालात अचानक बिगड़ गए। आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने विमान में कार्रवाई की और यात्री बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। नीरजा यात्रियों को आपात निकास की ओर ले जा रही थीं। इसी दौरान उन्हें गोली लग गई। रिपोर्टों के मुताबिक वह घायल होने के बावजूद यात्रियों की मदद करती रहीं। बच्चों को बचाने की कोशिश के दौरान भी उन्होंने पीछे हटने के बजाय यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश जारी रखी। बाद में बुरी तरह घायल नीरजा की मौत हो गई । 30 सितंबर को एविएशन इंडस्ट्री में एक बार फिर एक भारतीय की हिम्मत की चर्चा हो रही है। फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड 1073 दुबई से इजरायल की राजधानी तेल अवीव जा रही थी। विमान में 174 लोग सवार थे। इसे भारतीय मूल के कप्तान स्मित माच्छर उड़ा रहे थे। उड़ान के दौरान कॉकपिट में उनके ओमानी को-पायलट ने कथित तौर पर उनपर हमला कर दिया और उन्हें चाकू मार दिया। हमले के दौरान विमान तेजी से नीचे जाने लगा। फ्लाइट-ट्रैकिंग आंकड़ों के हवाले से बताया गया कि विमान करीब 30,875 फीट से 16,750 फीट तक सिर्फ 29 सेकंड में नीचे आ गया। यानी कुछ ही सेकंड में विमान करीब 14 हजार फीट नीचे आ गया। ऐसी स्थिति में विमान को संभालने के लिए पायलट के पास बेहद कम समय था। स्मित माच्छर हमले में घायल हो चुके थे। इसके बावजूद उन्होंने विमान को संभालने की कोशिश जारी रखी। वह कॉकपिट का दरवाजा खोलने में कामयाब रहे। इसके बाद यात्री और चालक दल के कुछ सदस्य कॉकपिट में पहुंचे और हमलावर को काबू करने में मदद की। विमान को सऊदी अरब के ताबुक की ओर मोड़ दिया गया। वहां उतरने के बाद स्मित माच्छर को अस्पताल ले जाया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। रिपोर्टों के मुताबिक विमान के तेजी से नीचे आने के दौरान उसके रडर को भी काफी नुकसान पहुंचा।




खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक

अर्शवेदा कैप्सूल

सुविचार

जो लोग हर दिन अपने सपनों के लिए मेहनत करते हैं, वही असल में जीते हैं।

• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार

Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart



## अपनी जिंदगी

### प्रेम, विश्वास और पूर्णता की ओर यात्रा

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

अक्सर प्रेम को दो व्यक्तियों के बीच का संबंध समझा जाता है। यदि आप जिससे प्रेम करते हैं, उसके साथ एकात्मता का अनुभव नहीं करते, तो कालांतर में संदेह उत्पन्न होता है। संदेह के कारण आप बिना शर्त प्रेम करने और उसमें विलीन होने में असमर्थ हो जाते हैं। अतः प्रेम में विश्वास अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक स्थिति और भाव, जो प्रेम का विरोध करते प्रतीत होते हैं, उनके प्रति उदासीन रहें। कभी-कभी ऐसी घटनाएँ घटित हो सकती हैं, जो प्रेम के विरुद्ध हों। जिनसे प्रतीत होता है कि ईश्वर हमसे प्रेम नहीं करते। उन घटनाओं के प्रति उदासीन रहें; अन्यथा प्रेम, घृणा, क्रोध, ईर्ष्या और निराशा जैसे विपरीत तथा नकारात्मक भावों में उलझना अत्यंत सरल हो जाता है। यदि आप प्रेम में केंद्रित रहना चाहते हैं, तो आपको उन सभी बातों को छोड़ना होगा जो प्रेम का विरोध करती प्रतीत होती हैं; अन्यथा आप विरोधों के चक्र में फँस जाएँगे। तब आप कभी मुक्त नहीं हो पाएँगे और उस पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकेंगे। इस संसार में आपके जन्म का उद्देश्य पूर्णता को प्राप्त करना है।

**मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है-अनन्याश् चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते अर्थात् मैं उनके लिए हूँ, जो एकाग्रचित्त होकर अन्य किसी सहारे की तलाश नहीं करते। मैं उनके लिए आधार बन जाता हूँ, जो बैसाखियों की खोज नहीं करते।**

पूर्णता केवल कार्य या वचन में नहीं होती, अपितु अस्तित्व में होती है। केवल अस्तित्व की पूर्णता ही वचन और क्रिया में पूर्णता ला सकती है। अस्तित्व में पूर्ण होने के लिए, आपको प्रेम में डुबना होगा। अक्सर मनुष्य अनेक सहारों पर निर्भर रहता है। उदाहरण के लिए, यदि आप आध्यात्मिक मार्ग पर हैं, तो कभी-कभी आप किसी ज्योतिषी के पास जाकर पूछते हैं-क्या मैं प्रगति करूँगा? क्या होगा? इस प्रकार आप एक और सहारा खोज रहे होते हैं। किंतु परम की प्राप्ति के लिए अंततः सभी सहारों को छोड़ देना आवश्यक है। मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है-अनन्याश् चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते अर्थात् मैं उनके लिए हूँ, जो एकाग्रचित्त होकर अन्य किसी सहारे की तलाश नहीं करते। मैं उनके लिए आधार बन जाता हूँ, जो बैसाखियों की खोज नहीं करते।

# 'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आयेंगी सोनाक्षी सिन्हा

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण' में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फस्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है, फिल्म 'तू है मेरी किरण' का फर्स्ट लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फिल्म की ट्रोलिंग शुरू हो गई। यूजर्स ने फिल्म को लेकर अलग-अलग तरह के कमेंट्स किये। एक यूजर ने लिखा, सुपर फ्लॉप होगी मेरे शब्द याद रखना। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, क्या सच में आपके लगता है कि इस तरह की फिल्म कोई देखेगा। वहीं अन्य यूजर ने कमेंट कर लिखा, ईडी को इसकी जांच करना चाहिए, कोई किसी ऐसी फिल्म पर पैसा क्यों लगाएगा जिसका फ्लॉप होना तय है। यह पहली बार नहीं है जब सोनाक्षी सिन्हा और जहीर किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हों। इससे पहले 2022 में रिलीज हुई फिल्म डबल एक्स एल में भी दोनों ने साथ अभिनय किया था। । फिल्म का निर्देशन सतराम रमानी ने किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। सोनाक्षी और जहीर पहली बार सलमान खान की एक पार्टी में मिले थे। दोनों ने लगभग 7 साल तक एक-दूसरे को डेट किया और अपने रिश्ते को मीडिया से छुपा कर रखा। साल 2022 में दोनों ने फिल्म डबल एक्सएल में एक साथ काम भी किया था। आखिरकार, जून 2024 में दोनों ने मुंबई में सोनाक्षी के घर पर स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज कर ली थी।

